* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

10 सितंबर, 2022
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 07, अंक 321

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


नूपुर शर्मा को सुप्रीम कोर्ट से राहत : गिरफ्तारी की मांग वाली याचिका पर विचार करने से इनकार, पिटिशनर से कहा- इसे वापस लो



# राज्यपाल निर्वाचन आयोग के पत्र को सार्वजनिक करें: झामुमो

## सुप्रियो ने कहा : अच्छा-बुरा, काला-उजला जो भी हो बतायें

आजाद सिपाही संवाददादा



**रांची।** झारखड में सियासी हलचल जारी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सदस्यता को लेकर असमंजस की स्थिति बरकरार है। सभी राजनीतिक दलों के साथ-साथ आम लोगों की नजर राजभवन पर टिकी हुई है। यूपीए इस मामले में जल्द पटाक्षेप चाहता है। इसी संदर्भ में झामुमो ने एक बार फिर राज्यपाल से मुख्यमंत्री के ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में चुनाव आयोग की सिफारिश को सार्वजनिक करने का आग्रह किया है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि झारखंड के स्वास्थ्य के लिए राज्यपाल चुप्पी तोड़ें। उन्होंने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राज्यपाल राज्य में बरकरार भ्रम की स्थिति दूर करें।

**राज्यपाल ने एक-दो दिन का दिया था आश्वासन :** सुप्रियो ने कहा कि राज्यपाल रमेश बैस 6 दिन के लंबे दिल्ली प्रवास से लौटे हैं। मैं उनका स्वागत करता हूं। साथ ही जानकारी मिली है कि राज्यपाल ने अपने स्वास्थ्य का चेकअप भी कराया है। वह स्वस्थ रहें, इसकी भी कामना करता हूं। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड का स्वास्थ्य भी लोकतांत्रिक तरीके से सुधरे, इसका भी प्रयास होना चाहिए। ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में भारत निर्वाचन आयोग की सिफारिश को लेकर 01 सितंबर को राजभवन जाकर असमंजस दूर करने की गुहार लगायी थी। इस दौरान राज्यपाल ने उस समय दो दिन में अपने मंतव्य से निर्वाचन आयोग को अवगत कराने का भरोसा दिलाया था, परंतु दूसरे दिन दिल्ली चले गये।

**अच्छा-बुरा, काला-उजला जो हो, वह हो सार्वजनिक :** सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राज्यपाल के आश्वासन का आज सातवां दिन है। लेकिन अभी तक बातें स्पष्ट नहीं हो पायी हैं कि निर्वाचन आयोग के लिफाफे में क्या है। उन्होंने कहा कि हमने सदन में अपनी ताकत दिखा दी और विपक्ष वॉक आउट कर गया। लेकिन राज्यपाल रमेश बैस के चुनाव आयोग की सिफारिश और अपना मंतव्य न रखने से राज्य में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने मांग की कि अच्छा-बुरा, काला उजला जो भी निर्वाचन आयोग के पत्र में है, वह सार्वजनिक किया जाये।

## झामुमो के आरोप पर झामुमो सुप्रीमो सुदेश महतो ने साधा निशाना



रांची (आजाद सिपाही)। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले पर झामुमो पर निशाना साधा। सुदेश महतो ने कहा कि क्या किसी दल ने कहा था कि अपने हाथों से माइंस का लीज ले लीजिए। उन्होंने कहा कि बार-बार झामुमो की ओर से विपक्ष पर आरोप लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसमें विपक्ष की भूमिका क्या है। खुद हेमंत ने खदान की लीज अपने और अपने परिवार के सदस्यों के नाम ली है। श्री महतो ने कहा कि जिस कठघरे में आप खुद खड़े हैं, इसे किसी दूसरे पर थोपने से तो नहीं चलेगा। विपक्ष पर आरोप मढ़ कर अपने समर्थकों को संतुष्ट कर सकते हैं। इस पर राजनीति कर सकते हैं, लेकिन इन झूठे तर्कों से राज्य नहीं चलेगा। कौन सच्चा कौन झूठा है इसके लिए विधान बना हुआ है, संविधान बना हुआ है। इसके दायरे में ही सभी को रहना है। और इसी से राज्य चलता है। श्री महतो ने कहा कि झामुमो ने चुनाव के समय बहुत सारी घोषणाएं की थीं, मगर क्या हुआ। उन्होंने सदन में सरकार के वादों को भी गिनाया। सुदेश महतो ने कहा कि महिला आयोग खाली है, जेपीएससी के चेयरमैन नहीं हैं। सरकार ने यह भी घोषणा की थी कि हर रिक्ति पर पचास फीसदी महिलाओं का आरक्षण होगा, क्या हुआ। 1932 खतियान और ओबीसी आरक्षण झामुमो के चुनावी घोषणा पत्र में था। चुनाव में लोक लुभावन वादा करके सत्ता में आ गयी, लेकिन अब अपने वादे भूल गयी।

# पति की कब्र के बगल में दफनायी जायेंगी क्वीन

## ब्रिटेन में 12 और भारत में एक दिन शोक

एजेंसी



**लंदन।** ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ का निधन हो गया है। उन्होंने 6 फरवरी 1952 को ब्रिटेन का शासन संभाला था। 8 सितंबर को उनके निधन के बाद प्रोटोकॉल के मुताबिक अंतिम संस्कार की तैयारियां की जा रही हैं। क्वीन एलिजाबेथ का अंतिम संस्कार शाही परंपरा के मुताबिक, 10वें दिन यानी 19 सितंबर को किया जायेगा। अंतिम संस्कार से जुड़ी परंपराएं 12 दिन तक चलेंगी। भारत सरकार ने भी क्वीन के निधन पर एक दिन 11 सितंबर को शोक की घोषणा की है।

स्कॉटलैंड के बाल्मोरल कैसल से उनका पार्थिव शरीर लंदन लाया जायेगा। यहां वेस्टमिंस्टर ऐबे में उनका अंतिम संस्कार होगा। महारानी को पति प्रिंस फिलिप के बाजू में दफनाया जायेगा। अंतिम संस्कार से जुड़ी परंपराओं के तहत दिवंगत महारानी को शुक्रवार को शाही गन सैल्यूट दिया गया। क्वीन 96 साल की थीं, इसलिए उन्हें हर साल के हिसाब से 96 राउंड की फायरिंग के साथ गन सैल्यूट दिया गया। क्वीन एलिजाबेथ का पार्थिव शरीर स्कॉटलैंड के बाल्मोरल कैसल से लंदन के बकिंघम पैलेस पहुंचेगा। वहां से इसे वेस्टमिंस्टर हॉल लाया जायेगा। इस दौरान मिलिट्री परेड होगी। शाही परिवार के सदस्य भी इस सफर में शामिल रहेंगे।

## भाजपा ने जारी की 14 राज्यों के प्रभारियों की सूची

# सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी बने झारखंड प्रभारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रभारी और सह प्रभारियों की घोषणा की। विनोद तावड़े और हरीश द्विवेदी को बिहार, ओम माथुर और नितिन नवीन को छत्तीसगढ़, विप्लव कुमार देव को हरियाणा, लक्ष्मीकांत वाजपेयी को झारखंड, पी मुरलीधर राव, पंकजा मुंडे और राम शंकर कठेरिया को मध्यप्रदेश, विजय रूपाणी और नरिंदर सिंह रैना पंजाब, विजय रूपाणी को चंडीगढ़, अरुण सिंह और विजया रहाटकर को राजस्थान का प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही संबित पात्रा और ऋतुराज सिन्हा को नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों का कोआर्डिनेटर और जॉइंट कोआर्डिनेटर बनाया गया है।

# संजय कुमार मिश्र, जिन्होंने इडी को दी नयी ताकत



**आखिर कौन हैं संजय कुमार मिश्रा? जिनके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसी की नहीं सुनी। जिनके लिए सरकार ने एक्ट में बदलाव किया। जिसने अकेले ही भारत में वामपंथी पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उनके काम के तरीके के कायल हैं। संजय कुमार मिश्रा और इडी के संबध पर 'आजाद सिपाही' की खास रिपोर्ट।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संजय कुमार मिश्रा वर्तमान में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के निदेशक हैं। वह उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखते हैं। संजय कुमार मिश्रा 1984 में आइआरएस में चयनित हुए थे। उस समय के सबसे कम उम्र के आइआरएस अधिकारी थे। उन्होंने अपना अधिकांश करियर आयकर विभाग में बिताया। वह अपने तेज दिमाग, ईमानदारी और कड़ी मेहनत के लिए मशहूर थे। संजय कुमार मिश्रा जानते थे कि भारत के विकास में सबसे बड़ी बाधा भारत विरोधी ताकतों, विदेशी वित्त पोषित गैर सरकारी संगठनों, भ्रष्ट भारतीय राजनेताओं और उनका ईंधन काला धन है। वे मनी लॉन्ड्रिंग के लिए एनजीओ, कॉरपोरेट्स, शेल कंपनियों का इस्तेमाल करते हैं। उस पैसे का इस्तेमाल राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए किया जाता है। 2014 में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने, तो उन्होंने भ्रष्ट भारत के विकास को रोकने के लिए नये भारत के निर्माण पर काम करना शुरू कर दिया। अगर आपको नरेंद्र मोदी और राजनाथ सिंह के पहले 2-3 साल याद हैं, तो एनजीओ, शेल कंपनियों पर भारी कार्रवाई हुई, लेकिन बाद में एहसास हुआ कि सांठगांठ बहुत बड़ी है। उन्हें इन वित्तीय अपराधों से निपटने के लिए समान रूप से सक्षम टीम बनानी होगी। तभी संजय कुमार मिश्रा आते हैं। मोदी उनसे बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने संजय कुमार मिश्रा को अपना दृष्टिकोण बताया और उन्हें 2018 में इडी का नेतृत्व करने के लिए कहा। उन्हें पहली बार इडी के प्रधान सचिव और 19 नवंबर, 2018 को इडी के पूर्णकालिक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया। उस समय इडी के बारे में बहुत कम लोग जानते थे। इडी मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामलों की जांच करता है।

मनी लॉन्ड्रिंग क्या है? इसे सरल भाषा में समझते हैं। यह विदेशी निर्देश पर स्थानीय रूप से पैसे का आदान-प्रदान करने के लिए एक सरल शब्द है। जैसे मैं भारत में एक दोस्त से आपको 100 रुपये देने के लिए कहता हूं और बदले में मैं यूएस में दोस्त रिश्तेदार को 1 डॉलर का भुगतान करता हूं। मनी लॉन्ड्रिंग, काले धन को वैध धन बनाने का एक रास्ता भी है।

**मोदी का पुरानी वीडियो बहुत कुछ कह रहा :** मैं मोदी का पुराना वीडियो सर्च कर रहा था, जिसमें उन्होंने कहा था, 'जितने भी लोगों को भरती करना पड़े, मैं करूंगा, पर 70 सालों में जितना भी देश को लूटा, मैं सबका पता लगा लूंगा।' एसके मिश्रा ने इडी का निर्माण शुरू किया। उनसे पहले मुश्किल से 23 वरिष्ठ अधिकारी थे, अब 100 से अधिक वरिष्ठ अधिकारी हैं। इडी के कार्यालय पूरे भारत में हैं। इडी के पास असीमित शक्ति है। वे कहीं भी कार्रवाई कर सकते हैं। किसी को भी गिरफ्तार कर सकते हैं। इन शक्तियों का उपयोग करके एसके मिश्रा ने भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसने की कार्रवाई शुरू की।

### मोदी अप्रत्याशित हैं

किसी ने यह नहीं सोचा था कि सरकार भ्रष्टाचार पर इस तरह की कार्रवाई करेगी। क्योंकि भ्रष्टाचार भारत में सामान्य मानदंड बन गया था। इडी ने लोगों को गिरफ्तार करना शुरू किया। चिदंबरम, कार्ति चिदंबरम, चंद्र कोचर समेत कई नेता इडी के रडार पर आ गये। एस के मिश्रा की सेवानिवृत्ति मार्च 2020 को होनी थी। **(शेष पेज 10 पर)**

# हाइकोर्ट के रिटायर्ड जज अमिताभ कुमार गुप्ता बने झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के नये चेयरमैन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के सेवानिवृत्त जज अमिताभ कुमार गुप्ता झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के नये अध्यक्ष होंगे। इनकी नियुक्ति को लेकर ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव अविनाश कुमार ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया। इनकी नियुक्ति अगले पांच वर्ष तक के लिए की गयी है। पिछले वर्ष जून से निवर्तमान चेयरमैन अरविंद प्रसाद के इस्तीफे के बाद से यह पद रिक्त था। अब आयोग फुल बेंच में आ गया। इससे पूर्व सरकार ने आयोग में दो सदस्यों की नियुक्ति की थी। पिछले वर्ष फरवरी से ही आयोग पूरी तरह से डिफंक्ट था। अब चेयरमैन की नियुक्ति के बाद आयोग का कोरम पूरा हो गया।





SURJABASHA






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 47,700 रु./10 ग्राम
चांदी 56,500 रु./प्रति किलो



# देख तमाशा दिल्ली का

# मन, मस्तिष्क और दिल नहीं खा रहे मेल

## सभी अपने को सुपीरियर मान ढोल पीट रहे हैं

**आजाद सिपाही विशेष**

मैं ईश्वर की शपथ लेता हूं कि... मैं संघ के प्रधानमंत्री के रूप में अपने कर्तव्यों का श्रद्धापूर्वक और शुद्ध अंत:करण से निर्वहन करूंगा... यह शपथ विपक्ष का लगभग हर बड़ा नेता सपने में जरूर गुनगुनाता होगा। शीशे के सामने अकेले में प्रैक्टिस भी करता होगा। क्योंकि यही शपथ देश के सत्ता शीर्ष की कुर्सी प्रदान करती है। 130 करोड़ भारतियों का प्रतिनिधित्व करने की असीम ताकत देती है। लेकिन इस तख्त को पाने की लालसा जिस प्रकार से विपक्ष के बड़े नेताओं में हिलोरे मार रही है, उससे तो यही लग रहा है कि दिल्ली का तख्त हासिल करना सिर्फ अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा को संतुस्ट करना है। इस रेस में अपनी पल्टी के लिए मशहूर नीतीश कुमार दिन रात एक किये हुए हैं। प्रदेश में दिखा देश में दिखेगा, की आस संजोये नीतीश दिल्ली की परिक्रमा कर रहे हैं। वहीं के चंद्रशेखर राव तेलंगाना छोड़ दिल्ली, बिहार में ज्यादा सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। वह खुद को स्वघोषित पीएम पद का दावेदार मान बैठे हैं। वहीं ममता बनर्जी कुछ दिनों के बाद फिर से इस मैदान में कूद चुकी हैं और वह हेमंत सोरेन, अखिलेश यादव, नीतीश कुमार जैसे हिंदी पट्टी के नेताओं को साधने में जुट गयी हैं। इन सबके इतर प्रधानमंत्री का सपना बचपन से पाले राहुल गांधी कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा पर निकल चुके हैं। ऐसी ही एक पदयात्रा युवा तुर्क के नाम से मशहूर देश के पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने की थी। चंद्रशेखर की यात्रा कन्याकुमारी से लेकर दिल्ली के राजघाट पर खत्म हुई। इस यात्रा के छह साल बाद चंद्रशेखर प्रधानमंत्री बने थे। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा राहुल गांधी का रीलॉन्चिंग पैड है, इसमें कोई दो राय नहीं है। लेकिन यह एक अच्छा कदम है। राहुल की पॉलिटिक्स ट्विटर के बजाय अब सड़क पर दिखेगी। वहीं अखिलेश यादव अभी भी ट्विटर-ट्विटर खेल रहे हैं। इन सबके इतर एक शख्स और है, जिसकी राजनीतिक महत्वाकांक्षा प्रबलता के शिखर पर है। और वह हैं अरविंद केजरीवाल। वह एक बार जो कमिटमेंट कर देते हैं, फिर वह अपनी भी नहीं सुनते। इतनी प्रबल राजनीतिक महत्वाकांक्षा वाले नेता कैसे विपक्षी एकता की ईंट सजायेंगे। बालू की भीत पर एकता की कितनी शानदार बिल्डिंग बनेगी, विषम समस्याओं से जूझ रहे राज्य को अपने हाल पर छोड़ कर क्यों सैर सपाटे पर निकले हैं नेता, इस पर से पर्दा उठा रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी बीजेपी की घेराबंदी अभी से विपक्ष ने शुरू कर दी है। जदयू नेता और बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने दिल्ली आकर विपक्षी दलों को एकजुट करने के लिए कांग्रेस राहुल गांधी समेत करीब 10 दलों के नेताओं से मुलाकात की। उन्होंने यह भी कहा कि यह प्रयास हम लगातार जारी रखेंगे। उसके बाद गुरुवार को टीएमसी चीफ और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 में हम खेला खेलेंगे, जो बंगाल से शुरू होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन, अखिलेश यादव, नीतीश कुमार, मैं और अन्य दोस्त तब एकजुट होंगे। फिर वे (बीजेपी) सरकार कैसे बनायेंगे? देश में बीजेपी सरकार की कोई जरूरत नहीं है।

### प्रदेश में दिखा है, देश में दिखेगा की आस संजोये नीतीश कर रहे दिल्ली की परिक्रमा

यूं तो नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री हैं, लेकिन आजकल उनका मन बिहार में कम दिल्ली में ज्यादा रम रहा है। जिस प्रकार से नीतीश कुमार दिल्ली तख्त हासिल करने के लिए दिल्ली की परिक्रमा लगा रहे हैं, उससे तो यही लगता है कि नीतीश की राजनीतिक महत्वाकांक्षा चरम पर है। उन्होंने बिहार को ऑटो पायलट मोड पर छोड़ दिया है। अब उनको न तो बिहार से मतलब है, न बिहार के लोगों से। वह अब देशाटन पर निकल चुके हैं। बिहार में पलटी मार कर आरजेडी और अन्य दलों के साथ सरकार बनाने के बाद नीतीश कुमार दिल्ली के अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान विपक्षी नेताओं से मिले। नीतीश ने सोमवार को कांग्रेस के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की थी। उन्होंने मंगलवार को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएम) के महासचिव सीताराम येचुरी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआइ) के महासचिव डी राजा, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के प्रमुख ओम प्रकाश चौटाला, समाजवादी पार्टी (सपा) के संरक्षक मुलायम सिंह यादव और उनके बेटे और उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की थी। उन्होंने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार, भाकपा (माले) के नेता दीपांकर भट्टाचार्य से भी मुलाकात की। बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा कि वह कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिलने के लिए एक बार फिर दिल्ली आयेंगे, जो निजी कारणों से विदेश यात्रा पर हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि वह विपक्ष को एकजुट करने के लिए उनसे लगातार मुलाकात करते रहेंगे। नीतीश कुमार का मानना है कि अबकी बार विपक्षी एकता मेन फ्रंट होगा, न कि थर्ड फ्रंट। ऐसे नीतीश कुमार कहते फिर रहे हैं कि वह पीएम नहीं बनाना चाहते, लेकिन उनका बस चले तो वह पीएम पद मिलने के बावजूद, बिहार के सीएम की कुर्सी भी साथ ही लेकर घूमें। साथ में राष्ट्रपति भवन जाने का मौका मिल जाये, तो सोने में सुहागा।

### हाथ पकड़ा.. कुर्ता खींचा, कुर्सी छोड़ खड़े हुए नीतीश को केसीआर ने दो बार बिठाया

तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने पटना पहुंच कर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की थी। ऐसा माना जा रहा था कि 2013 के बाद 2024 के लिए फिर से पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ खड़े होनेवाले नीतीश कुमार को केसीआर विपक्ष का नेता घोषित कर देंगे, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। केसीआर से जब पूछा गया कि विपक्षी एकता होने के बाद विपक्षी दलों का नेता और 2024 में प्रधानमंत्री का उम्मीदवार कौन होगा? यह सवाल सुनने के बाद साथ बैठे नीतीश कुमार कुर्सी छोड़ खड़े हो गये, तब केसीआर ने बिहार के मुख्यमंत्री का हाथ पकड़ कर उन्हें बिठाया और कहा कि नीतीश कुमार देश के उत्तम और वरिष्ठ नेता हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए के खिलाफ हम सभी लोग एकजुट हैं और नेता कौन होगा, यह हम सब मिल कर तय करेंगे।

## विपक्षी एकता की धुरी में तो कांग्रेस है, लेकिन क्षेत्रीय दल उसे नेतृत्व देने को तैयार नहीं



हालांकि कांग्रेस विपक्षी दलों के साथ खड़ी है कि नहीं, इस सवाल को केसीआर टाल गये और कहा कि जब सब लोग साथ बैठेंगे, तब इस विषय पर बात होगी। यहां पर केसीआर के अरमान साफ निकल कर बाहर आ गये। वह नीतीश को पीएम पद का उम्मीदवार नहीं मानते। शायद वह नीतीश कुमार से खुद को पीएम पद का उम्मीदवार घोषित करवाने के इरादे से बिहार गये हुए थे। नीतीश भी सोच रहे होंगे कि हम ही से तेजी, पलटी मार-मार कर आठ बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ कोई ऐसे ही थोड़े न लिये हैं।

### नीतीश, हेमंत और अखिलेश के साथ ममता का खेला होबे

कोलकाता में आयोजित पार्टी की एक महत्वपूर्ण और बड़ी बैठक के दौरान ममता बनर्जी ने नीतीश कुमार की ही तरह विपक्षी एकता की वकालत जरूर की, लेकिन उन्होंने जिन दलों के नाम लिये उनमें मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ही गायब रही। इसके अलावा उन्होंने इस बात के भी संकेत दिये हैं कि 2024 में लेफ्ट के साथ भी उनका गठबंधन नहीं होनेवाला है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार और हेमंत सोरेन के अलावा समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव, राजद के तेजस्वी यादव और अन्य नेता बीजेपी को 2024 में सत्ता से बेदखल करने के लिए तृणमूल कांग्रेस का साथ देंगे। एक तरफ हम सब होंगे और दूसरी तरफ बीजेपी। भाजपा के 300 सीटों के अहंकार को तोड़ेंगे। 2024 में खेला होबे।

### कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा

लोगों को अपने साथ जोड़ने और महंगाई, बेरोजगारी और अन्य मुद्दों पर मोदी सरकार को घेरने के लिए कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा पर निकल पड़े हैं। कुल डेढ़ सौ दिन की इस यात्रा के दौरान राहुल देश के 12 राज्यों के 20 शहरों से होकर गुजरेंगे और 3750 किलोमीटर की पदयात्रा करेंगे। वास्तव में यह यात्रा कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के लिए उम्मीद की एक किरण है, क्योंकि देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस अब तक के अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। पार्टी के सामने 2024 का लोकसभा चुनाव है। पिछले दो चुनावों में मिली करारी पराजय और फिर पार्टी में बिखराव के कारण कांग्रेस ने इस यात्रा का आयोजन किया है। अपनी इस पदयात्रा के दौरान राहुल गांधी जनता के सामने महंगाई, बेरोजगारी, सीमा सुरक्षा और अन्य ज्वलंत मुद्दों को उठायेंगे और मोदी सरकार को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश करेंगे। इस यात्रा के जरिये कांग्रेस विपक्ष की अन्य पार्टियों को यह राजनीतिक संदेश देने की भी कोशिश कर रही है कि वही विपक्ष का मुख्य चेहरा और आवाज है। इस यात्रा की शुरुआत कन्याकुमारी से हुई है। राहुल गांधी बीते चार दशकों में पहले नेता हैं, जो कन्याकुमारी से कश्मीर तक की यात्रा कर रहे हैं। कांग्रेस को लगता है कि उसकी यह भारत जोड़ो यात्रा भारतीय राजनीति को बदलने वाली साबित होगी। भारत जोड़ो यात्रा राहुल गांधी का रीलॉन्चिंग पैड भी है। ट्विटर की राजनीति से अब वह सड़क की राजनीति पर कम से कम उतरे तो हैं। जाहिर है इतनी मेहनत कांग्रेस तो नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल, केसीआर जैसे नेताओं के लिए तो नहीं ही कर रही होगी। वह कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनते देखना चाहेगी।

### विपक्षी दलों का कांग्रेस से किनारा

अपने सबसे बुरे दौर से गुजरते हुए भी कांग्रेस ही विपक्षी खेमे की सबसे बड़ी धुरी है। 4 सितंबर को उसने महंगाई के खिलाफ दिल्ली में आयोजित हल्ला बोल रैली के जरिये भारत जोड़ो यात्रा की पृष्ठभूमि तैयार की। विपक्षी दलों की समस्या है कि विपक्ष को जोड़ने के अभियान में कांग्रेस को साथ लेने के सवाल पर फिलहाल वे एक राय नहीं दिखते, जद (यू) की राय में बिना कांग्रेस और वाम मोर्चे के विपक्षी एकता का कोई मतलब नहीं, दूसरी तरफ चंद्रशेखर राव के विपक्षी मोर्चे में कांग्रेस के लिए कोई जगह नहीं है। उधर ममता बनर्जी कांग्रेस और वाम मोर्चा दोनों से दूरी का कोई भी संदेश देने से नहीं चूकतीं। अरविंद केजरीवाल तो आम आदमी पार्टी को कांग्रेस का विकल्प ही मानते हैं। लोकसभा में सबसे ज्यादा सीटों वाले राज्य उत्तरप्रदेश में अखिलेश यादव कांग्रेस से गठबंधन से तौबा कर चुके हैं। बिहार में कांग्रेस सरकार में साझीदार है, लेकिन इस बार राजद के साथ जद (यू) के आने और 2020 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के दयनीय स्ट्राइक रेट की वजह से 2024 के लोकसभा चुनाव में गठबंधन में सीटें मिलने में उसे काफी दिक्कतें आयेंगी। जिन राज्यों में कांग्रेस बेहतर स्थिति में है, वहां ऐसी हालत का सामना संभावित सहयोगियों को करना पड़ेगा। कांग्रेस इससे बेखबर नहीं है, इसीलिए फिलहाल अधिकाधिक राज्यों में वह अपने बूते लड़ाई की तैयारी में है। 2024 के पहले कांग्रेस देश में यह संदेश देना चाहती है कि पार्टी आज भी लोगों की पसंद है। उसकी लोकप्रियता बरकरार है। राहुल गांधी की यह भारत जोड़ो पदयात्रा जहां एक तरफ कांग्रेस की स्थिति को मजबूत बनायेगी, वहीं नीतीश, के चंद्रशेखर राव, अरविंद केजरीवाल और ममता बनर्जी सरीखे महात्वाकांक्षी नेताओं के लिए चुनौती पेश करेगी।

---

#### लोहरदगा में भाजयुमो का तीन दिनी प्रदेश प्रशिक्षण शुरू

## सुदृढ़, सशक्त, समृद्ध, समर्थ एवं स्वावलंबी भारत निर्माण के लिए सक्रिय है भाजपा : दीपक प्रकाश



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा का तीन दिवसीय प्रदेश प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ लोहरदगा में हुई। प्रशिक्षण की शुरुआत पार्टी के संस्थापक महापुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अन्य महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन, पुष्प अर्पण व वंदेमातरम गीत के साथ आरंभ की गयी। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दीपक प्रकाश प्रदेश अध्यक्ष भाजपा सह राज्यसभा सांसद, मनोज सिंह प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख, विनय जयसवाल युवा मोर्चा प्रभारी, किसलय तिवारी प्रदेश अध्यक्ष भाजयुमो, अमनदीप सिंह राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी, मनीर उरांव जिला अध्यक्ष भाजपा, रूपेश सिन्हा प्रदेश महामंत्री भाजयुमो, ओमप्रकाश सिंह प्रदेश कार्य समिति सदस्य, ब्रजबिहारी प्रसाद, उमेश कास्यकार सहित अन्य शामिल हुए। उद्घाटन सत्र की शुरूआत में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने विषय प्रवेश,स्वागत संबोधन, सत्रों के स्वरूप और सत्रों के विषय को बताया। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि जनसंघ से अभी तक हमारी संघर्ष यात्रा में सुदृढ़, सशक्त, समृद्ध, समर्थ एवं स्वावलंबी भारत के निर्माण के लिए निरंतर सक्रिय है। पार्टी का लक्ष्य एक ऐसे लोकतांत्रिक राज्य की स्थापना करना है, जिसमें जाति संप्रदाय अथवा लिंग भेदभाव के बिना सभी नागरिकों को राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से समान अवसर तथा धार्मिक विश्वास एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सुनिश्चित हो सके। पार्टी अंत्योदय, सुशासन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, विकास एवं सुरक्षा पर विशेष रूप से सक्रिय है। पार्टी ने पांच प्रमुख सिद्धांतों के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की है, जिनमें पंच निष्ठा राष्ट्रवाद एवं राष्ट्रीय अखंडता, लोकतंत्र सकारात्मक, पंथनिरपेक्षता, गांधीवाद समाजवाद तथा मूल्य आधारित राजनीति के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त करते हैं।

### भाजपा का मूल मंत्र हैं भारत माता की जय : बाबूलाल



प्रशिक्षण के दूसरे सत्र में भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा अन्य पार्टियों से बहुत ही भिन्न है। इसमें किसी प्रकार का व्यक्ति वाद, परिवारवाद एवं वंशवाद को बढ़ावा नहीं देती। परिवार एवं व्यक्ति आधारित पार्टी समय के साथ समाप्त हो जाती है। भाजपा का मंत्र है भारत माता की जय । इसके निमित्त पार्टी लगातार असमानताओं, सामाजिक विकास आर्थिक सुदृढ़ता के लिए चिंतन करती है। सत्ता केवल स्वयं के उत्थान के लिए नहीं होती, सत्ता सामाजिक हितों एवं उनकी आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए की जाती है। भाजपा यदि सत्ता के लिए संघर्ष कर रही है तो उनका एकमात्र लक्ष्य है राष्ट्रवाद तथा भारत में रहने वाले लोगों की हर एक जरूरत की पूर्ति एवं विश्व में अपनी वैभव को स्थापित करने के लिए।

## रेंजर ने सत्यनारायण पूजा और करम पूजा को अंधविश्वास कहा

### ग्रामीणों में आक्रोश, रेंजर ने मांगी माफी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा के रेंजर कन्हैया राम ने करम महोत्सव कार्यक्रम के दौरान बेहद विवादास्पद बयान दिया। रेंजर के बयान के बाद कार्यक्रम में आये लोग हक्के बक्के रह गये। गढ़वा के भंडरिया मुख्यालय स्थित टेनटाड़ में करम पर्व पर आमंत्रित रेंजर कन्हैया राम ने सार्वजनिक मंच से स्वयं को नास्तिक बताते हुए करम पर्व और हिंदू धर्म के पर्व त्योहार को अंधविश्वास कहा। रेंजर इतने पर ही नहीं रुके। सत्यनारायण भगवान की कथा को अंधविश्वास बताते हुए पूजा पद्धति को भयादोहन बताते हुए इसे ब्राह्मणों के द्वारा भय बना कर डरा धमका कर पूजा पद्धति से लोगों को जोड़े रखना भी बता दिया। रेंजर के सार्वजनिक मंच से इस प्रकार के संबोधन से स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। आज इसे लेकर गढ़वा जिला मुख्यालय में रेंजर का पुतला भी जलाया गया। रेंजर के बयान का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। ज्ञात हो कि भंडरिया जनजातीय बहुल प्रखंड है, जहां नौका, भंडरिया सहित लगभग हर गांव में करमा पर्व घर-घर मनाया जाता है। भाई-बहन के पवित्र संबंधों को प्रगाढ़ करनेवाला इस प्रकृति पर्व को लेकर पूरे राज्य में उत्सव का माहौल रहता है।

करम पर्व के अवसर पर वन विभाग के द्वारा अपना बैनर लगाते हुए पूरे दल-बल के साथ रेंजर कार्यक्रम में शामिल हुए थे। वहां अपने संबोधन में उन्होंने करम पर्व या वन सुरक्षा को लेकर कोई विचार नहीं दिया, उल्टे सार्वजनिक कार्यक्रम में अपने व्यक्तिगत विचार जाहिर करते हुए सनातन धर्म और आस्था पर कुठाराघात करते रहे। रेंजर के इस प्रकार के कुकृत्य से स्थानीय लोगों में रेंजर के विरुद्ध आक्रोश बना हुआ है। भंडरिया प्रखंड की जनता ने गढ़वा उपायुक्त से मांग की है कि ऐसे विक्षिप्त विचार रखनेवाले रेंजर पर कार्रवाई की जाये।

### कन्हैया ने खेद जताया

बयान पर विवाद बढ़ने पर रेंजर कन्हैया ने अपने बयान पर खेद जताते हुए माफी मांगी है। उनका कहना है कि उनकी मंशा किसी की आस्था को ठेस पहुंचाने की नहीं थी। वह सभी समुदायों का सम्मान करते हैं।

## सरकार शीघ्र ही करेगी नगर निगम चुनाव की घोषणा : आलमगीर

**धनबाद।** विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम भोजन के बहाने कोयलांचल का राजनीतिक तापमान बढ़ा कर चले गये। आलमगीर आलम ने कांग्रेस नेताओं के समक्ष यह एलान किया कि सरकार शीघ्र ही नगर निगम का चुनाव कराने जा रही है। इसके लिए कांग्रेस को अपनी तैयारी शुरू करनी चाहिए। विदित हो कि पिछले निगम चुनाव में मेयर पद की लड़ाई में शमशेर आलम दूसरे नंबर पर थे। इस कारण, कांग्रेस से वह प्रबल दावेदार हैं। दोनों का आगमन बिना किसी तामझाम के हुआ। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह एवं शमशेर आलम उपायुक्त से मिलने समाहरणालय पहुंचे थे। वहां दोनों को पता चला कि मंत्री आलमगीर आलम रांची से पाकुड़ जाने के क्रम में यहां सर्किट हाउस में रुकेंगे और दोपहर का भोजन करेंगे। इसके बाद ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने मंत्री आलमगीर आलम से मोबाइल पर बात की। उन्होंने बताया कि वह धनबाद पहुंच रहे हैं। धनबाद में उनका कोई कार्यक्रम नहीं था। इस कारण, किसी को सूचना नहीं दी। इधर इसके पहले विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो भी रांची से नाला जाने के क्रम में धनबाद सर्किट हाउस पहुंचे थे।

## आर्थिक तंगी, घरेलू कलह से तंग आकर मां-बेटे ने की आत्महत्या



आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** झरिया फुलारीबाग के समीप रहनेवाले 50 वर्षीय तारापदो नंदी और उसकी 70 वर्षीय मां छवि देवी ने शुक्रवार को पारिवारिक कलह से तंग आकर आत्महत्या कर ली। मां ने पुत्र तारापदो को फांसी पर झूला देख पास के कुआं में कूद कर अपनी जान दे दी। घटना का कारण आर्थिक तंगी और आपसी घरेलू कलह बताया जाता है। घटना के समय घर में मां और पुत्र ही थे। सूचना पाकर झरिया पुलिस ने मौके पर पहुंच मां और बेटा के शवों को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की छानबीन में जुट गयी।

### आर्थिक तंगी के कारण होता रहता था विवाद

सूचना के अनुसार तारापदो और उनकी मां घर में साथ ही रहते थे। आर्थिक तंगी के कारण घर में हमेशा विवाद होते रहता था। तारापदो शराब का भी सेवन करता था। शाखा पोला चूड़ी की फेरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। गुरुवार को घर में कलह होने के कारण तारापदो की पत्नी अपने मायके चली गयी थी। घटना के बाद तारापदो की पत्नी और पुत्र का रो-रोकर हाल बेहाल है। मोहल्ले में एक साथ मां और बेटे की असामयिक मौत से लोग मर्माहत हैं।

# मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना

## स्वरोजगार करना और हुआ आसान

CMEGP

**₹50 हजार से अधिक ऋण लेने के लिए निम्न में से कोई एक गारंटर से बनेगा काम**

- वर्तमान अथवा पूर्व निर्वाचित जनप्रतिनिधि
- सरकारी कार्यरत अथवा रिटायर्ड कर्मी
- अर्द्ध सरकारी कार्यरत अथवा रिटायर्ड कर्मी
- निजी संस्थान में कार्यरत अथवा रिटायर्ड कर्मी
- आयकरदाता





**₹25 लाख** तक मिलेगा ऋण

40% ऋण अनुदान (सब्सिडी) या **अधिकतम ₹5 लाख**

**18 से 50 वर्ष** की आयु सीमा तक ऋण

**₹50 हजार** तक ऋण के लिए किसी गारंटर की जरुरत नहीं

### महत्वपूर्ण बातें

- वाहन तथा प्लांट एवं मशीन से सम्बंधित ऋण में किसी गारंटर की जरुरत नहीं। दृष्टिबंधक (Hypothecation) होगा मान्य
- ऋण राशि के बराबर चल/अचल संपत्ति भी गारंटी के रुप में मान्य होगी
- EMI की गणना अनुदान की राशि घटाकर की जाएगी। अगर ऋण ₹5 लाख है और अनुदान ₹2 लाख (40%)। तो शेष राशि ₹3 लाख पर ही EMI और ब्याज लगेगा
- कुल ऋण से अनुदान घटा कर शेष राशि पर लगेगा सिर्फ 6% वार्षिक ब्याज

### कहां करें आवेदन

- जिला कल्याण पदाधिकारी
- झारखण्ड राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम (शाखा कार्यालय)
- झारखण्ड राज्य आदिवासी सहकारी विकास निगम (शाखा कार्यालय)
- झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम
- झारखण्ड राज्य अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम (शाखा कार्यालय)

P.R. 277441 (IPRD) 22-23

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## पूर्व विधायक ने भक्ति जागरण का किया उद्घाटन



**बरकट्ठा(आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के ग्राम पंचायत गयपहाडी में सार्वजनिक मनसा पूजा के अवसर पर आयोजित भक्ति जागरण कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन मुख्यातिथि जानकी प्रसाद यादव ने की। पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव नेभक्ति जागरण का विधिवत उद्घघाटन फीता काटकर किया। मौके पर मुखिया कलावती देवी, उपमुखिया गुलाबचंद प्रसाद, 20सूत्री सदस्य यमुना प्रसाद, पूर्व पंसंस महेंद्र प्रसाद, तुलसी प्रसाद, कृष्णदेव प्रसाद, उपेंद्र शर्मा, गणपत प्रसाद, मनोहर चौधरी, हीरालाल प्रसाद, जागेश्वर प्रसाद, चेतलाल प्रसाद, झरी पंडित, अरविंद प्रसाद, नगीना प्रसाद, बालकिशुन साव, अर्जुन प्रसाद, चौधरी महतो, टुकलाल प्रसाद, सिकंदर प्रसाद, शिवकुमार प्रसाद तथा सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## मध्य विद्यालय सलैया में आठवीं बोर्ड में सफल छात्रों को दी गयी विदाई



**बरकट्ठा(आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के मध्य विद्यालय सलैया मे 8वीं बोर्ड में सफल 52 छात्रों को विदाई दी गई। वही सभी सफल छात्रों को उच्च वर्ग में शिक्षा ग्रहण करने के लिए स्थानांतरण प्रमाण पत्र दिया गया।प्रमाण पत्र का वितरण मुखिया इंद्रदेव प्रसाद की उपस्थिति मे सादे समारोह के बीच किया गया।कार्यक्रम का संचालन राजदेव प्रसाद ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते मुखिया ने शिक्षा का महत्व पर प्रकाश डालते हुए उच्च शिक्षा प्राप्त करने का आग्रह किया। विद्यालय के प्रधाध्यापक प्रताप ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना करते हुए कहा कि ज्ञान का कोई अंत नही है।उन्होंने बच्चों से आगे की शिक्षा जारी रखने की सलाह दी।कार्यक्रम को सफल बनाने मे विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेश प्रसाद,शिक्षक अरुण कु मंडल, त्रिवेणी प्रसाद, बब्लू कुमार, किशोर कु पंडित, लीलधारी प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, सुनीता देवी, बैधनाथ प्रसाद, बिनोद कुमार मंडल समेत विद्यालय के बच्चे शामिल थे।

## सिरमा पुल के पास खराब रोड की पश्चिमी जिला परिषद के प्रतिनिधि व समाज सेवी ने करायी मरम्मत



**बड़कागांव(आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के सिरमा पुल के पास पिछले कई दिनों से पुल निर्माण के बाद रोड खराब हो हो गया है। जिससे लोगो को आने जाने में काफी परेशानियो का सामना करना पड़ता था इसे देखकर तुरंत पश्चिमी जिला परिषद प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम व युवा समाजसेवी शाहिद उर्फ सोनू ओबीमेट रियल मंगा कर रोड का मरम्मत करवाया। आगे इब्राहिम ने कहा कि लोगो व बच्चों को विद्यालय जाने में काफी परेशानी होती थी पैदल चलने वाले जनता को कीचड़ का सामना करना पड़ता था। रोड बन जाने से वहां की जनता में काफी खुशी जाहिर किए एवं मोहम्मद इब्राहिम व सोनू को बधाई दी जल्द से जल्द पुल का जो भी कार्य रुकी हुई है जल्द से जल्द पूरा करने के लिए ठीकेदार को समय दिए हैं जिला प्रशासन से यह मांग किए है की बड़कागांव प्रखंड के बहुत ऐसे रोड है जो काफी जर्जर पड़े हुए हैं एवं जिला प्रशासन जल्द से जल्द सभी रोड को मरम्मत कराया जाए जनता को परेशानियों का सामना ना करना पड़े। उन्होंने सूर्य मंदिर से चेपाकला बाजार टांड़ तक कालीकरण कराया जाए एवं हरली हाई स्कूल से महूंगाई कला दुर्गा मंदिर तक पीसीसी का निर्माण कराया जाए समस्या को लेकर जिला प्रशासन से मांग किए है।

## कच्चे मकान की दीवार गिरने से महिला की मौत



**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना अंतर्गत वृंदा गांव में एक कच्चा मकान का दीवार गिरने और उससे दबने से महिला की मौत हो गयी। शुक्रवार की सुबह पुआल निकालने के दौरान अचानक दीवार महिला के उपर गिर जाने से दबकर महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान लीलावती देवी (उम्र 45 वर्ष, पति दिनेश्वर रजक, ग्राम वृंदा) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह अपने कच्चा घर से पुआल निकालने के दौरान अचानक दीवार उसी के ऊपर गिर गया। महिला की सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में ही मौत हो गई। सदर अस्पताल में चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद शव को अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया गया।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में 10 सितंबर को जागरूकता कार्यशाला

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** एनआईओएस के द्वारा सेक्रेड हार्ट स्कूल में 10 सितंबर को जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस बारे में विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार ने बताया कि इस कार्यशाला में एनआईओएस रांची से जुड़े कई वरीय पदाधिकारी शामिल होंगे। इस कार्यशाला में बताया जाएगा कि वैसे विद्यार्थी जो किसी कारणवश अपनी स्कूलिंग छोड़ चुके हैं या छूट गया है, वे इस संस्थान में प्रवेश लेकर अपनी पढ़ाई को पूरी कर सकते हैं। जानकारी के अभाव में बहुत से लोग इसका लाभ नहीं ले पाते। क्षेत्र में जागरूकता फैलाने के लिए राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के क्षेत्रीय कार्यालय रांची द्वारा इस एडवोकेसी प्रोग्राम को आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सेक्रेड हार्ट स्कूल में 10 सितंबर को पूर्वाहन 11 बजे से 12 बजे तक होगा। इस कार्यक्रम में दूसरे स्कूल के विद्यार्थी और शिक्षक भी हिस्सा ले सकेंगे। यह कार्यशाला एनआईओएस के क्षेत्रीय निदेशक डॉ राजीव प्रसाद के निर्देश पर हो रहा है। शहर में इस तरह का पहला कार्यशाला है। इस कार्यशाला में शामिल होकर शहर के अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकते हैं।

## फिर से हुई प्रोजेक्ट रेल की शुरुआत

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** जिले के विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का माहौल विकसित करने एवं आगामी मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा एक बार फिर से प्रोजेक्ट रेल की शुरुआत की गई हैं। इसी क्रम में प्रोजेक्ट रेल के तहत जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में दशवीं कक्षा के छात्र- छात्राओं का एवं बारहवीं कक्षा के छात्र- छात्राओं का अंग्रेजी विषय का टेस्ट लिया गया। ज्ञात हो कि प्रश्नपत्र का पैटर्न आगामी मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा को ध्यान में रखकर शिक्षकों की गठित टीम द्वारा तैयार किया गया था। टेस्ट के दौरान शिक्षकों द्वारा बच्चों को प्रश्न पत्र का पैटर्न समझाया गया। मौके पर टेस्ट को लेकर सभी बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। जिले के विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का माहौल विकसित करने एवं आगामी मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा में बेहतर परिणाम को लेकर जिला प्रशासन कोडरमा द्वारा प्रोजेक्ट रेल ( रेग्युलर एसेसमेंट फार इंप्रूव्ड लर्निंग) चलाया जा रहा है। जिले में इस अभियान की शुरुआत पिछले वर्ष 2021 में की गई थी। इस अभियान के अंतर्गत कक्षा दसवीं व 12वीं के बच्चों का विषयवार साप्ताहिक टेस्ट लिया जाता है।

## आम लोगों की समस्याओं पर कार्रवाई का निर्देश

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** उपायुक्त आदित्य रंजन जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये आम-जनों की समस्याओं से रुबरु हुए। आमजनों ने बारी-बारी से अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने सभी के शिकायतों को बारी-बारी से सुनते हुए पदाधिकारियों को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिये। आज के जनता दरबार में ऑनलाइन रसीद निर्गत करने, आवास योजना का लाभ दिलाने, राशन कार्ड को स्थानांतरित कराने, सरकार द्वारा दिया गया पट्टा जमीन पर दबंगों द्वारा अतिक्रमण करने से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने प्राप्त आवेदनों को जांच करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिये।

## महिला सदस्यों के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** डोमचांच प्रखंड स्थित बेहराडीह पंचायत भवन में बाल श्रम, बाल विवाह, बाल शोषण, भ्रूण हत्या एवं लिंग परीक्षण की रोकथाम हेतु जिला बाल संरक्षण इकाई को कोडरमा द्वारा जे.एस.एल.पी.एस की सक्रिय महिला सदस्यों के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी द्वारा बच्चों के संरक्षण अधिकार, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल शोषण, बाल उत्पीड़न, लिंग जांच एवं बाल व्यापार के दुष्प्रभाव तथा स्पॉन्सरशिप योजना के संबंध में बताया गया। उन्होंने सभी सक्रिय महिला सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि गांव स्तर पर बाल शोषण, श्रम की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करें।

# प्रतिबंधित संगठन टीपीसी के 4 उग्रवादी गिरफ्तार



### बरामद सामग्री

गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से 315 बोर का दो देसी कट्टा, 7.62 का एक पिस्टल, 7.62 का एक गोली, 315 बोर का 17 जिंदा गोली, दो मोटरसाइकिल और 5 मोबाइल बरामद हुए हैं।

**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** प्रतिबंधित संगठन टीपीसी के चार उग्रवादी हजारीबाग पुलिस के हत्थे चढ़ गए है। इस कामयाबी पर हजारीबाग एसपी मनोज रतन चौथे ने प्रेस कॉफ्रेंस कर पत्रकारों को जानकारी दी। बताया की शुक्रवार अहले सुबह गुप्त सूचना मिली थी की प्रतिबंधित टीपीसी संगठन के एरिया कमांडर दिनेश जी उर्फ रवि का दस्ता के कुछ सदस्य केरेडारी थाना क्षेत्र के बुंडू गांव में छुपे हैं। सूचना के सत्यापन के लिए बड़कागांव एसडीपीओ, सिसिआर डीएसपी और सिआरपीफ 22 बटालियन के सहायक समादेस्टा के अलावे बड़कागांव और केरेडारी थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर उस क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के दौरान ग्राम बुंडू से टीपीसी संगठन के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार इन चार उग्रवादियों द्वारा 29 जुलाई को पुलिस के उपर हुई फायरिंग की घटना तथा बड़कागांव में बालूघाट में फायरिंग की घटना कारित की गई थी। गिरफ्तार अभियुक्तों में संजय करमाली, पिता ललित करमाली, ग्राम बुंडू, थाना केरेडारी, प्रभात कुमार राम पिता महेंद्र दास ग्राम तरवा अगर टोला, थाना पिपरवार जिला चतरा, पंकज कुमार करमाली पिता किशोर करमाली साकिन बुंडू थाना केरेडारी और सूरज कुमार तुरी पिता टोटूवा तुरी, साकिन बुंडू थाना केरेडारी शामिल है।

## भराजो मुखिया ने पौधा लगा कर आम बागवानी की शुरूआत की

**टाटीझरिया(आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के भराजो मुखिया स्वास्तिका कुमारी ने मनरेगा से संचालित आम बागवानी का शुभारंभ पौधा लगा कर की। अमनारी में मंजु देवी के जमीन पर एवं शांति देवी के जमीन पर लगभग दो एकड़ में आम बागवानी का कार्य होना है। मुखिया स्वास्तिका कुमारी ने कही कि यह योजना से लाभुकों को लाभ मिलेगा। पौधा का देखभाल समय के साथ करते रहना चाहिए। मौके पर विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र कुमार पाण्डेय,बीएफटी सुरेश रजक, लाभुक मंजु देवी, धानेश्वर पासवान, भीम प्रसाद समेत अन्य उपस्थित थे।

## विभावि अभिषद् की 180 वीं बैठक संपन्न



**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय अभिषद् की 180वीं बैठक शुक्रवार को कुलपति सम्मेलन कक्ष में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति डॉ मुकुल नारायण देव ने की। कुलसचिव डॉ वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए सदन के पटल पर कार्यवृत्त को रखा। बैठक में पूर्व के लिए गए विभिन्न समितियों के प्रस्ताव की संपुष्टि की गई। झारखंड लोक सेवा आयोग से प्राप्त निर्देश के आलोक में आ के महिला कॉलेज की अंग्रेजी विभाग के डॉ निवेदिता चौधरी को उप आचार्य पद पर प्रोन्नति की अनुशंसा की गई। जेजे कॉलेज के दर्शनशास्त्र विभाग के डॉक्टर रविंद्र कुमार सिंह को कैश के अंतर्गत प्रवर कोटी में प्रोन्नति देने की अनुशंसा की गई। शारदा शर्मा का पूर्व में दिए गए प्रोन्नति की तिथि में संशोधन की अनुशंसा के उपरांत स्वीकृति देने पर सहमति बनी। इसके अलावा कई प्रस्तावों पर विमर्श किया गया। बैठक में डॉ मिथिलेश ,डॉ अंबर खातून ,डॉ विमल मिश्रा, डॉ सुरेंद्र सिन्हा, डॉक्टर सुरेंद्र प्रसाद बरई, डॉ राजीव कुमार द्विवेदी, रूफीना तिर्की उपस्थित थी।

## जूडो प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** जवाहर नवोदय विद्यालय पुतो में 9 से11 सितंबर तक आयोजित होने वाले पटना रीजन जूडो प्रतियोगिता में बिहार, झारखंड , वेस्ट बंगाल के जूडो खिलाड़ी शामिल है । प्रतियोगिता का उद्घाटन कोडरमा एसपी सह कोडरमा जूडो संरक्षक कुमार गौरव ने दीप प्रज्वलित कर किया । जूडो मुख्य संरक्षक कुमार गौरव ने बताया कि जूडो ओलंपिक खेल है । इस खेल में छात्र-छात्राएं पढ़ाई के साथ-साथ अपना भविष्य बना सकते हैं। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य महुआ गुहा रॉय ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ एवं शॉल उड़ाकर सम्मानित किया । यह प्रतियोगिता विद्यालय के शारीरिक शिक्षक रणवीर कुमार राय , सुनीता बिष्ट एवं कोडरमा जूडो संघ के सचिव प्रिंस मिश्रा के देखरेख में चल रहा है। रेफरी की भूमिका में प्रिंस मिश्रा , अविनाश कुमार , तरन्नुम खान खुशी सिंह, अमित कुमार , अंशु राज ने निभाया।

# प्रखंड जलसहिया संघ ने बड़कागांव प्रखंड कार्यालय के समक्ष दिया एक दिवसीय धरना



**बड़कागांव(आजाद सिपाही)।** हजारीबाग जलसहिया संघ के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आज बड़कागांव जल सहिया संघ के अध्यक्ष उर्मिला देवी के अध्यक्षता में प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष 10 सूत्री मांग पत्र के साथ एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना के दौरान जल सहिया द्वारा थाली बजाकर अपनी मांग प्रस्तुत की जा रही थी। इस दौरान जल सहिया द्वारा कहा गया कि हम सभी जलसहिया झारखंड में विगत 10-12 वर्षों से सेवाभाव के साथ निःशुल्क एवं अतिअल्प मानदेय में कार्यरत हैं। अपने गांव के लोगों के स्वच्छता के प्रति जागरूक करना, व्यवहार परिवर्तन कर खुले में शौच से गांव को मुक्त करना, ओडीएफ को स्थायित्व रखना, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के निर्देश के अनुसार सर्वे करना, पेयजल की विकट समस्या पर कार्य करना एवं अन्य जटिल कार्यों को हमारे द्वारा किया जाता रहा है। जबकि पेयजल स्वच्छता विभाग हमारे कार्यों को अन्य एजेंसी के माध्यम से कराती है। अन्य एजेंसी अधिकतम लाभ के चक्कर में जलापूर्ति एवं अन्य कार्यों की गुणवत्ता पर बुरा प्रभाव पड़ता है जिसका खामियाजा हम जलसहिया एवं ग्रामीणों को भुगतना पड़ता है। जल सहिया के द्वारा 10 सूत्री मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे को सौंपा गया। मांग पत्र में जल सहिया का चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी में नियुक्ति, चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी की भांति वेतनमान एवं अन्य सुविधा उपलब्ध कराने, जल सहिया को वर्ष में दो सेठ पोशाक उपलब्ध कराने, पूर्व से बकाया मानदेय प्रतिमाह 1000 एकमुश्त जोड़कर भुगतान करने, शौचालय निर्माण कार्य का जलसहिया को प्रोत्साहन राशि भुगतान डेढ़ सौ रुपया करने, पूर्व से प्रोत्साहित राशि एकमुश्त राशि का भुगतान करने, जल नल ग्रामीण स्त्रोतों का कार्य जलसहिया के द्वारा कराने, पेयजल एवं स्वच्छता के प्रति जो भी कार्य हो जलसहिया को सौंपने, जल सहिया का काम को छीनकर समूह को ना देने एवं उसके बदले जलसहिया को काम देने आदि मांगे शामिल है। जल सहिया का समर्थन में बड़कागांव मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी एवं कांडतरी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य रंजीत चौबे ने भी समर्थन करते हुए कहा कि जल सहिया की मांग जो भी है वह सभी जायज है। इनके कार्य के अनुरूप इनका मानदेय का भुगतान अति शीघ्र किया जाए। इस अवसर पर अध्यक्ष उर्मिला देवी, सचिव नमिता कुमारी, कोषाध्यक्ष पूनम देवी, सविता देवी, सुनीता देवी, मालती देवी, लीला कुमारी, पिंकी देवी, उर्मिला देवी, गीता कुमारी, रेनू कुमारी, सुनीता देवी, सावित्री देवी, रीना देवी, अनीता देवी, रुकमणी देवी, प्रभावती देवी, सावित्री देवी, अंजू देवी, सरिता देवी, ललिता देवी, सूरज मणि देवी, पिंकी देवी, रंजू देवी, नेहा कुमारी, रेखा कुमारी, नीतू देवी, रिंकी कुमारी, शोभा चौबे, हकीम अनीशा, आमना खातून, दुलारी देवी, चमेली देवी, वीणा देवी, बबीता देवी, आशा रुंडा, सुमन देवी, कदमी देवी, चमेली देवी, रेशमी कुमारी सोनी सहित अन्य जल सहिया शामिल थे।

# बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनने में तेजी लायें नजदीकी सीएसपी से सहयोग लें : बीडीओ



**चौपारण(आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड संसाधन केंद्र चौपारण व मध्य विद्यालय चौपारण में चौपारण भाग एक एवम दो के शिक्षको के बीच मासिक गोष्टि का आयोजन किया गया। भाग एक बीईईओ उमाकांत यादव, भाग दो बीईईओ राकेश कुमार ने बैठक की अगुवाई किया। बैठक में मुख्यरूप से चौपारण बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा उपस्थित रहे। बैठक में कई बिंदुओं पर अहम चर्चा हुवा जिसमे एसडीएमआईएस, शिक्षको व बच्चो का ऑनलाइन हाजरी बनाने, एमडीएम संचालन के साथ सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चो का जाती प्रमाण पत्र बनाने पर जोर दिया गया। शिक्षको को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि जाति प्रमाण पत्र बनाने में शिक्षकगण तेजी लाएं। बीडीओ ने कहा कि जाती प्रमाण पत्र का फॉर्म भरकर आप बीआरसी कार्यालय व अंचल कार्यालय में जमा करें। एक शिक्षक के सवाल का जवाब देते हुए बीडीओ ने कहा कि खतियान नही रहने के स्थित में मुखिया के उपस्थिति में आम सभा कर सबधित बच्चे का जाती प्रमाण पत्र बनाने का प्रक्रिया पूर्ण किया जाएगा। मौके पर शिक्षक सुरेश सिंह, उमेश सिंह, डॉ प्रदीप साहू, कमलेश कुमार कमल, बसन्त दास, प्रदीप कुमार, राकेश कुमार, सुबोध सिंह, संजय सिन्हा, शैलेन्द्र सिंह, रविन्द्र कुमार, बद्दी उजमा, शशिकान्त शर्मा, अमीत कुमार, उमेश सिंह, सुकुल गंझू, कैलाश साव, सीताराम यादव, प्रदीप सिंह, राजू ठाकुर, सबिता कुमारी, सरोज कुमारी, कौशल्या देवी, मो दिलावर अंसारी, भागीरथ रविदास, मुकेश कुमार, मृत्युजंय सिंह, प्रमोद सिंह, अनिल सिंह, संजय सिन्हा, ओमकार नाथ सिंह, रामखेलावन रविदास, संगीता कुमारी, मुन्नी यादव, सरिता शर्मा, दीपक कुमार, हरेन्द्र विश्वकर्मा, रंजीत यादव, अर्जुन ठाकुर, खुर्शीद अंसारी, श्रीकांत शेखर, आलोक प्रियदर्शी, शैलेश वर्मा, कुलदीप यादव, सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

## जल सहिया संघ ने किया प्रदर्शन, सौंपा मांग पत्र



**टाटीझरिया(आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश ग्राम जल सहिया संघ के टाटीझरिया इकाई ने शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। इसमें जल सहिया को चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी में नियुक्ति, इसी के अनुरूप वेतनमान व सुविधाएं, दो सेट पोशाक, बकाया मानदेय का भुगतान, शौचालय निर्माण में प्रोत्साहन राशि का भुगतान, जल-नल कार्य जल सहिया के द्वारा कराया जाए, योग्यता धारी जल सहिया का ब्लॉक कॉर्डिनेटर पद पर नियुक्ति, पेयजल व स्वच्छता विभाग का कार्य जल सहिया को सौंपा जाए आदि कई मांग शामिल है। मौके पर मीरा सिन्हा, शुभम सिंह, बबीता देवी, कोयल कुमारी, मुनी देवी, मालती देवी, प्यासा देवी, कंचन देवी, प्रेमलता देवी, मीना देवी, लीलावती देवी, कुंती देवी, सुनिता कुमारी, पूनम देवी, संगीता देवी, प्रमिला देवी, गीता देवी, यशोदा देवी, लाडली खातून, बिंदु देवी, हेमा देवी उपस्थित थी।

## दिव्यांग संगठन ट्रस्ट की कार्यकारिणी समिति व डेवलपमेंट कमेटी के चयन को लेकर बैठक



**बड़कागांव(आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के शिव मंदिर के प्रांगण में दिव्यांग संगठन ट्रस्ट की मासिक बैठक का आयोजन किया गया।इसकी अध्यक्षता रामेश्वर महतो व संचालक लोकनाथ राणा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से निर्णय लिया गया कि 20 सितम्बर को दिव्यांग संगठन ट्रस्ट की कार्यकारिणी समिति और ब्लॉक डेवलपमेंट कमेटी का चयन किया जाएगा। एनएलआर इंडिया फाउंडेशन के राज्य समन्वयक काशीनाथ चक्रवर्ती ने10 समूह में 50000 रुपैया रोजगार करने के लिए दिए।जिसमें दिव्यांग संगठन ट्रस्ट को संचालित करने के लिए अभी तक हम लोगों को कार्यालय का व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग मंदिर मैं बार-बार बैठक कर रहे हैं। इस दौरान सदस्यों ने कहा कि विधायक व प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन दे चुके हैं। पर अभी तक हमलोगों को कार्यालय पर कोई विचार नहीं किया गया। बैठक में मुख्य रूप से एनएलआर के राज्य समन्वयक काशीनाथ चक्रवर्ती दिव्यांग संगठन ट्रस्ट के अध्यक्ष लोकनाथ राणा ,संयोजक रामेश्वर महतो, जानकी साव, अधिवक्ता तारकेश्वर महतो, मोहम्मद साजिद, विमला देवी, बबीता कुमारी, प्रभावती देवी, मुकेश कुमार, मोती महतो ,बिरजू कुमार, विमला देवी ,नारायण महतो ,अमृत महतो ,प्रकाश राम, सुंदर प्रसाद ,जीतन महतो ,मनवा देवी आदि उपस्थित थे।

## टाटीझरिया प्रखंड में परेशान होते रहे दिव्यांग, नहीं पहुंचे चिकित्सक

**टाटीझरिया(आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय में दिव्यांग जनों के लिए लगाए गए शिविर में लापरवाही सामने आई है। यहां शिविर का आयोजन तो किया गया लेकिन शिविर में चिकित्सक ही नहीं पहुंचे। जिस कारण दिव्यांगों को बैरंग वापस लौटना पड़ा। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड रांची के निदेर्शानुसार 6 से 18 आयुवर्ग के बच्चों का दिव्यांगता प्रमाणपत्र की अनिवार्यता को देखते हुए शुक्रवार को टाटीझरिया में शिविर आयोजित होने की सूचना पर दूर दराज के गांवों से दिव्यांग पहुंचे थे। इसमें करमा निवासी आर्यन कुमार, भराजो से परमेश्वर प्रसाद, चुरचू से रमेश मुरमू, खरिका से चमन मांझी, चोंचा से नीलेश मुरमू, खंभवा से करण कुमार, सोनू कुमार, मानवी कुमारी, कमलेश कुमार, डुंगो से पूनम कुमारी, डुमर से अभिषेक प्रजापति, बौधा से नंदनी कुमारी, आजम अंसारी, करिश्मा कुमारी, झरपो से आकाश प्रसाद, टाटीझरिया से आकाश कुमार दास, डहरभंगा से मीना समेत कई लोग शामिल हैं। चिकित्सकों के नहीं पहुंचने से नाराज दिव्यांगों व परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने अव्यवस्था के खिलाफ आक्रोश प्रकट किया। झामुमो नेता रवि सिंह एवं भाजपा नेता सुरेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि प्रशासन की लापरवाही के कारण क्षेत्र के दूरदराज इलाकों के दिव्यांगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लेकिन अधिकारी इस लापरवाही के प्रति जरा भी गंभीर नहीं है। चिकित्सा प्रभारी अरूण कुमार सिंह ने बताया कि शिविर लगाया जाना था लेकिन इसे स्थगित कर दिया गया। फिर से तिथि निर्धारित कर शिविर लगाया जाएगा।

## अनिल कुमार मेहता बने पदमा प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि



**पदमा(आजाद सिपाही)।** बरही विधानसभा के विधायक उमाशंकर अकेला यादव के विधायक प्रतिनिधि बनाये गए अनिल कुमार मेहता,बताते चले कि अनिल कुमार मेहता वर्तमान समय मे पदमा पंचायत के मुखिया भी है साथ ही साथ पदमा प्रखंड के मुखिया संघ के अध्यक्ष भी है एवं उनकी सामाजिक कार्यो में भी काफी साझेदारी रहती है, समाज के प्रति जो उनका काम करने का जज्बा है ये लोगो को बहुत ही ज्यादा प्रभावित करता है , जिसको लेकर विधायक के द्वारा शुक्रवार को विधायक अकेला जी के आवास पर उन्हें विधायक प्रतिनिधि के रूप में सम्मानित किया गया साथ ही साथ उन्हें हजारीबाग के पदमा प्रखंड के विकास कार्यों में गति प्रदान करवाने एंव निगरानी एंव विधायक के अनुपस्थिति में प्रखंड की सभी विभागों की बैठकों में भाग लेने के लिए विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किये गए। साथ ही साथ अनिल कुमार मेहता ने निर्वाचन पत्र लेते हुए कहा की पूरी निष्ठा एंव ईमानदारी के साथ अपनी दायित्व का निर्वहन करूंगा एंव जनता के हर दुख सुख में साथ रहूंगा एंव उनकी आवश्यक्ताओ को पूर्ण करने का सम्पूर्ण प्रयास करूंगा। इस मौके पर लथिक मियां ,त्रिवेणी प्रसाद मेहता ,उपेंद्र मेहता,कृष्णा मेहता, सीताराम मेहता,विजय मेहता, दिनेश मेहता, भुवनेश्वर मेहता आदि सैकड़ो समाजसेवी मौजूद थे।

## गणपति बप्पा मोरया अगले वर्ष तू जल्दी आ के साथ लोगों ने नम आंखों से दी विदाई



**इचाक(आजाद सिपाही)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बरियठ गांव में सिद्धि विनायक गणपति बप्पा को हजारों की संख्या में भक्तों ने नौ दिन पूजा करने के बाद भावभीनी विदाई दीया। गणपति की पूजा चतुर्दशी को प्रारम्भ हुई जो नौ दिन तक विधिवत पूजा चली। गुरुवार को हवन कार्य एवं प्रसाद वितरण भंडारा किया गया। नौ दिनों तक गणपति का पूजा अर्चना और आरती में पूरे गांव सुबह शाम लीन रहे। गणपति बप्पा की शोभायात्रा शुक्रवार को संध्या चार बजे बरियठ से इचाक मोड़ तक निकाला गया। शोभा यात्रा में शामिल पूजा समिति के अध्यक्ष हेमंत कुमार, जयनारायण प्रसाद मेहता, कोषाध्यक्ष सुधाकर कुमार मेहता, दिगंबर कुमार मेहता ,राजबल्लभ मेहता, राजेंद्र मेहता, सुजीत कुमार, मनोज मेहता, विवेक कुमार, सिकंदर कुमार, सुनील मेहता, विकास कृष्ण चंद्र, कैलाश मेहता, राजू कुमार, जागेश्वर मेहता, महेंद्र महात्मा, प्रेम मेहता समेत बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

## मृतक के परिजनों ने ससुराल वालों पर लगाया हत्या का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** तिलैया थाना क्षेत्र के अंबेडकरनगर से पुलिस ने शुक्रवार की सुबह संदेहास्पद स्थिति में एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। बरामद शव की पहचान बिहार के गया निवासी संजय मांझी के रूप में की गई। घटना बीती रात की बताई गई है। जानकारी अनुसार मृतक संजय 2 दिन पूर्व अपने ससुराल आया हुआ था। जहां बीती रात फंदे के सहारे आत्महत्या कर लिया है। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। जानकारी अनुसार संजय रात्रि भोजन के बाद कमरे में सोने चला गया। जब सुबह हुई तो उसकी लाश कमरे में फंदे से लटका पाया गया। हालांकि पुलिस पुलिस के पहुंचने से पहले शव को फंदे से उतारकर जमीन पर रख दिया गया था। इधर सूचना के बाद मृतक के परिजन गया से तिलैया पहुंचे। जंहा मृतक के परिजनों ने ससुराल (लड़की पक्ष) पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतक के परिजनों के मुताबिक संजय मांझी के साथ सास राजो देवी का व्यवहार ठीक नही था। पत्नी के साथ भी घरेलू विवाद होता रहता था। जबकि मृतक की पत्नी खुशबू देवी ने अपने ससुराल वाले पर मारपीट करने का आरोप लगाया। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। इधर पुलिस मामले के हर बिंदु पर जांच कर रही है।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 10 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com


# रूस से दूरी नहीं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईस्टर्न इकॉनमिक फोरम की सातवीं बैठक में अपने भाषण से एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि भारत की नीति अन्य देशों और संगठनों के हितों तथा उनकी प्राथमिकताओं से तय नहीं होने वाली। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भारत आर्कटिक मसलों पर रूस के साथ साझेदारी मजबूत करने का इच्छुक है। उन्होंने रूस से कोकिंग कोल का आयात बढ़ाने की संभावनाओं का तो जिक्र किया ही, यह भी कहा कि पूर्वी रूस के विकास में भारतीय प्रफेशनल टैलेंट अहम भूमिका निभा सकते हैं। यहां तक कि उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन के नेतृत्व की भी तारीफ की। हालांकि यह तारीफ रूस के पूर्वी क्षेत्रों के विकास के सीमित संदर्भ में की गयी थी, लेकिन फिर भी मौजूदा वैश्विक संदर्भों में इसकी अहमियत को अनदेखा नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री ने ये बातें ऐसे समय में कही हैं, जब पश्चिमी देश बार-बार संकेत दे रहे हैं कि रूस के साथ भारत की व्यापारिक गतिविधियां उनकी आंखों में खटक रही हैं। भले अमेरिका समेत किसी भी देश ने इस पर सीधे आपत्ति नहीं की, लेकिन उनकी लगातार यह कोशिश रही है कि धीरे-धीरे ही सही इसमें कमी की जाये। इन्हीं कोशिशों के तहत अब रूस के तेल की कीमतों पर कैप लगाने की बात भी की जा रही है। मगर प्रधानमंत्री के इस भाषण ने उन तमाम परोक्ष संकेतों और दबाव बनाने की कोशिशों को एक झटके में अप्रासंगिक बना दिया। अब बात तेल आयात करने या हथियारों की खेप मंगाने तक सीमित नहीं रही। अन्य क्षेत्रों में भी सहयोग बढ़ाने की हो गयी है। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से देखा जाये तो यह भारत की ओर से राजनीतिक स्तर पर पश्चिमी देशों को दिया गया अब तक का सबसे स्पष्ट संकेत कहा जा सकता है। यह इस लिहाज से भी अहम है कि अगले सप्ताह ही उज्बेकिस्तान में होने वाली एससीओ (शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन) शिखर बैठक में रूसी राष्ट्रपति पूतिन और प्रधानमंत्री मोदी की आमने-सामने मुलाकात होने वाली है। हालांकि इन सबका मतलब यह नहीं माना जा सकता कि यूक्रेन युद्ध के मसले पर भारत के स्टैंड में कोई बदलाव आ गया है। गौर करने की बात है कि ईस्टर्न इकॉनमिक फोरम की उस बैठक में पूतिन यूक्रेन युद्ध का जिक्र करने से बचते रहे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने न केवल उसका जिक्र किया और उसकी वजह से वैश्विक स्तर पर सप्लाई लाइन में आ रही दिक्कतों का मुद्दा उठाया, बल्कि युद्ध बंद करने के शांतिपूर्ण उपायों के लिए अपना पूरा समर्थन भी घोषित किया। जाहिर है, प्रधानमंत्री के इस स्पष्ट बयान को किसी और रूप में नहीं लिया जा सकता। इससे भारत के इस या उस तरफ झुके बगैर अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप स्वतंत्र विदेश नीति का अनुसरण करते रहने की प्रतिबद्धता ही रेखांकित हुई है।

**भले अमेरिका समेत किसी भी देश ने इस पर सीधे आपत्ति नहीं की, लेकिन उनकी लगातार यह कोशिश रही है कि धीरे-धीरे ही सही इसमें कमी की जाये। इन्हीं कोशिशों के तहत अब रूस के तेल की कीमतों पर कैप लगाने की बात भी की जा रही है।**

**खिलौनों के बाजार में चीन की हिस्सेदारी की बात करें तो पूरी दुनिया के 55-60 प्रतिशत खिलौने चीन में बनते हैं और वर्ष 2021 में खिलौने और गेम्स के निर्यात से ही चीन ने 100 अरब डॉलर की कमाई की थी। वहीं, बड़ी मात्रा में चीनी खिलौने भारत में भी आयात किए जाते थे, लेकिन वर्ष 2020 में गलवान घाटी की हिंसा के बाद भारत ने चीन से आयात कम करना शुरू कर दिया और खुद खिलौने बनाने के क्षेत्र में उतर गया। कुछ वर्ष पहले तक चीन के बने 80 प्रतिशत खिलौने भारतीय बाजार में मौजूद थे। अगर हम बात करें वर्ष 2018-19 की तो इस एक वर्ष में भारत ने चीन से 37.1 करोड डॉलर के खिलौनों का आयात किया था, लेकिन वर्ष 2021-22 में यह घटकर 11 करोड़ डॉलर तक रह गया है।**

# खिलौने, लैब में बने हीरे और साइकिल उद्योग में भी चीन को पछाड़ेगा भारत

**श्रीकांत**



मोबाइल फोन की बात करें तो पहले इस क्षेत्र में भारत बहुत पीछे था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों की मेहनत के बाद भारत चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता बन गया है। इसी सफलता को सरकार खिलौना उद्योग में भी दोहराना चाहती है, जिसके लिए पीएलआइ स्कीम लायी जा रही है। अभी तक जो पीएलआइ स्कीमें भारत में लागू की गयीं, वे विदेशी निर्माताओं को लुभाने में कारगर साबित हुई हैं।

इस समय वैश्विक स्तर पर खिलौना उद्योग 141 अरब डॉलर का बड़ा बाजार है। जिस तीव्र गति से खिलौना उद्योग बढ़ रहा है, उसे देखते हुए वर्ष 2028 तक यह 240 अरब डॉलर तक पहुंचेगा। फिलहाल अंतर्राष्ट्रीय बाजार में खिलौना उद्योग की बाजी चीन के हाथ है, क्योंकि वह पूरी दुनिया की खिलौनों की जरूरत का आधे से अधिक हिस्सा खुद तैयार करता है।

चीन की हुआदा खिलौना कंपनी इस क्षेत्र की एक बड़ी खिलाड़ी है और इस कंपनी के बनाए खिलौने विदेशों में बड़ी मात्रा में निर्यात किए जाते हैं। ठीक इसी तरह गुडबेबी ग्रुप, नानहाई सीनो-यूएस ट्वॉय फैक्टरी, नानहाई होंगचिंग कंपनी, यांगत्सोऊ ट्वॉय कंपनी, युनख सैली क्राफ्ट कंपनी, वेनचौऊ आर्टस एंड क्राफ्ट्स कंपनी, लिराडो ग्रुप, अल्फा ग्रुप बड़ी खिलौना कंपनियां हैं, जिनका बोलबाला चीन के साथ विदेशी बाजारों में भी है।

**सरकार खिलौना फैक्टरी भारत में लगाने वालों को कुछ वर्षों के लिए टैक्स हॉलीडे देने जा रही है।**

खिलौनों के बाजार में चीन की हिस्सेदारी की बात करें तो पूरी दुनिया के 55-60 प्रतिशत खिलौने चीन में बनते हैं और वर्ष 2021 में खिलौने और गेम्स के निर्यात से ही चीन ने 100 अरब डॉलर की कमाई की थी। वहीं, बड़ी मात्रा में चीनी खिलौने भारत में भी आयात किए जाते थे, लेकिन वर्ष 2020 में गलवान घाटी की हिंसा के बाद भारत ने चीन से आयात कम करना शुरू कर दिया और खुद खिलौने बनाने के क्षेत्र में उतर गया। कुछ वर्ष पहले तक चीन के बने 80 प्रतिशत खिलौने भारतीय बाजार में मौजूद थे। अगर हम बात करें वर्ष 2018-19 की तो इस एक वर्ष में भारत ने चीन से 37.1 करोड डॉलर के खिलौनों का आयात किया था, लेकिन वर्ष 2021-22 में यह घट कर 11 करोड़ डॉलर तक रह गया है।

भारत अब इस खेल को बदलने में जुट गया है। वर्तमान भारत सरकार न सिर्फ देश में बड़ी मात्रा में खिलौने बनाने की योजना पर काम कर रही है, बल्कि विदेशों में भारत में बने खिलौनों का निर्यात कर अंतर्राष्ट्रीय खिलौना बाजार में अपनी हिस्सेदारी चीन से ज्यादा करने की दिशा में काम कर रही है। शुरुआती दौर में भारत 141 अरब डॉलर के अंतर्राष्ट्रीय खिलौना बाजार का 10 प्रतिशत भी अपने पक्ष में कर ले तो 13-14 अरब डॉलर खिलौना उद्योग से कमा सकता है। भारत सरकार इस दिशा में तेजी से काम कर रही है जिससे अंतर्राष्ट्रीय खिलौना और गेम्स निमार्ता कंपनियां, जो अभी चीन में काम कर रही हैं, वे भारत आकर अपनी खिलौने की फैक्टरी लगायें, जिसके लिए भारत उनकी हरसंभव मदद करेगा।

सरकार की योजना खिलौना और लैबोरेटरी में हीरे बनाने तथा साइकिल उद्योग को बढ़ावा देने की है। भारत सरकार इसके लिए 1.97 लाख करोड़ रुपये की प्रोडक्शन लिंक्ड इंसैटिव स्कीम लाने जा रही है, जिससे अगले 5 वर्षों में 60 लाख नयी नौकरियों का सृजन होगा। सरकार खिलौना फैक्टरी भारत में लगाने वालों को कुछ वर्षों के लिए टैक्स हॉलीडे देने जा रही है, जिससे आने वाले दिनों में खिलौना उद्योग का केंद्र भारत बने। ठीक इसी तरह साइकिल का बाजार भी तेजी के साथ बढ़ता जा रहा है और वर्ष 2021 तक वैश्विक साइकिल बाजार 60 अरब डॉलर का हो चुका है। लैब में बनाये जाने वाले बहुमूल्य पत्थर, जिनमें प्रमुख रूप से हीरे का नाम आता है, जिसका इस्तेमाल आभूषणों के साथ कंप्यूटर चिप्स, 5जी उपकरणों और उपग्रहों में भी होता है।

इन तीनों सेक्टरों में पीएलआइ स्कीम के लिए सरकार तेजी से काम कर रही है। इनमें सबसे ज्यादा ध्यान खिलौना उद्योग पर दिया जा रहा है, क्योंकि सर्वाधिक तेजी से बढ़ने वाले बाजारों में खिलौना उद्योग सबसे आगे है। भारत में खिलौने बनाने वाले निर्माताओं को नुकसान न पहुंचे, इसके लिए भारत सरकार ने खिलौने और गेम्स के आयात पर पहले ही टैक्स को 20 प्रतिशत से बढ़ा कर 60 प्रतिशत कर दिया है। भारत सरकार देश से खिलौनों के निर्यात पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इससे एक तरफ भारत खिलौना उद्योग का केंद्र बनेगा, तो वहीं दूसरी तरफ इससे युवाओं को रोजगार भी मिलेगा।

मोबाइल फोन की बात करें तो पहले इस क्षेत्र में भारत बहुत पीछे था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों की मेहनत के बाद भारत चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता बन गया है। इसी सफलता को सरकार खिलौना उद्योग में भी दोहराना चाहती है, जिसके लिए विशेष तौर पर पीएलआइ स्कीम लायी जा रही है। अभी तक जो पीएलआइ स्कीमें भारत में लागू की गयीं, वे विदेशी निर्माताओं को लुभाने में कारगर साबित हुई हैं। भारत सरकार की इस मुहिम से न सिर्फ देश विनिर्माण के क्षेत्र में अग्रणी बनेगा, बल्कि युवाओं को रोजगार के साथ निर्यात से विदेशी मुद्रा भी अर्जित करेगा। वैश्विक बाजार में जहां इससे सबसे बड़ा लाभ भारत को मिलेगा, वहीं चीन से बाहर जाते विदेशी निर्माता भी भारत का रुख करेंगे।

## जमशेदपुर की खबरें

# चांडिल के पास रेनोविजन दवा कंपनी में ड्रग विभाग का छापा

## मजिस्ट्रेट की देखरेख में दवा सैंपल की हुई जांच

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**चांडिल।** चांडिल थाना अंतर्गत भुईयाडीह स्थित चर्चित दवा कंपनी रेनोविजन एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड में ड्रग विभाग की टीम ने फिर छापेमारी शुरू की है। बताया जाता है कि सुबह दस बजे से छापेमारी की जा रही हैं, छापेमारी में चांडिल पुलिस की टीम भी शामिल है। करीब तीन घंटे से कंपनी के अंदर जांच चल रही है। छापेमारी टीम ने कंपनी के मुख्य द्वार को बंद कर दिया है। बताया जाता है कि टीम द्वारा कंपनी में बनाए जाने वाली दवाओं के सेंम्पल की जांच की जा रही हैं। बता दें कि चांडिल के भुईयाडीह स्थित रेनोविजन एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में छापेमारी की जा रही हैं। इस कंपनी प्रबंधन पर लॉकडाउन के दौरान अवैध रूप से कोरोना की दवा बेचने का आरोप लगा था, जबकि उस समय कोरोना की कोई वैक्सीन या दवा नहीं निकली थी। प्रबंधन द्वारा ग्रामीणों को 100- 200 रुपये में कोरोना की दवा बता कर बेचने के आरोप लगे थे। स्थानीय प्रशासन द्वारा जांच के बाद इसकी पुष्टि की गयी थी और अग्रतर कार्रवाई के लिए सिविल सर्जन को रिपोर्ट भेजी गयी थी, लेकिन बाद में मामले को रफा-दफा कर दिया गया था। वहीं, बीते सितंबर माह में भी ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा इस कंपनी में छापेमारी कर दवाओं के सैंपल लिये थे। उस समय भी कंपनी प्रबंधन द्वारा छापेमारी टीम तथा स्थानीय पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार किया था। कंपनी प्रबंधन द्वारा पिछले छापेमारी में दुर्व्यवहार किए जाने के कारण इस बार ड्रग विभाग द्वारा सतर्कता बरती गयी हैं। शुक्रवार को सुबह से चल रही छापेमारी में मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गयी है। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में जांच चल रही है।

# जमशेदपुर के कई होटलों में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी का छापा

# साकची समेत कई रेस्टोरेंट और होटलों में पायी गयी गड़बड़ियां

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के जिला दंडाधिकारी-सह उपायुक्त विजया जाधव के आदेशानुसार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मनजर हुसैन द्वारा कबाब एंड करी रेस्टोरेंट, सैफरोन रेस्टोरेंट, व्हाइट रोज रेस्टोरेंट तथा दिल्ली दरबार रेस्टोरेट आमबगान, साकची स्थित परिसर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में एकांश फूड बीवरेज का कबाब एंड करी आउटलेट का लाइसेंस रजिस्टेशन नहीं पाया गया एवं व्हाइट रोज रेस्टोरेट का संचालन एफएसएसएआइ रजिस्ट्रेशन के आधार पर किया जा रहा था, जबकि उक्त रेस्टोरेट का वार्षिक टर्नओवर 12 लाख रुपये से अधिक था। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा उक्त सभी रेस्टोरेंट को एफएसएसएआइ के मानक के अनुरूप साफ-सफाई एवं स्वच्छता बनाये रखने का निर्देश दिया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि बिना एफएसएसएआइ लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन के रेस्टोरेट संचालन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

मिष्ठान बिक्री करने वाले दुकानदार को अपने डिस्प्ले में मिठाई का विनिर्माण तिथि तथा अंतिम उपयोग की तिथी अंकित रहना आवश्यक है। खुदरा एवं थोक खाद्य सामग्री बिक्री करने वाले दुकानदारों को एक्सपाइरड या सड़े गले खाद्य पदार्थों की बिक्री न करने की सलाह दी ही है। रेस्टोरेंट के किचन के दिवारों में पापड़ी, मकड़ी का जाला तथा फूफंदी लगा नहीं रहना चाहिए। उक्त बिंदुओं में कमी पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत विधी सम्मत कारवाई की जायेगी। जिला प्रशासन के आदेशानुसार अगामी पर्व, त्योहार एवं दशहरा पूजा को देखते हुए उक्त अभियान शुक्रवार से एक माह तक जारी रहेगा। साथ ही प्रशासन द्वारा खाद्य व्यवसायवेता से खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, नियम, विनियमों को लागू कराने में सहयोग करने की अपील है। खाद्य प्रतिष्ठानों के प्रमुख स्थानों पर एफएसएसएआइ लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन की प्रति चिपका कर रखने का निर्देश दिया गया है।

# अनंत चतुर्दशी व्रत में महिलाओं ने सुना कथा का पाठ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** शहर में अनंत चतुर्दशी का ब्रत महिलाओं ने खुसी खुसी मनाया। मौके पर शहर के मंदिरों में कथा सुनने के लिए महिलाओं के भीड़ लगी रही। वैसे आज के दिन भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। अनंत चतुर्दशी का व्रत विष्णुजी के अनंत स्वरूप को समर्पित है। आज के दिन मंदिरों में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करने से परिवार में समस्त संकटों का नाश होता है। अनंत चतुर्दशी के व्रत में विहार के महिलाएं एक समय बिना नमक का भोजन किया करते है। बताया जाता है, जब पांडव अपनी सारी संपत्ति जुआ में हार गये और जंगल में रहने को विवश हुए तो भगवान श्री कृष्ण ने पांचों भाई पांडव और द्रौपदी को अनंत चतुर्दशी व्रत करने को कहा था। उधर व्रत कर कथा सुनने के बाद धीरे-धीरे पांचों भाइयों का कष्ट खत्म होता चला गया। वैसे मानना है अनंत चतुर्दशी प्राप्त करने से सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

# सिल्ली-रांगामाटी सड़क पर दो बाइकों के बीच टक्कर

## महिला समेत तीन लोग घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चांडिल।** सरायकेला- खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना अंतर्गत सिल्ली- रांगामाटी सडक पर पिलीद पेट्रोल पंप के समीप दो बाइकों के टकराने से दो महिला सहित तीन बाइक सवार घायल हो गये। सभी घायलों को ग्रामीणों द्वारा मिलन चौक स्थित माधुरी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है, जहां घायलों का इलाज किया जा रहा है। घायलों में प्रमिला देवी(23), आलोमनी देवी(42) व शंकर तांती(32) शामिल हैं।

मिली जानकारी के अनुसार ये तीनों ईचागढ़ प्रखंड के नारो गांव के रहने वाले हैं, जो बंगाल के कालीमाटी जा रहे थे। जहां पिलीद पेट्रोल पंप के समीप एक बाइक अन्य बाइक सवार ने अचानक ब्रेक मार दिया, जिससे दोनों बाइक आपस मे टकरा गये। बाइक के आपस में टकराने से तीनों गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय ग्रामीणों ने घायलों को मिलन चौक स्थित माधुरी नर्सिंग होम पहुंचाया, जहां तीनों का इलाज चल रहा है।

# दुर्गा पूजा पंडाल में बिजली कनेक्शन लेने में हो रही दिक्कत, नियम सरल करने की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर दुर्गा पूजा केंद्रीय समिति की सेंट्रल जोन बी की बैठक सीतारामडेरा बाराद्वारी में संपन्न हुई। इसमें जोन के 32 दुर्गा पूजा समितियों के प्रतिनिधि ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष नंदजी सिंह द्वारा किया गया। संचालन शंभू मुखी द्वारा एवं धन्यवाद ज्ञापन आरएन दुबे द्वारा दिया गया। इसमें मुख्य रूप से समितियों द्वारा जो समस्याएं बतायी गयी। उसमें प्रमुख रूप से मुखी समाज दुर्गा पूजा समिति ने निवेदन किया कि बिजली के लिए हम लोग पैसे देने के लिए तैयार हैं, परंतु इसकी प्रक्रिया जो है अत्यंत जटिल है, जिसे टाटा स्टील यूआईएसएल जुस्को द्वारा सरल किया जाये, क्योंकि इसमें तीन से चार दिन का समय लग जा रहा है। संकट मोचन हनुमान मंदिर सब्जी मंडी साकची के प्रतिनिधि ने निवेदन किया की पत्ता मार्केट में जो गेट दिया गया है, उस गेट से मां दुर्गा की प्रतिमा अंदर नहीं ले जाया जा सकता है। उस पर विचार कर उसे बढ़ाया जाये।

आरबी प्रसाद पूजा कमेटी सीतारामडेरा ने निवेदन किया कि जीएल चर्च लाईन लेबर ऑफिस के पास काफी अंधेरा हो जाता है, जहां पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था की जाए, जिससे असामाजिक तत्वों का जमावड़ा पूजा के दिनों में ना लग सके। कालिंदी बस्ती दुर्गा पूजा समिति में पेड़ों की छंटाई के लिए आग्रह किया। जोड़ा मंदिर एवं नितिबाग पूजा समिति ने स्लैग की मांग की। इस बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष आशुतोष सिंह, महासचिव रामबाबू सिंह, सचिव जितेंद्र कुमार, अजय शर्मा, सुनील देबुका, संतोष कुमार मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 10 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com


## एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम संपन्न



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला जल सहिया संघर्ष समिति द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत उपायुक्त कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षा जिला अध्यक्ष मालती देवी एवं संचालन महासचिव रेखा देवी तथा संयुक्ता देवी ने किया। धरना-प्रदर्शन के अंत में 5 सूत्री मांग पत्र मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को सौंपा गया। सौंपे गये मांग पत्र मे एक हजार मानदेय को बढ़ाकर अठारह हजार रुपये करने, बकाया मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि देने, जल सहिया को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, सभी का स्वास्थ्य बीमा करने एवं ड्रेस कोड उपलब्ध कराने का मांग शामिल है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में समिति के संरक्षक सह भाजपा नेता सूरज गुप्ता उपस्थित थे। धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सूरज गुप्ता ने कहा कि झारखंड को स्वच्छता के क्षेत्र में अलग पहचान दिलाने वाले जल सहिया आज अपने हक की भीख मांग रहे हैं यह राज्य सरकार के लिए शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार जल्द संवेदनशीलता दिखाते हुए इनके बाल बच्चों का भविष्य अंधकार में जाने से बचाए क्योंकि जितनी ईमानदारी और लगन के साथ मेहनत जल सहिया करती हैं उनका मजदूरी ऊंट के मुंह में जीरा के कहावत के समान है। श्री गुप्ता ने कहा कि यदि राज्य सरकार जल सहिया के साथ उपेक्षा करती है तो किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा तथा यह आंदोलन की चिंगारी रांची और दिल्ली तक जलेगी। उन्होंने कहा कि जल सहिया के साथ प्रतिशोध की भावना से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग साजिश कर रही है। जिला अध्यक्ष मालती देवी ने कहा कि घर, समाज और देश का इज्जत नारी है अगर यह सरकार हम लोगों का मांग पूरा नहीं करती है तो ईंट से ईंट बजा देंगे। महासचिव रेखा देवी ने कहा कि हम हारने और थकने वाले लोग नहीं है अपने हक और सम्मान के लिए आंदोलन को किसी हद तक ले जाना होगा तो हम सभी जल सहिया तैयार हैं। कार्यक्रम को धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त किया गया। धरना में सुमित्रा देवी, पूनम देवी, गीता देवी,प्रमिला देवी, रेखा देवी, बिंदा देवी,सुषमा देवी, फुलवंती देवी, कविता देवी, कौशल्या देवी, सरोज देवी, शारदा देवी, बबीता देवी, उषा देवी, रूपा देवी,नैना देवी,शोभा देवी, दुर्गावती देवी, लैला बीबी, गिरजा देवी, अंजू सिंह,बसंती देवी,सुचिता मिंज,पूर्णिमा का कच्छप, हीरामणि देवी, कामिनी देवी, सहित सैकड़ों की संख्या में जल सहिया अपनी मांगों के समर्थन में उपस्थित थीं।

## महिला की मौत से ग्रामीणों में शोक

**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लमारी कला पंचायत के हरिगावां गांव निवासी भीखू पासवान की 45 वर्षीया पत्नी मालती देवी की मौत हो गई। घटना शुक्रवार की सुबह की है। मालती देवी की मौत का कारण हृदयाघात से होना बताया जा रहा है। हालांकि तबियत बिगड़ने के बाद कांडी प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने स्थिति नाजुक बताते हुए रेफर कर दिया। तत्पश्चात परिजनों द्वारा गढ़वा अस्पताल ले जाने की तैयारी की ही जा रही थी कि मालती की मौत हो गई। शव को घर पर लाया गया। जहां परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों की चीत्कार से पूरा गांव गमगीन हो गया। वहीं घटना की सूचना पाकर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। पूरे गांव में शोक का लहर दौड़ गया। मृतिका अपने पीछे पति, तीन पुत्र एवं दो पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई। ज्ञात हो कि मालती देवी की मौत होने से परिजनों पर दु:ख का पहाड़ टूट पड़ा है। शव यात्रा में सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे। अंतिम संस्कार सोन नदी में के घाट पर किया गया। मृतक को उसके पति भीखू पासवान ने मुखाग्नि दी।

## समारोह का आयोजन किया

**धुरकी/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** धुरकी प्रखंड के शिक्षक बृजमोहन कोरवा शिक्षा के क्षेत्र मे सराहनीय योगदान के लिए उपायुक्त गढ़वा द्वारा सम्मानित किये जाने पर शिक्षक के सम्मान मे परासपानी कला विद्यालय में एक समारोह का आयोजन किया गया। सामरोह में गढ़वा जिला के भिन्न-भिन्न प्रखंड से दर्जनों शिक्षक आये और अपनी विचारों को रखा, सभी ने उपायुक्त द्वारा सम्मानित शिक्षक की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा दान से बड़ा कोई दान नहीं है। सभी शिक्षक सरकारी या गैर सरकारी सभी का दायित्व है कि शिक्षा का अलख जगाने तथा निष्ठा भाव से निरक्षरों को साक्षर करें। जिससे समाज मे एक सभ्य समाज का निर्माण हो सके। समारोह को कमलेश्वर पांडेय, सुनील दुबे, अरूण कुमार मेहता, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, सुनय राम, अरविंद कुमार यादव, आलोक कुमार, शशि प्रसाद यादव सहित दर्जनों लोगों ने अपनी विचारों को विस्तार पूर्वक रखा।

## मंत्री मिथिलेश की पहल पर पीएचसी दुलदुलवा में शुरू हुई ओपीडी सेवा

**मेराल (आजाद सिपाही)।** गढ़वा विधायक सह सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के पहल पर मेराल प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, दुलदुलवा में ओपीडी सेवा शुरू कर दिया गया है। पीएचसी में पदस्थापित डॉ कुलदेव चौधरी ने बताया कि अस्पताल काफी बड़ा है और यहां हर तरह की सुविधा की व्यवस्था की गई है। सामान्य बीमारियों के लिए ओपीडी का कार्य शुरू कर दिया गया है। पीएचसी में ओपीडी सेवा शुरू होने की जानकारी मिलते ही मरीजों की संख्या बढ़ेगी। यहां अभी बिजली पानी की समस्या है, दूर होते ही अन्य सेवा भी शुरू कर दिया जायेगा। सुविधाओं का लाभ मिलने पर स्थानीय ग्रामीणों को जिला मुख्यालय गढ़वा जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा के माननीय मंत्री निलेश कुमार ठाकुर एवं जिला प्रशासन की ओर से भी दुलदुलवा पर विशेष जोर है, निश्चित रूप से चिकित्सक एवं पारा मेडिकल कर्मियों के द्वारा लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। शुरूआती दौर में थोड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लेकिन ग्रामीणों और मेडिकल कर्मियों के आपसी सामंजस्य बनाकर इसे बेहतर किया जा रहा है। आनेवाले समय में इस क्षेत्र के लोगों को हर तरह की स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि सर्दी-खांसी, बुखार, निमोनिया, सिर दर्द, पेट दर्द, चर्म रोग जैसे रोगों से संबंधित मरीज आ रहे हैं। मरीजों को नि:शुल्क दवा उपलब्ध करायी जा रही है। उस मौके पर एएनएम ज्ञानवंती कुमारी, एमपीडब्ल्यू योगेंद्र चौबे सहित कई ग्रामीण थे।

### रमना रेलवे स्टेशन पर बीती रात पटना-सिंगरौली एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव का हुआ शुभारंभ

# सांसद, विधायक और रेल प्रबंधक ने हरी झंडी दिखाकर गाड़ी को किया रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रमना।** रमना रेलवे स्टेशन के प्रांगण में बीती रात पटना-सिंगरौली एक्सप्रेस ट्रेन का रमना स्टेशन पर ठहराव का शुभारंभ सांसद बीडी राम, विधायक भानु प्रताप शाही एवं रेल प्रबंधक आशीष झा ने सामूहिक रूप से हरी झंडी दिखाकर गाड़ी को रवाना किया। इसके पूर्व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि पटना सिंगरौली एक्सप्रेस का इस स्टेशन पर ठहराव शुरू हो जाने से रमना एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों को पटना एवं सिंगरौली जाने में काफी सुविधा होगी। जिससे आर्थिक एवं मानसिक रूप से लोगों को काफी बचत होगी। उन्होंने कहा कि पलामू के जनता को हर सुविधायें मिले, इसी को ध्यान में रखकर वे काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले यात्री सुविधाओं पर ध्यान नहीं दिया जाता था, अब नरेंद्र मोदी की सरकार में यात्री सुविधाओं पर पूरा जोर दिया जा रहा है। ट्रेनों में और स्टेशनों पर स्वच्छता का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनार बरवाडीह पैसेंजर का परिचालन भी जल्द शुरू होगा। रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का नगर ऊंटारी में जल्द ठहराव होगा। कहा की नगर ऊंटारी स्टेशन का नाम बदलकर श्री बंशीधर नगर किया जायेगा। इस मौके पर विधायक भानू प्रताप शाही ने कहा कि सांसद वीडी राम के प्रयासों से आज रमना वासियों की मांग पूरी हो रही है। सांसद क्षेत्र के विकास के लिए सदैव प्रयासरत हैं। श्री राम पलामू के पहले सांसद हैं जो लोकसभा में केंद्र सरकार के समक्ष क्षेत्र की हर छोटी और बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए आवाज बुलंद करते रहे है। वही रेल प्रबंधक आशीष झा ने कहा की रेल प्रबंधक यात्रियों को ध्यान में रखते हुवे कम समय तथा सस्ता एवं सुरक्षित यात्रा को लेकर संकल्पित है। बताया की आज विभाग ने करोड़ों खर्च कर आधुनिक सुविधा बढ़ाने का कार्य कर रही है जिसे हम सभी को भी गर्व होना चाहिए। मौके पर भाजपा नेता अलख पांडे, मुकेश रंजन सिन्हा, शारदा महेश प्रताप देव, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह, अमित प्रकाश, रामकेवल पासवान, चंद्रिका प्रसाद, आनंद गुप्ता, छोटू सिंह, राकेश विश्वकर्मा, रूपनारायण यादव सहित रेल प्रबंधक के कई लोग मौजूद थे।



### ढाई वर्ष बाद पुन: ठहराव हुआ शुरू

**देश में वैश्विक महामारी के बाद पूरे देश में रेल परिचालन बंद कर दिया गया था। जिसके बाद स्थिति समान्य होने के बावजूद सिंगरौली पटना एक्सप्रेस रमना में ठहराव नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का समाना करना पड़ रहा था। लोगों को यात्रा के लिए रमना से बंशीधर नगर तथा 22 कोलोमिटर दूर गढ़वा जाना पड़ता था। जिसके लिये समय समय पर प्रभात खबर ने प्रमुखता से खबर को प्रकाशित किया था। गाड़ी के ठहराव के बाद लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी।**

### स्थानीय लोगों ने दी बधाई

**प्रखंड मुख्यालय बाजार निवासी उमेश प्रसाद, संजय कुमार, अमित सोनी, जितेंद्र कुमार, धनंजय गुप्ता, रणजीत सोनी, रवि कुमार, अनिल कुमार, मनोज कुमार, मुकेश कुमार, अर्जुन कुमार, डाक्टर पारसनाथ, मुन्ना प्रसाद आदि कई लोगों ने सांसद बीडी राम तथा विधायक भानु प्रताप शाही को उक्त गाड़ी ठहराव होने पर बधाई दी है।**

## घरेलू विवाद में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढवा सदर थाना क्षेत्र के महुलिया गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पहुंच पुलिस शव को अपने कब्जे में ले पोस्टमार्टम हाउस भेज दी है, इधर परिजनों ने घटना के संबंध में बताया कि घरेलू विवाद से तंगी होकर युवक ने आत्म हत्या किया है। जबकि उधर पुलिस इस मामले की छानबीन गहनता से कर रही है।

## सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार घायल

**गढवा (आजाद सिपाही)।** जिला डंडाई थाना क्षेत्र के रमादास विष्वकर्मा के पुत्र विजय विश्कर्मा सड़क दुर्घटना में घायल हो गया, घटना के तत्पश्चात राहगीरों की मदद से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज चल रहा है एवं घायल विजय विश्वकर्मा के घरवालों को सूचना मोबाइल फोन के जरिए दिया गया जिसके बाद परिजन सदर अस्पताल पहुंचे।

## एनएच 75 पर अर्धनग्न अवस्था में पड़ा मिला अज्ञात महिला का शव

**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के अकलवानी गांव के पास नेशनल हाईवे के बीच से मेराल पुलिस ने गुरुवार की रात करीब 9 बजे एक अर्धनग्न अज्ञात महिला का शव बरामद किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महिला का हत्या कर शिनाख्त छुपाने के उद्देश्य शव को हाइवे सड़क के बीच में रखा हुआ पाया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। उस मौके पर थाना प्रभारी लाल बिहारी प्रसाद ने बताया कि एक अज्ञात महिला का अर्धनग्न शव अकलवानी गांव के समीप नेशनल हाईवे सड़क के बीच से बरामद किया गया है, जिसका फिलहाल पहचान नहीं हो पाई है। वहीं उन्होंने कहा कि महिला के हाथ में टैटू बना है जिसमें सकुंती नाम दर्ज है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को शिनाख्त के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में 72 घंटा तक रखा जायेगा।

## सर्व वेद यात्रा महोत्सव का किया आयोजन

**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के ताली में सर्व वेद यात्रा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव मे दुआ काफी लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन केतार प्रखंड प्रभारी नरेंद्र विश्वकर्मा ने किया। इस सर्ववेद महाग्रंथ में परमाणु तक के समस्त बाह्य तत्वज्ञान एवं अभ्यानंतर भेद साधन को सरल हिंदी भाषा मे दोहो के रूप में अनाकृत किया गया। इन दोहो को भावपूर्ण श्रवण कराया गया। झारखंड प्रदेश के अन्न मंत्री उपेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया की दोहो को भावपूर्ण श्रवण करने से आत्मा के शुभ संस्कार जागृत हो हटे है। और बेदना उद्धर्वमुख स्वरूप मे प्रकट हो जाता है। इस मौके पर पलामू जिला प्रचारक डॉक्टर रामरेश यादव,प्रचारक विजय मिश्रा, गढ़वा जिला सहसंयोजक जवाहर दुबे, सुरेंद्र विश्वकर्मा, प्रेमचंद गुप्ता, महिला उपदेशिका श्वेता देवी, शांति देवी, संगीता देवी, बैकुंठ साह, मैथिली शरण गुप्ता, दयाशंकर विश्वकर्मा, दयानंद विश्वकर्मा, भीम साह, रंजीत विश्वकर्मा, विजय साह, संतोष विश्वकर्मा, अयोध्या प्रसाद, मनोरंजन कुमार, विनोद विश्वकर्मा, अजय गुप्ता, कांडी प्रखंड प्रभारी संदीप कुमार, खरौंधी प्रखंड प्रभारी विनोद सिंह, उपस्थित थे।

### पलायन बना है अभिशाप

# बीते दो माह के भीतर आधा दर्जन युवाओं की लाशें आयी




नवीन कुमार गुप्ता

**भवनाथपुर।** क्षेत्र के बेरोजगार युवकों का पलायन अभिशाप बना हुआ है। बीते दो माह के भीतर क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आधा दर्जन युवाओं की आयी लाशें इस तथ्य को चीख चीखकर बयान कर रही है,वावजूद जनप्रतिनिधि के कानों पर जूं नही रेंग रहा है। ताजा मामला प्रखंड क्षेत्र के अरसली का है। अरसली उत्तरी निवासी 23 वर्षीय अहमद रजा पिता मौलाना जहीरुद्दीन अंसारी दो माह पूर्व पतरातू के राइस मिल में काम करने गया था, जहां करंट लगने से उसकी मौत हो गयी। युवक के मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बीते दो माह की घटनाओं पर नजर डालें तो 16 अगस्त को चपरी निवासी श्रीकांत साह,6 अगस्त को झुमरी निवासी राजा कुमार, बीते माह ही को मण्डरा के मुकेश बियार, लहराहा के सुरेश कोरवा एवं कैलान के रविंद्र कोरवा पलायन के कारण अनायास ही काल के गाल में समा गये। आखिर और कितनी लाशें देखने के बाद क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की निद्रा टूटेगी एवं रोजगार को लेकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य होगी।

### बेरोजगारी के भंवर जाल में फंसते जा रहे युवा

नि:संदेह भारत विश्व की सर्वाधिक युवा आबादी वाला देश है जो एक बड़ी श्रम शक्ति है, जिसके सहारे ही भारत को नंबर वन बनाया जा सकता है, लेकिन आज यही युवा बेरोजगारी के भंवर में फंसा हुआ है। युवाओं की पहली प्राथमिकता स्थायी रोजगार की है जो खेती-किसानी से मिलना संभव नहीं है। मनरेगा योजना भी बंद है। समाज में भी कृषि को दूसरे पेशे के मुकाबले सम्मान की दृष्टि से नहीं देखा जा रहा है। इससे युवा पीढ़ी गांव को छोड़कर सीधे शहरों की तरफ भाग रहा है। इस मानसिकता में बदलाव समय की मांग है। इस भूखंड में ग्रामीणों को पलायन के लिए मजबूर करने वाली स्थितियां और वजह बहुत गंभीर हैं और व्यापक भी हैं। अगर इस और ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में स्थितियां बहुत गंभीर होंगी।


ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल
मुख्य अभियंता का कार्यालय,
कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग
भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, रांची।

**ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

टेन्डर रेफरेन्स नं०–BCD/CE/65/Koderma/2022-23 दिनांक–09-09-2022

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Construction of Excise Office Building for Govnment of Jharkhand in Koderma |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू०) | रू०1,25,00,000.00(रुपये एक करोड़ पच्चीस लाख) मात्र । |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 9महीने |
| 4 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 19 -09-2022 |
| 5 | वेबसाइट पर बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय | 10-10-2022के11.00 AM तक |
| 6 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। |
| 7 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9631476651 |
| 8 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9631476651 |

• किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
• अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
*Note: UCAN Registration is mandatory for the Bidders*

नोडल पदाधिकारी
ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल,
मुख्य अभियंता का कार्यालय,
कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग,
PR 277436 (Building) 22-23 (D) भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची।



**कार्यालय जिला परिषद, खूँटी**

कार्यालय आदेश सं०– 30/जि०प०    दिनांक 08.09.2022

**प्रेस विज्ञप्ति**

**ग्रामीण क्षेत्र में नक्शा पारित करने हेतु Local Technical Person के पंजीयन हेतु Online आवेदन आमंत्रण के संबंध में।**

जिला परिषद, खूँटी अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में भवन निर्माण का नक्शा पारित कराने हेतु ऑनलाईन प्रक्रिया की शुरूआत कर दी गई है। इसके लिए भवन निर्माता किसी भी योग्य Draftsman/Architect/ Engineer को LTP (Local Technical Person) के रूप में पंजीकृत कराते हुए उन्हीं के माध्यम से जिला परिषद, खूँटी के विभागीय Login से आवेदन कर सकेंगे। LTP पंजीकरण हेतु इच्छुक उम्मीदवार ऑनलाईन आवेदन कर सकतें हैं।

उक्त LTP/User का चुनाव विभागीय नियमानुसार किया जाएगा। पंजीकरण एवं निर्माण गतिविधियों की आवेदन के समर्पण आदि की प्रक्रिया की जानकारी वेबसाईट लिंक:– **103.13.97.245:9091/BPAMS clent/login_khunti zila parishad** से अथवा कार्यालय अवधि में जिला परिषद, खूँटी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

ह०/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, खूँटी।

PR 277403 (District) 22-23 (D)



**कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्**
**(प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी))**

**!! आम सूचना !!**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के चतुर्थ घटक "लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण" हेतु भारत सरकार द्वारा विभिन्न वित्तीय वर्षों में योजना की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत योजनाओं के तहत झुमरी तिलैया नगर परिशद् अन्तर्गत लाभुकों द्वारा आवास निर्माण कराया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर परिषद, झुमरी तिलैया अन्तर्गत वित्तीय वर्श 2021–22 के ऐसे स्वीकृत लाभुक भी है, जो विभिन्न कारणों से यथा योजना का लाभ लेने के इच्छुक नहीं है/विवादित भूमि हैं/ भूमि दस्तावेज नहीं है / अयोग्य लाभुक है जैसे विभिन्न कारणों से योजना का लाभ लेने से वंचित होकर नाम को प्रत्यर्पित सूची में शामिल कर राज्य सरकार को प्रेशित किया जाएगा। अतएव ऐसे सभी संबंधित लाभुकों को अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि यदि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का लाभ लेने में आप इच्छुक हैं, तो सभी दस्तावेज के साथ दिनांक– 15.09.2022 से पूर्व नगर परिषद, झुमरी तिलैया में प्रधानमंत्री आवास योजना कोषांग से संपर्क स्थापित करते हुए अपना नाम प्रत्यर्पण सूची में हटवा ले अन्यथा आपको योजना के लाभ से भी वंचित कर दिया जाएगा। प्रत्यर्पित सूची नगर परिषद, झुमरी तिलैया कार्यालय के सूचना पट्ट में प्रदर्शित है।

ह०/–
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद्

PR 277373 Urban Development(22-23)#D


### संबद्ध डिग्री महाविद्यालय महासंघ नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय इकाई ने की बैठक

# 11 सूत्री मांग को लेकर संबद्ध डिग्री महासंघ एनपीयू के समक्ष 13 को देगा धरना

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** संबद्ध डिग्री महाविद्यालय महासंघ नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय इकाई की बैठक शुक्रवार को ऑनलाइन के माध्यम से संपन्न हुई। बैठक में विश्वविद्यालय द्वारा 22 जनवरी 2019 को दिये गये मांग पत्र के आलोक में कुलपति द्वारा दिये गये आश्वासन के बावजूद ग्यारह सूत्री मांग पत्र को पूरा नहीं किये जाने तथा वित्तीय वर्ष 2021-22 के अनुदान की राशि संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों को अब तक रिलीज नहीं किये जाने पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। इस बावत 13 सितंबर को विश्वविद्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।



बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष प्रो. विवेकानंद उपाध्याय ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 के अनुदान की राशि संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों को रिलीज करने एवं 11 सूत्री मांग को लेकर महासंघ द्वारा 13 सितंबर मंगलवार को मेदिनीनगर स्थित विश्वविद्यालय के समक्ष एक दिवसी, धरना प्रदर्शन किया जायेगा। धरना प्रदर्शन के पश्चात आगे की रणनीति तय की जायेगी। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष प्रो. उपाध्याय ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2021-22 का अनुदान 31 मार्च को ही नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय को शिक्षा विभाग द्वारा स्थाई संबद्ध डिग्री महाविद्यालय एसपीडी कालेज गढ़वा, बीएसएम कॉलेज भवनाथपुर, गोपीनाथ सिंह महिला कालेज गढ़वा, बनवारी साहू कालेज लातेहार तथा मजदूर किसान कालेज डंडार कला पांकी के लिए 2,18,40,000 रुपया रिलीज किया गया है। पांच माह पूर्व सरकार द्वारा राशि रिलीज के बाद भी संबंधित कॉलेजों को अब तक उक्त अनुदान की राशि उपलब्ध नहीं करायी गयी है। फलस्वरुप संबंधित कालेज के कर्मियों के समक्ष भारी आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। वहीं झारखंड के शेष विश्वविद्यालयों के द्वारा ऐसे कालेजों को राशि निर्गत किया जा चुका है।

### इनकी रही मौजूदगी

**जिसमें भवनाथपुर से प्रो. अफ्जल, लातेहार से प्रो. नरेश पांडेय, प्रो. अनुपम मिश्रा, पांकी से डा. राजेश्वर चौधरी, प्रो. बंशीधर, एसपीडी से डा. अरुण तिवारी, डा. सत्यदेव पांडेय के नाम शामल हैं। बैठक को एमके कॉलेज के प्राचार्य डा. दिलीप कुमार राम, बीएस कॉलेज के प्राचार्य प्रदीप तिवारी, पूर्व प्राचार्य डा. प्रेमचंद महतो, लातेहार के प्रो. नवल किशोर प्रसाद, पांकी के प्रो. दिलीप कुमार सिंह, अमित कुमार, गोपीनाथ कॉलेज के रंजीत कुमार, भवनाथपुर के प्रो. बीबी सिंह, प्रो. एपी सिंह सेंगर, एसपीडी कॉलेज के प्रो. अर्जुन प्रसाद, रामानंद उपाध्याय आदि ने संबोधित किया। संचालन प्रो. कमलेश सिन्हा ने किया।**

## हेमंत सरकार को गिराने की भाजपा की साजिश नहीं होगी कामयाब : असगर



चंदवा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि झारखंड में कांग्रेस, राजद और झामुमो के नेतृत्व वाली मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की महागठबंधन की सरकार के खिलाफ निर्वाचन आयोग की अनुशंसा को राज्यपाल द्वारा सार्वजनिक नहीं किए जाने से संशय की स्थिति है। राज्यपाल को अपना निर्णय सार्वजनिक करना चाहिए। कहा कि भाजपा पूरे देश में विरोधी पार्टियों की सरकारों को उनका कार्यकाल पूरा करने नहीं देना चाह रही है। सरकार को गिराने का षड्यंत्र रचती रहती है। झारखंड में भी सरकार गिराने की कोशिश की जा रही है। लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार को गिराने की भाजपा की साजिश झारखंड में कभी कामयाब नहीं होगी।

### वायु प्रदूषण के मुद्दे पर आयोजित महिलाओं के सम्मेलन में शामिल हुए राज्यसभा सांसद

# वायु प्रदूषण से बचाव के लिए हम सभी को मिलकर करना होगा प्रयास : धीरज साहू

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** वायु प्रदूषण के गहराते संकट और उसके निपटने के उपायों को लेकर आयोजित माताओं के जागरूकता सम्मेलन में शुक्रवार को लोहरदगा के विभिन्न पंचायतों से 400 से ज्यादा महिलाएं शामिल हुई। जिसमें चिकित्सकों के अलावा अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे। इस दौरान वायु प्रदूशण के समाधान पर विचार विमर्श किया गया। सम्मेलन का आयोजन गैर सरकारी संगठन होप और स्वच्छ वायु के लिए




माताओं के सम्मेलन में शामिल हुए राज्यसभा सांसद धीरज साहू व अन्य।

माताओं का राष्ट्रव्यापी नेटवर्क वारियर मॉम्सने लोहरदगा टाउन हॉल में किया था।

सम्मेलन में राज्यसभा सांसद धीरज साहू, डीसी वाघमारे प्रसाद कृष्ण, डीडब्ल्यूओ मनीषा तिर्की आदि मौजूद थे। सम्मेलन का उद्देश्य महिलाओं, चिकित्सकों और नीति निर्माताओं को एकसाथ लाकर घरेलु वायु प्रदूषण से जुड़े मसलों पर विचार विमर्श करना था। राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने कहा कि लोहरदगा में वायु स्वच्छ हो इसलिए हम सब को एक साथ जुड़कर काम करना होगा। वारियर मॉम्स का मै अभिनंदन करता हूं। झारखंड के केवल 32 फीसदी घरों में रसोई बनाने का स्वच्छ इंधन जैसे एलपीजी उपलब्ध है, जिससे राज्य में जैव-इंधन को जलाना (चूल्हा का इस्तेमाल) बड़े पैमाने पर होता है। सम्मेलन में शामिल कई माताएं घरों में चूल्हा के इस्तेमाल से होने वाले वायु प्रदूषण को लेकर जागरूकता फैलाने का काम कर रही है। वहीं, लोहरदग्गा की वारियर मॉम और एनजीओ होप की संस्थापक-ट्रस्टी मनोरमा एक्का ने कहा कि ग्रामीण इलाके में स्वच्छ इंधन अपनाए जाने के मार्ग में कई अड़चलें हैं जिसमें वित्तीय दबाव, एलपीजी के बारे में समझदारी और सामाजिक मान्यताएं शामिल है। हमें नीतिगत हस्तक्षेप के साथ आदतों में बदलाव के लिए अभियान चलाने की जरूरत है।

## चंदवा के अलोडिया में राशन नहीं देने से नाराज कार्डधारकों ने किया हंगामा



चंदवा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के आलोदिया पंचायत के ग्राम हरैया में जागृति स्वयंसेवी सहायता समूह के डीलरों द्वारा समय पर राशन नहीं देने से नाराज कार्ड धारकों ने शुक्रवार को जमकर हंगामा किया। कार्ड धारियों ने एक स्वर में आरोप लगाया कि पिछले दो-तीन महीने से उन्हें राशन नहीं दिया जा रहा है। हमं जो राशन दिया जाता है उसमें भी प्रति कार्ड धारी दो से चार किलो राशन काट लिया जाता है। पूछने पर कहा जाता है कि उपर से ही कम राशन दिया जा राह है। यही नहीं, बार-बार पूछने पर डीलर धमकी देते हैं कि जिससे शिकायत करनी हो कर दें। हमारे पास जब राशन आएगा तभी मिलेगा। उधर, इस बाबत पूछे जाने पर जागृति स्वयं सहायता समूह के डीलरों ने मीडिया कर्मियों ने दबे स्वर में कहा कि हमारी भी मजबूरी है। हम लोग कुछ भी खुलकर नहीं बता सकते। इससे संबंधित जो भी जानकारी चाहिए वो उच्च पदस्त अधिकारी ही दे सकते हैं।

## साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन



लातेहार (आजाद सिपाही)। डीसी सह जिला दंडाधिकारी भोर सिंह यादव के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें फरियादियों की समस्याओं को लिखित आवेदन के माध्यम से प्राप्त कर उन्हें संबंधित पदाधिकारियों को निवारण को लेकर अग्रसारित किया गया। बतातें चलें कि डीसी ने निर्देश पर आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन के लिए जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

## तीन वर्षों से मानदेय नहीं मिलने से नाराज जलसहियाओं ने किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** जलसहियाओं को तीन साल से मानदेय नहीं मिल से नाराज होकर शुक्रवार को ब्लॉक परिसर से जिला मुख्यालय तक रैली निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया गया। रैली में सैकड़ों जलसहिया शामिल हुई। रैली की कर डीसी कार्यालय के समक्ष पहुंची सहियाओं ने जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उपाध्यक्ष मेरीसतेला एक्का ने कहा कि हम सभी जलसहिया 2011 से कार्यरत है। जिसमें पिछली सरकार हम लोगों को 2019 में केवल एक हजार रुपये मानदेय के रूप में दे रही थी। जिसे हेमंत सरकार ने प्रोत्साहन में स्थानांतरित कर दिया। जिसका हम सभी जलसहिया विरोध कर रही हैं। वर्तमान सरकार में हम लोगों का मानदेय 37 महीना से बाकी है। जिसमें




कुछ जलसहियाओं को 15 माह का मानदेय भुगतान हुआ है। प्रदर्शन के दौरान जलसहियाओं ने अपर समाहर्ता के समक्ष छह सूत्री मांगें रखी। कहा कि 37 महीनों से लंबित मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि को जल्द से जल्द भुगतान कराया जाए। विभागीय मंत्री द्वारा माननीय ढंग से पूर्व मंत्री परिषद के निर्णय को बदल कर मानदेय के आदेश को अविलंब वापस लिया जाए। वर्तमान सरकार द्वारा किए गए वादे के मुताबिक महंगाई अनुरूप न्यूनतम मानदेय 13084 किया जाए। जल सहियाओं को पांच लाख का बीमा किया जाए। जलसहीयाओ का स्थायीकरण किया जाए। पेयजल एवं स्वच्छता से जुड़े सभी कार्यों का जल सहियाओं की सहभागिता सुनिश्चित किया जाए और जेजेएम जी का कार्य सत्यापन बीडब्ल्यूएससी द्वारा करवाया जाए।

## झारखंड के प्रथम वन एवं पर्यावरण मंत्री यमुना सिंह की मनायी 11वीं पुण्यतिथि



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय में राजा मेदिनी राय इंटर कॉलेज प्रांगण में शुक्रवार को झारखंड के पहले वन एवं पर्यावरण मंत्री स्वर्गीय यमुना सिंह की 11वीं पुण्यतिथि मनाई गई। स्वर्गीय यमुना सिंह की प्रतिमा पर उनके पोते तुषार सिंह उर्फ शुभम, बेटी व भाजपा नेत्री सह बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की जिला प्रभारी मंजू सिंह व यमुना सिंह की पुत्रवधु ने माल्यार्पण किया। साथ ही पश्चिमी जिप सदस्य संतोषी कुमारी, उप प्रमुख विरेंद्र जायसवाल, मुखिया कालो देवी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष विकास सिंह और शिक्षकों आदि ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बतातें चले कि झारखंड निर्माण के बाद बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में पहली बार बनी भाजपा सरकार में सरकार में यमुना सिंह को वन एवं पर्यावरण मंत्रालय सौंपा गया था। वे एकीकृत बिहार के अलावा झारखंड बनने के बाद विधानसभा में लगभग 30 सालों तक मनिका विधानसभा से प्रतिनिधित्व किये थे। पूरे क्षेत्र में वह हाथी सिंह के नाम से विख्यात थे। इस मौके पर प्रखंड महामंत्री मनोज कुमार, पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रदीप सिंह, सुनील कुमार सिंह, दीपक तिवारी, जितेंद्र गुप्ता, विष्णु राम, लालजी यादव, मनोज यादव, गौतम बाबा, कमलेश कुमार सिंह, सुदामा सोनी, अर्चना सिंह, राजेंद्र शर्मा आदि थे।

## मनिका में सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत, दो अन्य घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका/लातेहार।** मनिका थाना अंतर्गत डिग्री महाविद्यालय के समीप शुक्रवार की शाम राष्ट्रीय मार्ग-39 पर दो वाहनों की भिड़ंत में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान परशु सिंह (20) के रूप में हुई है। वह लातेहार के जोगनाटांड़ का रहने वाला था। जबकि इसी हादसे में दो लड़कियां भी गंभीर रूप से घायल हो गई। उनकी पहचान रजनी कुमारी (16) और सरिता कुमारी (17) के रूप में हुई है। दोनों मनिका के



ही पल्हेया की रहने वाली हैं। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना मनिका थाना प्रभारी शुभम कुमार को दी। इसके बाद कुछ देर में ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को इलाज के लिए मनिका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र



भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों किशोरियों को बेहतर इलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जबकि परशु को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार युवक और दोनों लड़कियां बाइक से लातेहार से मनिका लौट रहे थे। तभी डिग्री महाविद्यालय के समीप किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार परशु की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दोनों किशोरियां गंभीर रूप से घायल हो गई। लोगों की मानें तो युवक ने हेलमेट नहीं पहना था जिस कार सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गई। उधर खबर पाकर मनिका थाना से एसआई राजकुमार तिगा दलबल के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर घटना की जानकारी दी।

## जनता दरबार में मुखिया नरेश लोहरा ने सुनी समस्याएं



बालूमाथ (आजाद सिपाही)। विकास योजनाओं के साथ ही आम जनता की समस्याओं के निराकरण को लेकर बालूमाथ पंचायत के मुखिया नरेश लोहरा ने शुक्रवार को पंचायत सचिवालय सभागार में जनता दरबार लगाया। कहा कि पंचायत में विकास के साथ की जन समस्याओं का निराकरण करना ही उनकी प्राथमिकता है। पंचायत में बजली, पानी, नाली, जनवितरण, शिक्षा को बेहतर करने के साथ ही दिव्यांगों को प्राथमिकता के तौर पर सरकारी लाभ मुहैया कराया जाएगा। इस मौके पर बालूमाथ ग्रामप्रधान सह अंचल अमिन भुनेश्वर प्रसाद साहू, पंसस ममता देवी, डॉ रजिया सुलतान, डीलर संघ अध्यक्ष सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो जुबैर, उपमुखिया अमित कुमार, सीआई मुनेश्वर गंझू, डीलर महेश प्रसाद, पत्रकार संतोष सिन्हा, सकील जैदी, शिक्षक विजय कुमार, दुखदेवन राम, रूपनारायण, बालो साव, तुलसी राम, बाबूलाल राम आदि थे।

## जनता दरबार लगाकर सुनी समस्याएं



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय परिसर में डीसी भोर सिंह यादव के निर्देश पर शुक्रवार को बीडीओ राकेश सहाय की अगुवाई में जनता दरबार आयोजित किया गया। जिसमें प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के लोग पहुंचे और अपनी-अपनी समस्याओं से बीडीओ को अवगत कराया। वहीं, जनता दरबार में वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन व जमीन संबंधी विवाद के मामले सामने आये। जिसमें वृद्धा पेंशन के कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। जबकि जमीन संबंधित कई मामलों के निष्पादन को लेकर अंचल निरीक्षक रमेश प्रसाद गुप्ता व अंचल राजस्व कर्मी को निर्देश दिया गया। बीडीओ ने कहा साप्ताहिक जनता दरबार का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों तक लाभ पहुंचाना है।

### श्रीमद भागवत कथा के पांचवें दिन जया किशोरी ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का किया वर्णनन

# प्रभु को निःस्वार्थ भक्ति ही पसंद है : जया किशोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा के ललित नारायण स्टेडियम में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के पांचवे दिन व्यास गदी से जया किशोरी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लिलाओं का संगीमतय वर्णनन किया। कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने बाल रुप में ही कई राक्षसों का वध किया था। पूतना राक्षसी थी जो सुदंर स्त्री का रूप लेकर भगवान को दूध पिला कर मारने आई थी पर भगवान श्रीकृष्ण ने उसका भी उद्धार किया। कथा वाचक जया किशोरी ने कहा कि भगवान भाव के प्रसन्न होते है निःस्वार्थ भक्ति ही प्रभु को पसंद है। वहीं, भगवान श्रीकृष्ण की बाल-लीलाओं के संगीतमय प्रसंगो पर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। कथा वाचक ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने बाल सखाओं के साथ गेंद से खेलते समय कालिया नाग बध, गोपियों के वस्त्रहरण और इंद्र




को जब घमंड हो गया तो गोर्वधन पूजा कर इंद्र के मद को चूर किया। जिसके बाद गोवर्धन पर्वत की पूजा शुरू की। जया किशोरी जी ने कहा कि भगवान ने जो भी लीलाएं की वह जग कल्याण के लिए की। भगवान कृष्ण बचपन में कभी मैया यशोदा से खिलौना समझकर चांद मांगने की जिद करते थे तो कभी राधा से ब्याह कराने की हठ करने लगते थे।

### भगवान ने जग कल्याण के लिए की बाल लीलाएं



जया किशोरी जी ने कहा कि जिस तरह माता यसोदा श्रीकृष्ण की हर छोटी-छोटी बात ध्यान से सुनती थीं। उसी तरह से सभी अभिभावक भी सुनें। बच्चों की बेकार और छोटी-छोटी बातों को नजर अंदाज नहीं करना चाहिए, अन्यथा बड़े होने पर वह आपसे बड़ी-बड़ी बातों को छिपाने लगेंगें। उन्होंने कहा कि आप अपने बच्चों को समय दें। श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम में स्थानीय विधायक सह झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, उनके पुत्र रोहित उरांव, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता सपत्नी, साहू परिवार से शैफाली साहू, अरुणा साहू, धीरज प्रसाद साहू, सरिता साहू, मनु साहू, राहुल साहू, संदीप साहू, भावना साहू, वंदना साहू, हर्षित साहू, रुचि साहू, राजश्री साहू, हंसा साहू, शेरी मुनी साहू, रितेश साहू, नवीन गुप्ता, दिनेश साहू, मदन मोहन शर्मा, सचिदा चौधरी, दिल्ली से राजश्री कुमार, अजय महासेठ, शालिनी महासेठ रांची डॉ अनूप साहू, अशोक यादव, संजय बर्मन, निशिथ जायसवाल, राजेन्द्र खत्री, संदीप कुमार, अरुण राम, राहुल कुमार, बलवीर देव आदि थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### लातेहार में बंद होटल के कमरे में फंदे से लटककर किशोर ने की आत्महत्या

लातेहार (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के मोंगर पंचायत अंतर्गत हरका नदी के समीप बंद पड़े होटल में शुक्रवार की सुबह 11.30 बजे एक किशोर ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अंकुर कुमार (17) के रूप में हुई है। वह हरका ग्राम का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार किशोर सुबह आठ बजे लातेहार स्थित नए मकान से हरखा नदी के पास आया था। कुछ देर बाद हरखा निवासी उसका दोस्त रिती कुमार भी वहां पहुंच गया। दोनों के बीच काफी देर तक बात होने के बाद रीति पानी पीने के लिए कुछ दूरी पर चला गया। जब वह पानी पीकर पुनः वापस लौटा तो देखा कि होटल का दरवाजा बंद है। काफी आवाज देने के बावजूद जब अंकुर ने दरवाजा नहीं खोला तो रीति ने उसे फोन किया। जब फोन का कोई जवाब नहीं मिला तो वह घबरा गया। उसने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद गांव वालों के सहयोग से अल्बेस्टर तोड़ कर अंदर प्रवेश करने पर अंकुर फंदे से लटकता पाया गया। तुरंत इसकी सूचना पुलिस और परिजनों को दी गई। खबर पाते ही सदर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। साथ ही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट के आरोप में तीन को गिरफ्तार कर भेजा जेल

सेन्हा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कुंदगडी बड़का टोली में मारपीट कर घायल करने के आरोप में तीन युवकों के खिलाफ गुरुवार को थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसके आलोक में सेन्हा पुलिस ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। भैयालाल लोहरा (35), लालू लोहरा (30) और सुखलाल लोहरा (24) के रूप में हुई है। उनके खिलाफ भादवि की धारा 31, 323, 307, 504, 506 और 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है। सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकांत ने बताया कि कुंदगड़ी बड़का टोली में एक ही समुदाय के बीच विवाद होने पर बुरी तरह पिटाई कर घायल करने का आरोप लगते हुए वादी बुदोधन लोहरा ने भैयालाल, लालू और सुखलाल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाया था। जिसके आलोक में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया।

### हत्या के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

सेन्हा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना अंतर्गत आदिवासी मुहल्ला में विगत 31 अगस्त को हत्या का मामला प्रकाश में आते ही सेन्हा थाने में परिजनों द्वारा प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। थाना प्रभारी ऋषिकांत ने बताया कि 30 अगस्त की रात में आदिवासी मुहल्ला में अमित उरांव एवं प्रकाश उरांव के बीच शराब के नशे में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। जिसमें प्रकाश उराव ने टांगी से अमित पर वार कर दिया था, जिससे मौके पर ही अमित की मौत हो गई थी। इसके बाद परिजनों की शिकायत पर एसआई संतोष कुमार ने जांच के बाद घटना का उद्भेदन करते हुए प्रकाश उरांव को गिरफ्तार किया था। साथ ही हत्या में इस्तेमाल टांगी भी बरामद कर ली थी। इसके बाद थाने में दर्ज कांड संख्या 85/22 के आलोक में भादवि की धारा 302 के तहत प्रकाश को जेल भेज दिया गया।

### किस्को में तेज रफ्तार का दिखा कहर, दो बाइक की टक्कर में दो गंभीर रूप से घायल



किस्को/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत किस्को-लोहरदगा मुख्य सड़क के किस्को नदी के समीप पर स्थित पेट्रोल पंप के पास दो बाइक के बीच आमने-सामने की भिड़त में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी पहचान अजीत उरांव और संजीत उरांव के रूप में हुई है। संजीत किस्को के ही खवास का रहने वाला है। जबकि अजीत चंदवा थाना क्षेत्र के रेंची गांव का रहने वाला है। उन्हें तत्काल इलाज के लिए किस्को सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां अजीत की हालत गंभीर बताई जा रही है। इधर, खबर पाकर किस्को थाना प्रभारी सनी कुमार, एएसआई अविनाश कुमार सिंह, एएसआई विपिन बिहारी कुंवर आदि मौके पर पहुंच गए और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को संजीत अपनी बाइक में पेट्रोल भरवाकर अपने घर ख्वास लौट रहा था, तभी अजीत अपनी बाइक से तेज रफ्तार में रिचुघुटा की ओर जा रहा था, तभी दोनों बाइक के बीच आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें किस्को सामूदायिक स्वास्थ्त केंद्र ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर देख लोहरदगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों ने अजीत की हालत गंभीर बताई है।

### स्कूटी सवार युवक ने 108 एंबुलेंस के चालक को पीटा, थाने में प्राथमिकी दर्ज



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। आपातकालीन सेवा से जुड़े 108 एंबुलेंस चालक के साथ कथित तौर पर मारपीट के मामले को लेकर पीड़ित चालक कृष्णा साहू द्वारा सदर थाना में स्कूटी सवार युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। एम्बुलेंस चालक ने बताया कि शुक्रवार की सुबह रांची के रिम्स से मरीज को छोड़कर लौट रहा था। तभी लोहरदगा अपर बाजार मेन रोड में स्कूटी सवार से उसकी गाड़ी का स्पर्श हो गया, जिससे स्कूटी का बैक मिरर टूट गया। इसी बात पर स्कूटी सवार युवक ने उसकी बुरी तरह पिटाई कर दी। इस बाबत थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए कृष्णा ने कहा कि अगर आरोपित के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो 108 के सभी एंबुलेंस चालक आंदोलन करने को बाध्य होंगें।

### बस पड़ाव में यात्री सुविधा का घोर अभाव, समाजसेवी ने डीसी को लिखी चिट्ठी



चंदवा (आजाद सिपाही)। समाजसेवी रवि कुमार डे ने लातेहार डीसी को पत्र लिखकर बस पड़ाव में यात्री सुविधाओं के घोर अभाव से अवगत कराया है। चिट्ठी में रवि कुमार ने लिखा है कि शहर का एकमात्र बस पड़ाव वर्ष 2013-14 से अस्तित्व में है। पर आज तक बस पड़ाव असुविधाओं का दंश झेल रहा है। वर्तमान में कोई संवेदक बस स्टैंड का डाक नहीं लिया है पर बस पड़ाव की वसूली सीधे तौर पर जिला प्रशासन द्वारा ही करवाई जा रही है। फिर भी यहां यात्री सुविधा नहीं के बराबर है। ज्यादातर यात्री बसें स्टैंड के अंदर जाती ही नहीं हैं। बस चालकों द्वारा सड़क पर ही वाहन खड़ी कर यात्रियों का उतारा-चढ़ाया जाता है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। बस अड्डे पर शौचलय तक नहीं है, जिससे यात्रियों खास कर महिलाओं को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने डीसी ने मांग की कि जो राशि अभी बस स्टैंड से वसूली जाती है। वह किस मद में उसूली जा रही इसकी गहन जांच हो और दोषी पर कानूनी कार्रवाई की जाए।

### शहर के दर्जनभर होटल- दुकानों में खाद्य सुरक्षा टीम का छापा

## 10 दुकानों से वसूला जुर्माना

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर एसडीओ रवि आनंद के निर्देश पर शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी लव कुमार तंबाकू निषेध इकाई के जिला परामर्शी वंदना होरो के नेतृत्व में टीम के द्वारा गुमला शहरी क्षेत्र के दर्जन भर से अधिक होटलों और दुकानों का निरीक्षण किया। टीम के द्वारा बस स्टैंड लोहरदगा रोड पटेल चौक में विभिन्न होटलों और दुकानों पर पहुंचकर जांच की गई। सफाई नहीं रहने के कारण कई होटल संचालकों को फटकार लगाई गई। वहीं प्रतिबंधित गुटखा की बिक्री करने और खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत काम नहीं कर रहे 10 दुकानों से जुर्माना वसूला गया। टीम के द्वारा भारी मात्रा में प्रतिबंधित गुटखा भी जब्त किया गया। मौके पर अधिकारियों ने कहा कि मिठाइयों के बनने की तिथि एवं प्रयोग में लाने की तिथि लिखना अनिवार्य है। किसी भी परिस्थिति में रासायनिक रंग का प्रयोग नहीं करेंगे अन्यथा पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। वहीं विभिन्न होटलों से मिठाई का सैंपल भी लिया गया। जिसकी जांच कराई जायेगी। उन्होंने कहा कि लगातार जागरूकता अभियान चलाई जा रही है इसके बावजूद लोग लापरवाही बरत रहे हैं।

## विधायक भूषण तिर्की ने किया गुमला जिला के उपाध्यक्ष पद का चयन



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड ब्लॉक गेट के समीप बीजेंद्र बिहारी मिश्रा के दुकान में आज गुमला विधायक भूषण तिर्की का आगमन हुआ। बीबी मिश्रा के विभिन्न मांगों को देखते हुए विधायक भूषण तिर्की ने उनको आश्वासन देते हुए गुमला उपायुक्त सुशांत गौरव से फोन के माध्यम से बात किये और बोले पालकोट क्षेत्र एक गरीब गुरबा का क्षेत्र है। यहां के लोग रोजी रोटी के लिये परेशान है। इस लिये यहां के अतिक्रमण पर रोक लगायी जाये। और इसी बीच झरखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य बीवी मिश्रा को विधायक भूषण तिर्की ने सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश पर गुमला जिला के उपाध्यक्ष पद के लिये चयन किया गया। इस अवसर पर विधायक भूषण तिर्की, रंजीत सिंह, सरदार मोहम्मद लगान, बीवी मिश्रा, अरुण कुमार मिश्रा, शंकर राम, किसान दुलारी कुमारी मुंडा, किशोरी केसरी, वाराणसी कुमारी के अलावे कई लोग मौजूद थे।

## अज्ञात शव बरामद किया

**रायडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सुरसांग थाना क्षेत्र अंतर्गत घोड़ा पहाड़ एवं बुची झरिया पहाड़ के बीच के जंगल में शुक्रवार को सुरसांग पुलिस ने एक अज्ञात शव बरामद किया है।अज्ञात शव के दाहिने हाथ के कलाई में राखी जैसा बंधा हुआ है।शव पूरी तरह सड़ चुका था और दुर्गंध आ रही थी।सुरसांग थाना प्रभारी विवेक कुमार पांडेय ने बताया कि शव की पहचान नहीं हो पायी है।पुलिस अनुसंधान कर रही है।

## डायन बिसाही को लेकर मारपीट करने को लेकर दिया आवेदन

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कंरजबाड़ी भदौली सिसई निवासी गुलशन परवीन ने डायन बिसाही का आरोप लगाकर मारपीट और प्रताड़ित करने का मामला सिसई थाना मे आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। आवेदन मे कहा गया है कि मै दस वर्ष पहले सोंस चान्हो निवासी अरसद आलम से निकाह कर उसके घर गई थी। उसी समय से अफीरा अम्बर मुझे डायन बिसाही कहकर मारपीट व प्रताड़ित करते आ रही थी। उसके डर से मैं पिछले 9 वर्षों से सिसई अपने मायके मे रह रही हुं। इसके बावजूद भी अफीरा अम्बर के द्वारा मेरे घर आकर एवं फोन से बराबर मारपीट करने एवं फोन मे जान से मरवाने का धमकी दिया जाता है। शुक्रवार 9 सितंबर को करीब डेढ़ बजे अफीरा अम्बर, रकीबा परवीन दो अन्य मौलाना को लेकर मेरे घर आई, ओर चारों मेरे साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान दोनों मौलानाओं ने मेरे ऊपर ईत्र छिटककर झाड़ फूंक करने लगे। इन लोगों के मारपीट और ईत्र छिड़कने से भयभीत होकर मैं चिल्लाने लगी। मेरी आवाज सुनकर आसपास के लोग जुटे और मुझे बचाते हुए सिसई पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंच कर चारों को हिरासत मे लेकर सिसई थाना ले आये।समाचार लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई थी।

## डीडीसी ने जारी ब्लॉक का निरीक्षण किया



**जारी (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को डीडीसी हेमंत सती ने जारी ब्लॉक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ब्लॉक के हर विभाग के कर्मचारियों के ऑफिस में जाकर विकास कार्यों की जानकारी ली।जिसके बाद उप विकास आयुक्त हेमंत सती प्रखंड सभागार भवन में ब्लॉक कर्मचारी सहित ब्लॉक के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक किया।बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन गुप्ता के द्वारा शिकायत किया गया कि मनरेगा जेइइ जब से योगदान दिए है तब से आज ब्लॉक आये है।इस पर मनरेगा जेईइ अरुण कुमार को जोरदार तरीके से डांट फटकार लगाते हुए कहा कि तरीके से काम करना है तो करो अन्यथा नौकरी छोड़ दो।जिसके बाद बैठक में उपस्थित सभी कर्मचारियों से एक-एक करके परिचय पूछा।जिसके बाद जेएसएलपीएस के बीपीएम अगुस्टीन कुजूर पर भी जमकर बरसे।साथ ही बीपीएम को आदेश दिया कि काम पर ध्यान दें अन्यथा यहां से हटा दिए जाओगे।महिलाओं को जागरूक करें और सरकारी योजना का लाभ दें।वही हर महिला का दुर्घटना बीमा होना चाहिए।साथ ही बीपीएम से यह भी कहा कि कार्य का प्रतिदिन का रिपोर्ट वीडियो मैडम को दे।ताकि महिलाओं के लिए स्वरोजगार देने के लिए प्लान बनाया जा सके। वही बैठक में सभी कर्मियों को आदेश दिया कि सरकार के जितने भी महत्वपूर्ण योजना है ग्रामीणों को इसकी जानकारी दें। जानकारी के अभाव में ग्रामीण योजना का लाभ उठा नहीं पा रहे हैं।आप सभी गांव गांव जाकर इसकी जानकारी दें तब जाकर गांव का विकास हो पाएगा।मौके पर जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाईक,प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा,बीईईओ सलमा सलोनी जोजो,बीपीएम सरफराज अन्सारी, बैंक मैनेजर अनूप कुजूर,नागेंद्र चौधरी,हँसिका कुमारी,अजय कश्मीर टोप्पो,रंजीत उरांव,गंगा गोप,चाजरेण कुजूर,विनय एक्का, माइकल कुजूर,नागेंद्र उरांव, वसीम अंसारी,कांति कुमारी, सहित कई लोग उपस्थित थे।

# नाबालिग प्रेमी युगल ने नदी में कूद कर दे दी जान

### दूसरी घटना: एक वृद्ध की कोयल नदी में डूबने से मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** शुक्रवार का दिन घाघरा के लिए हादसों भरा दिन रहा। घाघरा के गुटवा एवं खपीया शिकवार कोयल नदी में शुक्रवार को नदी में कूद कर जहां एक प्रेमी जोड़े ने जान दे दी, वहीं दूसरी घटना में एक वृद्ध ने नदी में डूब जाने से मौत हो गई। घाघरा थाना क्षेत्र के गुट्वा कोयल नदी में दो नाबालिग प्रेमी युगल ने कोयल में कूदकर अपनी जान दे दी। जानकारी के अनुसार चपका गांव की होलीका कुमारी एवं नौडीहा करंज टोली के 19 वर्षीय संजीव लोहरा ने नेरलता कोयल में छलांग लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना स्थानीय चरवाहा के द्वारा पुलिस को दिया गया। जिसके बाद घाघरा थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी, अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णुदेव कच्छप घटनास्थल में पहुंचकर स्थानीय ग्रामीणों के माध्यम से दोनों के शव को बरामद करने का प्रयास किया, लेकिन देर शाम हो जाने के कारण खोजबीन का कार्य को बंद कर दिया गया। आत्महत्या किन कारणों से किया गया है, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है।



### तेज धार में बहा युवक

**वहीं दूसरी घटना डुको शिकवार के खपीया कोयल में घटी। जहां शिकवार गांव के 50 वर्षीय डोमना उरांव कोयल नदी को पार कर रहा था। इसी दरमियान वह तेज धार में बह गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि डोमना कोयल पार करके घर आ रहा था। इसी दरमियान तेज धार में वह बहता हुआ आगे बढ़ गया। जिसके बाद कोई सुराग नहीं मिला। ग्रामीणों ने डोमना के डूबने की सूचना पुलिस व स्थानीय प्रशासन को दे दिया है। हालांकि देर शाम तक ग्रामीणों के द्वारा डोमना को खोजबीन के लिए काफी प्रयास भी किया जा रहा था। घटना में तीनों ही मृतकों का शव अभी तक बरामद नहीं किया जा सका है।**

लेकिन दोनों का ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज ने बताया कि एक युवक और एक युवती के कूदकर आत्महत्या करने की सूचना के बाद हम लोग यहां पर आएं। मामले कि सत्यापन किया गया तो घटना सत्य पाया गया है। दोनों के शव की बरामदगी के लिए एनडीआरएफ की टीम गुमला से मंगाया गया है, जो कि शनिवार की सुबह आ जाएगी। देर शाम होने के कारण एनडीआरएफ की टीम नहीं पहुंच सकी थी।

## टीबी मुक्त भारत अभियान में बेहतर कार्य के लिए प्रशंसा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के तहत महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने घाघरा प्रखंड के गम्हरिया हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संपर्क स्थापित कर टीबी मुक्त भारत अभियान में बेहतर कार्य के लिए प्रशंसा की। वहीं भारत को टीबी मुक्त करने के लिए गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का भी अपील की। इस दरमियान महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू समय अभाव के चलते व्यक्तिगत संवाद तो नहीं कर पायी, लेकिन अपना संवाद स्वास्थ्य कर्मियों तक पहुंचाते हुए कहीं की आप जब अंतिम व्यक्ति तक जाकर टीवी मुक्त भारत बनाने के लिए प्रयास करेंगे तो निश्चित रूप से भारत टीवी मुक्त देश बन जायेगा। वीडियो कांफ्रेंसिंग के बाद सीएचओ अलका बाखला से बातचीत किया गया, तो उन्होंने बताया कि महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का संवाद सुनकर काफी ऊर्जा मिली है। निश्चित रूप से पूरे झारखंड में गिने-चुने जगहों को वीडियो क्रांसिंग में शामिल किया गया। जहां हमारा गम्हरिया हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर भी शामिल था। हम लोगों के लिए गर्व की बात है और आने वाले दिनों में भी बेहतर कार्य करने में नई उर्जा प्रदान हुई है। वही डीइओ मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि महामहिम के संवाद से काफी सुकून मिल रहा है आने वाले दिनों में पूरे क्षेत्र में टीबी मुक्त भारत बनाने के लिए हमारे अधिकारी से लेकर अंतिम कर्मचारी तक क्षेत्र में घूम घूम कर कार्य करेंगे और टीबी मुक्त भारत बनाने में अपनी भूमिका निभायेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से सीएचओ अलका बखला, एसीएमओ डॉ प्रमोद कुमार सिंह, डीइओ मुकेश कुमार सिंह, राजेश उरांव, अमित कुमार प्रसाद, हरि शंकर मिश्रा, पीपीएम राहुल शेखर, एएनएम बरेन मींज, सुशीला कुमारी, सारो देवी, सुशांति मींज, किरण कुमारी, बबीता देवी, सनीमा तिर्की शामिल थे।



## सड़क सुरक्षा को लेकर एसपी ने किया सेमिनार का आयोजन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सड़क सुरक्षा को लेकर शुक्रवार को सेमिनार का किया गया। यह आयोजन एसपी एहतेशाम वकारिब ने जिला वासियों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील को लेकर की थी। सड़क सुरक्षा को लेकर शुक्रवार को गुमला थाना परिसर में जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। मौके पर सड़क सुरक्षा के अधिकारियों द्वारा आम लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और अन्य लोगों को प्रेरित करने की अपील की गई। वही सेमिनार में पुलिस पदाधिकारियों ने कहा कि सभी यातायात नियम का पालन करें। छोटी सी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन रही है। इसके बाद पुलिस पदाधिकारियों की अगुवाई में गुमला शहर में जागरूकता रैली निकाली गई। जो विभिन्न मार्गो से होकर गुजरी वह गुमला एसपी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि जिंदगी अनमोल है। लापरवाही ना बरतें और यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलायें। मौके पर गुमला एसडीपीओ थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक गुमला में आज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** हड्डी, रीढ़ की हड्डी, व नस रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार,₹ न्यूरो सर्जन₹ 11सितंबर 2022 रविवार को गुमला के निलेश मेडिकल में आयेंगे। झारखंड के ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक मरीजों को देखेंगे। इसमें हड्डी में दर्द, हड्डी का कनकनाना, कमजोर हड्डी आदि से संबंधी रोगियों की जांच की जायेगी।

### कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय डुमरी में हुआ कार्यक्रम

# छात्राओं को किया गया जागरूक

आजाद सिपाही संवादरदाता

**डुमरी/गुमला।** आज दिनांक 9/09/2022को थाना प्रभारी मनीष कुमार के द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय डुमरी के विद्यालय परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को जागरूक किया गया। इस अभियान के दौरान बालिकाओं एवं महिलाओं को मानव तस्करी, महिलाओं एवं बच्चियों से संबंधित अपराध, पढ़ाई के महत्व एवं अन्य महत्वपूर्ण बातों का विशेष जानकारी दिया गया। बालिकाओं को अभियान के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिये बनाये गये कानून एवं नियमों के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी मनीष कुमार ने कहा कि बेटियों एवं महिलाओं के सम्मान से ही हमारा गांव, मोहल्ला एवं समाज का सम्मान है। इसलिए सभी लोगों को प्रत्येक बेटी एवं महिलाओं का सम्मान करना चाहिए। क्योंकि बेटी एवं नारी आदि काल से ही सम्माननीय एवं पूज्यनीय रही है। मौके पर उपस्थित थाना प्रभारी सहित सहस्त्र थाना बल, विद्यालय प्राचार्या, अध्यापिका सहित अन्य शिक्षक एवं छात्राएं मौजूद रही।



## 85 हजार रुपया गांव के लोग ट्रांसफॉर्मर के लिए विभाग को जमा कर चुके हैं: मिशन बदलाव



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव का गांव चलो गांव बदलो अभियान के तहत जेम्श होरो, सिकंदर सिंह एवं जीवन तोपनो के नेतृत्व में कामडारा प्रखण्ड के गांव लतरा के कुंहार टोली गांव का दौरा किया। ग्रमीणों ने बताया कि पिछले 6 सालों से गांव के लोग बिजली की परेशानियों से गुजर रहे है। कई बार ग्रमीणों के द्वारा चंदा इकठ्ठा कर बिजली विभागों को ग्रामीण पैसा दे चुके हैं और अभी तक कुल 85000 हजार रुपया भी दिया जा चुका है। उसके बाद भी ग्रमीणों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने कहा कि बार बार ट्रांसफॉर्मर खराब होने से पूरा ग्रामीण ही परेशानी से गुजर रहे है। हमारे गांव के पूरे ग्रमीणों के बच्चों की भी पढाई बाधित हो रही है। ग्रामीणों के द्वारा लगभग 40 परिवार बिजली के नही रहने से जो परेशानी से गुजर रहे है, उसको ग्रमीणों के द्वारा आंदोलन की रुपरेखा भी तैयार किया जा रहा है। अगर प्रशासन ये मामला को गंभीरता से नही लिया तो पूरे ग्रामीण विभागों को घेरने का भी काम करेंगे। मिशन बदलाव का गांव चलो गांव बदलो। कार्यक्रम में निम्नलिखित कामेश्वर सिह, बबलू सिंह, लल्लू महतो, मटन महतो, धनेश महतो, कुलदीप महतो, सुकरा महतो, चुगु महतो, रामशरण महतो, दुइला महतो, गणेश कुमार सिंह एवं अन्य ग्रामीण भी उपस्थित थे।

## रेस टीम के सहयोग से बायोगैस के उपयोग से पैसों की हो रही बचत

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** ब्लाक के अंतर्गत चिरोडीह पंचायत के गांव चम्पाटोली में रेस परियोजना के अंतर्गत लगाये गये बायोगैस के उपयोग समय के साथ साथ पैसो की बचत भी हो रही है। बायोगैस का यूनिट संजय उराव के घर पर लगाया गया है, जिनके घर में कुल 8 परिवार है और खाना बनाने के लिये ये लोग जंगल से लकड़ी लाते थे और उसी पर खाना पकाते थे, इनके पास सरकार के द्वारा वितरित उज्जवला योजना के अंतर्गत गैस भी मिला था लेकिन महगाई के कारण हमेशा गैस नहीं भरवा पा रहे थे जिसके कारण पूर्ण रूप से यह परिवार जंगल के लकड़ी के ऊपर निर्भर हो गया था। रेस परियोजना जो मुख्य रूप से विशुनपुर ब्लॉक में स्वच्छ ऊर्जा के ऊपर कार्य कर रही है, जब इस पंचायत में ऊत्रे योगेश राय एवं कम्युनिटी मोबलाइजर शत्रुघ्न लकड़ा के द्वारा बैठक किया गया तो बैठक में स्वच्छता के ऊपर किये जा रहे कार्यों के बारे में गांव के लोगों को बतलाया गया। इसमें से बायोगैस यूनिट भी प्रमुख थी। ग्रामीण स्तर पर लोगों से पूछा गया कि गाय के गोबर का उपयोग आप लोग ज्यादा कहा करते है तो पता चला की ज्यादा लोग या तो बेच दे रहे, तो उन लोगों को बायोगैस के यूनिट के बारे में विस्तृत बताया गया। जिससे गाय के गोबर का उपयोग कर हम लोग इधन के रूप में कर सकते है और जंगल से जो प्रतिदिन लकड़ी की कटाई कर रहे है। उसे भी रोक लगा सकते हैं। रेस परियोजना द्वारा इस प्रकार के कार्य के प्रति ग्रामीणों ने अपनी रूचि दिखाई और संजय उरांव के पास कुल 5 जानवर भी उपलब्ध हैं, उनके घर पर बायोगैस प्लांट लगाया गया। आज यह देखने को मिल रहा है की संजय जी व उनका परिवार अब कभी भी खाना पकाने के लिए जंगल के लकड़ी का उपयोग नहीं करते है और महीना 1 हजार तक रुपये अपने गैस के पैसे को भी बचा रहे हैं। अब पूरे चंपाटोली में अगल बगल के लोग भी रेस परियोजना के माध्यम से या सरकार के माध्यम से बायोगैस यूनिट लगाने के प्रति जागरूक हुवे हैं और आवेदन भी रेस कार्यालय में जमा किये हैं। संजय उराव की पत्नी ने रेस टीम को धन्यबाद दिया की आप लोगों के सहयोग से आज हमारा समय बच रहा और हमें धुआं से भी निजात मिल गया है और खाना भी जल्दी पका ले रही हूं।

## जागरूकता रैली निकाली

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सीडीपीओ कार्यालय से पोषण माह के सफल संचालन को लेकर मुख्यालय में जागरूकता रैली शुक्रवार को निकाली गया। जागरूकता रैली को बीडीओ विष्णु देव कच्छप, सीडीपीओ अनुपमा मिंज, सीकेडी के प्रखंड समंयवयक माया मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर प्रखंड कार्यालय परिसर से आगे बढ़ाया। जागरूकता रैली घाघरा प्रखंड मुख्यालय के कई टोला ब्लॉक चौक, थाना चौक, चांदनी चौक होते हुए पुनः ब्लॉक परिषर पहुंची। इस क्रम में आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, स्वास्थ्य सहिया, मिडिल स्कूल घाघरा के छात्र छात्रा शामिल थे। जागरूकता रैली में सभी कर्मी अपने हाथों में तख्ती लिये नारा लगाते चल रहे थे। हरा साग सब्जी खाना है कुपोषण दूर भगाना है। वही लोगों को हरी साग सब्जी पोषण युक्त खाना खाने की अपील भी किया गया। इस मौके पर बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने कहा कि विगत 1 सितंबर से 30 सितंबर तक पोषण माह मनाया जा रहा है। जिस के निमित्त आज प्रखंड मुख्यालय में जागरूकता रैली निकाली गई है प्रत्येक दिन हर पंचायत गांव में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। ताकि कुपोषण को जड़ से मिटाया जा सके। इस मौके पर उपस्थित लोगों में सुपरवाइजर राजेश्वरी देवी, आंगनबाड़ी सेविका सावित्री कुजूर, बीटीएम बबीता देवी, सीमा देवी, सहिया संजोती देवी, हेमंती देवी, चिंता देवी सहित कई अनगनबाड़ी सेविका सहायिका, स्वास्थ सहिया एएनएम, विद्यालय के छात्र-छात्रा शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, उसका भतीजा घायल

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** सड़क दुर्घटना में 65 वर्षीय बंधनी देवी की मौत वही भतीजा अनिल उरांव गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के अनुसार खंभिया ग्राम निवासी बंधनी देवी अपने भतीजा अनिल उरांव के साथ सिसई से करमा पर्व देखकर बीते गुरुवार की शाम लौट रहा था। इसी दौरान कच्चापारा के समीप अनियंत्रित होकर टेंपो पलटा जिससे यह घटना घटी। घटना के बाद दोनों घायलों को घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने बंधनी देवी को मृत घोषित कर दिया वही अनिल उरांव के प्राथमिक उपचार के बाद गुमला रेफर कर दिया है। घटना की सूचना मिलते हैं। थानेदार अमित कुमार चौधरी घटनास्थल पहुंच घटना की जायजा लिया।

## महिला इंटर कॉलेज का चपरासी 15 दिन से लापता

**गुमला (आजाद सिपाही)।** महिला इंटर कॉलेज गुमला का चपरासी करीब 60 वर्षीय नारायण सिंह पिछले 15 दिन से गायब है। जिससे परिजन काफी परेशान है। काफी खोजबीन के बावजूद अब तक उनका कुछ पता नहीं चला है। शुक्रवार को पीड़ित परिवार ने प्रशासन, मिशन बदलाव सहित जिला वासियों से मदद की गुहार लगायी है। लापता व्यक्ति की पत्नी विमला देवी ने बताया कि दो बच्चे हैं और परिवार की स्थिति ठीक नहीं है। फुटपाथ पर दुकान लगाकर किसी तरह परिवार गुजर बसर हो रहा है। सुरसांग थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। इसके बावजूद अब तक कोई जानकारी नहीं मिल रही है। वही मौके पर मौजूद मिशन बदलाव के प्रेम कश्यप ने कहा कि नारायण सिंह 15 दिन पहले बाजार करने सुरसाग गये थे। जहां से वह लापता हो गये हैं। रिश्तेदारों के घर काफी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला। उन्होंने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा कि जिस किसी सज्जन को इनके बारे में सूचना मिले वह कृपया मोबाइल नंबर 9102741600 या 7979846852 पर संपर्क कर जानकारी दे।

## पूर्व मंत्री सरयू राय पहुंचे पांडू, पीड़ित मुसहर परिवार से की मुलाकात

# सरकार मुसहर परिवार के लिए जमीन उपलब्ध कराये, बसाये : सरयू राय

> स्थानीय व शासन - प्रशासन के लोग आपसी संतुलन के साथ इस मामले को निबटारा कर सकते हैं.
> सरकार ऐसे घुमन्तु जाति के लिए जमीन उपलब्ध कराए .



**पांडू/पलामू (आजाद सिपाही)।** पूर्व मंत्री सह जमशेदपुर पछ्मी से विधायक सरयू राय शुक्रवार को पांडू पहुंचे और पीड़ित मुसहर परिवार से मुलाकात की एवं घटना की जानकारी ली, उन्होंने पीड़ित मुसहर परिवार से कहा कि सरकार के तरफ से जिस स्थान पर जमीन उपलब्ध कराया जा रहा है उस जगह बस जाना चाहिए, वहीं उन्होंने कहा कि यहां का स्थानीय लोग और शासन - प्रशासन के लोग चाहेंगे तो आपसी संतुलन के साथ इस मामले को हल कर सकते हैं, उन्होंने कहा बिहार में नीतीश सरकार ने महादलित पॉलिसी लागू किया था, उसी तरह से झारखण्ड सरकार को भी इस तरह के घुमन्तु जातियों के लिए हर सुविधा उपलब्ध कराना चाहिए, उन्होंने कहा ऐसे जाति के लिए सरकार को जमीन उपलब्ध करा कर आवास बना देना चाहिए और इनके लिए एक स्कूल खोल देना चाहिए जिससे इनके बच्चे उस स्कूल में पढ़ सकें, उन्होंने कहा कि इस तरह के बेरादरी के लोगों को सबसे पहले आधार कार्ड बनना जरूरी है जिससे इनकी एक पहचान बन जाये, उन्होंने मुसहर परिवार से कहा कि सरकार या प्रशासन के लोग कोई खिलाफ नहीं है आपलोग अपनी सोच - समझ से निर्णय ले कर बताएं, सरकार के द्वारा जिस जगह जमीन उपलब्ध कराया जा रहा है वहां जा कर रहना चाहिए और कोई बात है तो बताएं आपकी बातों को सरकार एवं प्रशासन के सम्क्ष रखा जाएगा. इस मौके थाना प्रभारी धुमा किस्कु, पारा शिक्षक नेता प्रदुम्न कुमार सिंह, भाई गोविंद सिंह, विजय विश्वकर्मा, श्यामदास सिंह, अवधेश सिंह, नन्दू यादव, मुन्ना सिंह, बबलू सिंह, शम्भू सिंह, संदीप सिंह, सीताराम गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे.

**जिस जगह से उजाड़ा गया है उसी जगह बसाया जाए : मुसहर परिवार**

पांडू पुराने थाना भवन में पिछले दस दिनों से रह रहे मुसहर परिवार का कहना है कि जिस जगह से उजाड़ा गया है उसी जगह बसाया जाए, संजय मुसहर का कहना है कि मेरे परिवार के लोग पिछले पांच पीढ़ी से उस मुरुमातु जे भूमि पर रहते आ रहे हैं, वह हमलोग का मातृ भूमि है, संजय मुसहर, नंदलाल मुसहर और जितेंद्र मुसहर ने कहा कि प्रशासन के तरफ से दबाव बनाया जा रहा है नेउरी गांव में बसाने का, किसी भी परिस्थिति में हमलोग नेउरी में नहीं रहेंगे, जबतक मुरुमातु के विवादित भूमि मालिकाना हक स्पष्ट नहीं हो जाता तबतक हम सभी लोग पुराना थाना भवन में ही रहेंगे, मुसहर परिवार अपने फैसले पर पूरी तरह से अडिग है पीड़ित परिवार का कहना है कि जान क्यों न चली जाये उसकी कोई परवाह नहीं है लेकिन मुरुमातु के जिस जमीन से हम सभी परिवार को उजाड़ा गया है पुनः उसी जगह बसाया जाए.

## उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन

> जनता दरबार के बाद भी बाहर गाड़ी रोककर लोगों की शिकायतों से रूबरू हुए डीसी



**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया.जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखी.उपायुक्त ने लोगों की फरियाद सुनते हुए उनके सभी शिकायतों संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को जल्द से जल्द जांच कर निवारण का निर्देश दिया.

**हुसैनाबाद के एसडीएम को राशन डीलर के विरुद्ध जांच करने के निर्देश**

हुसैनाबाद के ग्राम पथरा से आये राम लखन मेहता ने उपायुक्त के समक्ष अपने राशन डीलर द्वारा समय पर राशन नहीं दिये जाने के संबंध में शिकायत की एवं कार्रवाई का अनुरोध किया इस पर उपायुक्त ने त्वरित संज्ञान लेते हुए हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी को संबंधित डीलर के विरुद्ध जांच करने के पश्चात दोषी पाये जाने पर कार्रवाई करते हुए सूचित करने हेतु निर्देश दिया.

**जनता दरबार के बाद भी बाहर गाड़ी रोककर लोगों की शिकायतों से हुए रूबरू**

आज के जनता दरबार खत्म होने के बाद भी उपायुक्त श्री दोड्डे ने मानवता का परिचय देते हुए जनता दरबार का समय समाप्त हो जाने के बावजूद आये लोगों से बाहर गाड़ी रोककर मुलाकात की।इस दौरान उन्होंने समाहरणालय के मुख्य द्वार पर खड़े होकर लोगों से उनके आवेदन प्राप्त कर संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को जल्द से जल्द जांच कर निवारण का निर्देश दिया.

**जनता दरबार में पेंशन से जुड़े कुल 3 मामले आये**

आज के जनता दरबार मे विभिन्न प्रखंडों से जुड़े कुल 3 मामले आये जिसमे वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन शामिल थे।उपायुक्त ने सभी पेंशन संबंधित आवेदन को संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को अग्रसारित करते हुए 15 दिनों के भीतर स्वीकृत करने का निर्देश दिया।आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी,वृद्धा पेंशन,विकलांग पेंशन,प्रधानमंत्री आवास व म्यूटेशन से जुड़े आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर 15 दिनों के भीतर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## अनंत चतुर्दशी पर मंदिरों में उमड़ी लोगों की भीड़

**हैदरनगर/पलामू(आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में लोगों ने शुक्रवार को आस्था पूर्वक अनंत चतुर्दशी का पूजा किया।पूजा कर बाजू में अनंत बांधा गया।शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पूजा को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर रहा। सुबह से ही क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों व घरों में पूजा की तैयारी शुरू हो गयी थी।कई लोग सामूहिक रूप से पूजा में भाग लिया तो कुछ ने घरों में पूजा की। क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों व घरों में अनंत चतुर्दशी पूजन को ले विशेष भीड़ देखने को मिली। अह सुबह से हाथों में पूजा की थाली लिए लोगों की भीड़ क्षेत्र के मंदिरों में लगना आरंभ हो गया। अनंत चतुर्दशी पूजन के लिए विभिन्न मंदिरों में भी विशेष व्यवस्था की गयी थी। अनंत की पूजा करा लोगों ने इसे बाजू में धारण किया।धन-धान्य, सुख-शांति व आरोग्य की प्राप्ति हेतु लोग अनंत चतुर्दशी को डोरा धारण करते है। डोरा धारण करने व अनंत चतुर्दशी व्रत कथा सुनने का भी विशेष महत्व है। इसलिए घंटों मंदिरों में व्रत रख लोगों ने अनंत भगवान की पूजा अर्चना की।बाजार स्थित राम मंदिर, बड़ा सिबाला ,शुक्रबजार ठाकुर बड़ी स्थित कई मंदिरों में ज्यादा भीड़ देखने को मिली। कई लोग अपने घरों में भी इस पूजा का आयोजन करते है।

# टीवीएस शोरूम में आग लगने से करोड़ों का नुकसान

## शोरूम में आग लगने से मालिक की मां की दम घुटने से मौत



**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** दो नंबर टाउन पुराना-इनकम टैक्स रोड में स्थित दो पहिया वाहन शोरूम (शारदा टीवीएस) में गुरूवार की रात शॉटसर्किट से आग लग गई। आग से तीन मंजिला शोरूम, वर्कशॉप और आवासीय परिसर खाक कर दिया। इस क्रम में शोरूम के मालिक सतीश प्रसाद साहू की मां शारदा देवी की आग के धुंए में दम घुटने से मौत हो गई। आग से करोड़ों का नुकसान हुआ है। हालांकि इसके एकुरेट आंकड़े अबतक स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। शोरूम मालिक सतीश प्रसाद साहू और पुलिस इसके आकलन में जुटे हैं। करीब 10 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जाता है कि शारदा टीवीएस शोरूम के सर्विस सेंटर में गुरूवार की रात करीब 10. 30 बजे पहली बार आग लगी। उसे किसी तरह बुझाया गया, लेकिन आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका। करीब 1 घंटे बाद मौके पर आग फिर से भड़क गई। जहां पर आग लगी, वहां मोबिल की कई पेटियां रखी हुई थीं। मोबिल में आग पकड़ते ही इसके भयावह रूप हो गए और देखते देखते पूरे परिसर में फैल गई। शोरूम, वर्कशॉप व मकान को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भयवाह थी कि उसे बुझाने के लिए पड़ोसी जिले लातेहार, गढ़वा से फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां बुलानी पड़ी। आग लगने की भनक सबसे पहले शोरूम के मालिक सतीश साहू की माँ शारदा देवी को लगी। नीचे के तल्ले में आग लगे होने के कारण सभी छत पर चले गए, लेकिन शारदा देवी नीचे ही रह गई। आग के धुएं के कारण उनका दम घुट गया। किसी तरह उन्हें छत पर लाया गया। फिर पड़ोसी के छत से सीढ़ी लगाकर सभी को नीचे लाया गया। शारदा देवी को एमआरएमसीएच ले जाया गया। वहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। जबकि शारदा देवी के पति महेन्द्र साहू का इलाज निजी हॉस्पिटल में चल रहा है। आग में लगभग 300 दुपहिया गाडियां जलकर राख होने का दावा किया गया है। हालांकि नुकसान के सही आंकड़े का आकलन किया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं कि अगलगी की घटना की जानकारी देने जैसे ही वृद्ध महिला ऊपर गई, जहरीले धुएं की चपेट में आ गई। कल रात्रि 11.30 बजे लगी आग सुबह तक तक नहीं बुझ सकी थी। दूसरे तल्ले से काफी धुआं उठ रहा था। इस अगलगी की घटना में नई मोटरसाइकिलों के अलावा ग्राहकों की सर्विस के लिए आई मोटरसाइकिलें भी जलकर नष्ट हुई हैं. तीन मंजिला बिल्डिंग में शोरूम संचालित हो रह था, जिसके ग्राउंड फ्लोर पर शोरूम और उसके पिछले हिस्से में वर्कशॉप था, जबकि ऊपर के तल्लों पर शोरूम के मालिक सपरिवार रहते थे।

### टीवीएस शोरूम में लगी आग से शहर की अग्नि सुरक्षा की खुली पोल, पूरा शोरूम जल कर राख

**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने बीती रात टीवीएस शोरूम में लगे आग की घटना को दुखद बताते हुए कहा कि अगर शहर में हाई लैडर फायर बिग्रेड गाड़ी होती तो शोरूम के मालिक सतीश जी की मां की जान एवं करोड़ों की संपत्ति को बचाया जा सकता था। चेंबर अध्यक्ष ने कहां मैं घटनास्थल पर समय में पहुंच चुका था और दमकल की गाड़ी भी आ चुकी थी लेकिन मौजूदा फायर बिग्रेड की गाड़ी दूसरे तल्ले तक का भी आग बुझाने में नाकामयाब था। चेंबर अध्यक्ष श्री शंकर ने कहां कि हमारे शहर में कई मॉल खुल चुके हैं प्रमंडलीय मुख्यालय है,बड़ी बड़ी बिल्डिंग बनने लगी है खुद समाहरणालय चार तल्ले का है। नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी की बिल्डिंग पांच फ्लोर का है,मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग भी 5 फ्लोर की है, फिर भी शहर में ऊंचे मकानों में आग लगने से जान माल की सुरक्षा का कोई व्यवस्था नहीं है पूरा शहर भगवान भरोसे है। चेंबर अध्यक्ष ने उपायुक्त पलामू से मांग की है कि तत्काल एक हाइलैंडर फायर बिग्रेड की गाड़ी फायर स्टेशन को उपलब्ध कराने हेतु सरकार को लिखी जाए ताकि इस तरह की दुखद घटना से शहर एवं जान को बचाया जा सके। चेंबर अध्यक्ष ने दो नंबर टाउन के थाना प्रभारी रुद्रानंद सरस की तारीफ करते हुए कहां कि उनके एवं उनके जवानों के अथक प्रयास से चौथे तल्ले में फंसे 4 जानें उस भयावह आग से बचाई जा सकी। श्री शंकर ने डॉक्टर कैनेडी को भी धन्यवाद दिया जो सूचना मिलते ही घटनास्थल पर 5 मिनट के अंदर एंबुलेंस लेकर खुद आ गए। श्री शंकर ने टीवीएस शोरूम के अगल बगल के लोगों की भी सराहना की जिन लोगों के सक्रियता एवं प्रयास से 4 जानें बचाई जा सकी।

## (पेज 1 का शेष)

## संजय कुमार मिश्रा, जिन्होंने इडी को दी नयी ताकत...

भारत में सीबीआइ निदेशक और इडी निदेशक 2 साल के लिए या 60 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, नियुक्त किये जाते हैं। इसलिए संजय कुमार मिश्रा का 2 साल का कार्यकाल नवंबर 2020 तक था। मिश्रा ने मार्च 2020 में अपने 60 साल पूरे किये, लेकिन केंद्र सरकार ने उन्हें पद पर बनाये रखा। विपक्ष नवंबर 2020 में उनकी सेवानिवृत्ति का इंतजार करता रहा, जब उनकी सेवानिवृत्ति होने वाली थी। सरकार राष्ट्रपति के पास गयी। राष्ट्रपति के नवंबर 2018 में उनकी नियुक्ति के आदेश को प्रतिगामी में 2 साल से 3 साल के लिए संशोधित किया। संजय कुमार मिश्रा का कार्यकाल नवंबर 2021 तक बढ़ा दिया। अब विपक्ष ने सब्र खो दिया। एक एनजीओ कॉमन कॉज के जरिए सुप्रीम कोर्ट चला गया। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में संजय कुमार मिश्रा के लिए मजबूती से लड़ाइ लड़ी और विपक्ष को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिली।

**कोर्ट ने कहा सरकार के पास है शक्तिः** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकार के पास असाधारण मामलों में इडी निदेशक के कार्यकाल को 2-3 साल बढ़ाने की शक्ति है। साथ ही यह भी कहा कि संजय मिश्रा का कार्यकाल नवंबर 2021 के बाद नहीं बढ़ाया जायेगा। विपक्ष ने मिश्रा की सेवानिवृत्ति के लिए नवंबर 2021 तक इंतजार करने की सोची। नवंबर 2021 में विपक्ष को एक और झटका लगा। सरकार सीवीसी अधिनियम में संशोधन के लिए एक अध्यादेश ले आयी। संजय कुमार मिश्रा का कार्यकाल नवंबर 2021 से बढ़ा कर नवंबर 2023 (3 से 5 वर्ष) कर दिया। संजय कुमार मिश्रा इस अध्यादेश के लाभार्थी के लिए भारतीय इतिहास के पहले अधिकारी बने। बाद में सरकार ने संसद द्वारा उस संशोधन को पारित किया। अब विपक्षी दलों, गैर सरकारी संगठनों ने सब धैर्य खो दिया और उन्हें हटाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिकाओं की बाढ़ आ गयी। इन मामलों पर अभी भी सुनवाई चल रही है। कोर्ट में 3 सितंबर को आखिरी सुनवाई थी। सरकार ने कोर्ट को जवाब में कहा कि ये सभी याचिकाकर्ता राजनीतिक दल से हैं, जिन पर भ्रष्टाचार का आरोप है।




# भारत के लिए और उपलब्धि, नीरज चोपड़ा डायमंड लीग का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय



**स्विट्जरलैंड।** टोक्यो ओलंपिक 2020 में स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने भारत के लिए एक और उपलब्धि हासिल की। नीरज चोपड़ा ने गुरुवार को स्विट्जरलैंड में ज्यूरिख डायमंड लीग फाइनल 2022 का खिताब अपने नाम किया है। इसके साथ ही वह इस खिताब को जीतने वाले पहले भारतीय भी बन गए हैं। मुकाबले के दौरान बादल छाए रहने के बावजूद नीरज चोपड़ा ने लेट्ज़िग्रुंड स्टेडियम में बेहतरीन शुरूआत की। हालांकि उनका पहला प्रयास फाउल हो गया लेकिन भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज ने अपने दूसरे प्रयास में 88.44 मीटर का थ्रो किया और अपने अगले थ्रो में 88.00 मीटर को छुआ। इसके बाद चोपड़ा ने अपने चौथे प्रयास में 86.11 का रिकॉर्ड थ्रो किया और पांचवें और अपने अंतिम प्रयास में एक एक्सएम थ्रो के साथ इस मुकाबले का समापन किया। नीरज चोपड़ा ने 2016 डायमंड लीग चैंपियन और टोक्यो 2020 के रजत पदक विजेता चेक रिपब्लिक के जैकब वाडलेज को हराकर यह खिताब जीता है। वाडलेज अपने सीजन के 90.88 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो से काफी पीछे रह गए और 86.94 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि मौजूदा यूरोपीय चैंपियन जर्मनी के जूलियन वेबर 83.73 मीटर थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। उनके बाद यूएसए के कर्टिस थॉम्पसन (82.40 मीटर), लातविया के पैट्रिक गेलम्स (80.44 मीटर) और पुर्तगाल के राष्ट्रीय चैंपियन लिएंड्रो रामोस (71.96 मीटर) थे।

## नगर प्रतिनिधियों ने किया स्टेशन रोड में बनने वाले पीसीसी पथ का शिलान्यास



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड 2 व 3 स्थित जेपी चौक जलमीनार से स्टेशन रोड़ देवी मंदिर तक बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। यह शिलान्यास नगर अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी व वार्ड-3 के पार्षद राजेन्द्र पाल ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि उक्त पीसीसी पथ बनने से रेल यात्रियों व शहर वासियों को काफी सुविधा होगी। सड़क निर्माण नहीं होने से आम अवाम को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र को विकसित, स्वच्छ व सुंदर शहर बनाने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में प्राथमिकता के साथ योजनाओं का चयन कर विकास कार्य किया जा रहा है, ताकि लोगों को रोजगार के साथ -साथ क्षेत्र का विकास हो सकें। वहीं उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि सड़क क्षेत्र के विकास का आईना होता है।स्टेशन रोड में पीसीसी पथ निर्माण होने से आम-आवाम को काफी सुविधा मिलेगी। साथ ही शहर विकास की ओर अग्रसर होगा।मौके पर वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल ने कहा कि शहर के समुचित विकास के लिए हम सभी नगर पंचायत प्रतिनिधि कटिबद्ध है। मौके पर मुख्य रूप से संतोष कुमार सिंह,अजय प्रसाद गुप्ता,जेके पासवान,बिक्रमा सिंह,महेश अग्रवाल,राजेश कर्ण,मीकू ठाकुर,संजय सिंह,उदय पासवान,नसीम अंसारी,प्रवीण सिंह,राजेश मालाकार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## हुसैनाबाद महुदंड पंचायत सचिवालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखण्ड के सुदूरवर्ती क्षेत्र महुदंड पंचायत में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार मे बृद्धा पेंशन, बिरसामुंडा आवास, पीएम आवास, पेयजल, मनरेगा से सबंधित योजना, हेल्थ चेकप उज्जवला योजना के तहत गैस चूल्हा का वितरण,जमीन से सबंधित मामला आदि कार्यों का निष्पादन किया गया।मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ने जनता दरबार में प्रखंड ,अंचल व अन्य विभागों से संबंधित आवेदन को संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथाशीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया।साथ ही उन्होंने कहा कि पुनः अगले माह महूदण्ड में जनता दरबार का आयोजन किया जायेगा ।उन्होंने कहा कि ग्रामीण जनता के विभिन्न समस्याओं का निष्पादन जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य है। मौके पर मुख्य रूप से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रतन कुमार सिंह,अंचल पदाधिकारी नंदकुमार राम,पंचायत की मुखिया मिना देवी, बीपीओ अमन कुमार, चिकित्सा पदाधिकरी, दाधिबल प्रसाद,राजस्व कर्मचारी,पंचायत सेवक उपेंद्र कुमार सिंह, रोजगार सेवक विजय राम,स्वामी इंडेन गैस प्रबंधक रंजन कुमार, पदाधिकरी, रमेश पासवान, पंचायत स्वयं सेवक जितेंद्र यादव,उपेंद्र यादव समाज सेवी शिव शंकर यादव ओ पी प्रभारी संतलाल राम आदि उपस्थित थे।

## बुजुर्ग ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के विश्वासिया गाँव निवासी नरेश यादव 65 ने गुरुवार की रात अपने घर मे फाँसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घरवालों को इस घटना की जानकारी शुक्रवार की सुबह हुई।परिजनों ने इसकी सूचना हुसैनाबाद थाना को दी।सूचना मिलते ही पुलिस उक्त गाँव पहुँचकर घटनास्थल का मुआयना किया ,और परिजनों से इस घटना की जानकारी ली, परिजनों ने पुलिस को बताया की घर मे किसी तरह का कोई विवाद नहीं था।गुरुवार की रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चले गए। शुक्रवार की देर सुबह तक जब उनके कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो लोगों ने काफी आवाज लगाई लेकिन कोई जवाब नहीं मिलने पर जब दरवाजा को तोड़ा गया तो वह फंदे में लटके हुए थे। घरवालों ने शव की पोस्टमार्टम नहीं करवाने की बात कही।

## श्राद्धकर्म में पर्यावरणविद एवं जिला पार्षद ने आम का लगाया पौधा



**छतरपुर/पलामू(आजाद सिपाही)।** जिले के छतरपुर अनुमंडल के ग्राम मनहु निवासी चुल्हन यादव की धर्म पत्नी देवमनिया देवी के श्राद्धकर्म में उनकी स्मृति में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण किया। उन्होंने उक्त मौके पर आम का पौधा लगाते हुए श्राद्धकर्म में आए लोगों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्र की शपथ दिलाई। पर्यावरणविद ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति के जीवन में माता पिता का साया हट जाय तो उनके नाम पर फलदार पौधा उनके परिजनों को जरूर लगाना चाहिए। क्योंकि जिस प्रकार माता पिता अपने बच्चों को सुखी और स्वस्थ रहने की कामना करते हैं उसी प्रकार एक वृक्ष उनकी 10 तरह की सेवा करता है। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने श्राद्धकर्म में आए लोगों के बीच फलदार पौधो का वितरण करते हुए कहा कि पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों में पहला मंत्र के तहत जीवन के कोई भी महत्त्वपूर्ण कार्य को यादगार बनाने के लिए कम से कम एक पौधा लगाकर उसे बच्चों की तरह बचाना चाहिए। जिसतरह हिन्दू संस्कृति में मृत आत्मा की शांति के लिए पिंड पानी देने का विधान है उसी प्रकार धरती मां की धधकती आत्मा को शांति के लिए पौधा लगाकर उसे पानी देना जरूरी है। तभी श्राद्ध कार्य सार्थक होगा। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि यज्ञ, जन्म और श्राद्ध में लोगों को जो कुछ भी दान पुण्य करना है उसे अवश्य करें परंतु धरती मां को भी दान स्वरूप पौधा जरूर समर्पित करें। ताकि उसका लाभ आने वाली पीढ़ी को भी मिले सके। पर्यावरणविद कौशल के पुत्र सह छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कई पंचायत के ग्रामीणों से क्षेत्र में भयंकर सुखाड़ पर चर्चा किया। उन्होंने चिरू देवी मंदिर प्रांगण में भूटान के सिंदूर और हिमाचल के कपूर लगाए और आम अमरुद के 300 पौधों का निशुल्क ग्राम चिरू, तिलैया, बरवा टोली और मनहु के ग्रामीणों के बीच वितरित किया। चुल्हन यादव की स्व धर्मपत्नी देवमनिया देवी के फोटो पर फूल माला अर्पित कर दिवंगत आत्मा के शांति के लिए उनके नाम पर आम का पौधा लगाया। श्राद्धकर्म में देवमनिया देवी के पुत्र देवन यादव, प्रवेश यादव, रमेश यादव, सुरेश यादव, नरेश यादव, रामप्रवेश यादव, पोता विजय, उदय, रनजन,रवि, बितम,गुड्डु छोटु बसंत विश्वकर्मा सचिन पांडेय शैलेश यादव दीनबंधु यादव, रामविलास यादव, इंद्रजीत यादव, सुदर्शन यादव नारायण यादवआदि मौजूद थे।

## समाजसेवी राजीव ने फोरलेन निर्माण में अनियमितता के विरुद्ध अनिश्चितकालीन धरना की दी चेतावनी



**हरिहरगंज/पलामू(आजाद सिपाही)।** जिले के सीलदाग मोड से हरिहरगंज बिहार सीमा क्षेत्र तक हो रहे फोरलेन सड़क निर्माण में घोर अनियमितता के विरुद्ध युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने शिवालया कंट्रेक्सन गेट के पास अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।उक्त जानकारी युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने शुक्रवार को दी।उन्होंने कहा कि हरिहरगंज प्रखण्ड तेंदुआ से सुल्तानी घाटी तक हम लोगों ने रोड का गुणवत्ता उसके नियमावली के अनुसार देखा। जिसमें सड़क निर्माण में पुरानी मिट्टी को 3 फीट तक खुदाई कर लैब टेस्टेड मिट्टी मोरंग का जहां उपयोग करना है, वहां पत्थर का धूल का उपयोग किया जा रहा है।साथ ही सरकार के नियमावली के अनुसार कोई भी कंपनी जहां काम करने जाएगी, स्थानीय लोगों को 70% काम का प्राथमिकता देना है। लेकिन फोरलेन के काम कर रही शिवालय कंस्ट्रक्शन कंपनी जिसका यूनिट सुल्तानी में लगाया गया है 1% भी स्थानीय लोगों को नहीं रखा है। जिसे लेकर के उपायुक्त महोदय एवं एनएचआई के पदाधिकारियों से जांच करने का मांग हम लोगों ने मीडिया के माध्यम से किया है।इस दौरान मनोज मेहता, गोपाल प्रसाद, विनोद पासवान, दिनेश पासवान, शंभू यादव, संतोष मेहता, सुनील कुमार, अरुण चंद्र, अजीत कुमार, विजय प्रजापति, महेंद्र यादव,उमेश कुमार, शैलेंद्र भुईयां आदी उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सीआइएसएफ ने पकड़ा चोरी का लोहा लदा मालवाहक, झरिया पुलिस को सौंपा



भगतडीह (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल बस्ताकोला क्षेत्र के राजापुर कोलियरी से चोरी का एक टन लोहा लदे एक मालवाहक ऑटो को बस्ताकोला सीआइएसएफ ने शुक्रवार को झरिया-धनबाद मुख्य मार्ग स्थित भगतडीह के पास पकड़ लिया। जबकि एक अन्य मालवाहक टेंपो को चालक लेकर फरार हो गया। सूचना पाकर झरिया पुलिस मौके पर पहुंच लोहा लदे मालवाहक को थाना ले गई। सूचना के अनुसार लोहा तस्करों द्वारा राजापुर कोलियरी के वर्कशॉप से लोहा चोरी कर बस्ताकोला सात नंबर के पास जमा किया गया था। इसके बाद दिनहाड़े दो मालवाहक टेंपो पर लोहा लोड कर झरिया धनबाद मुख्य मार्ग में से होते हुए जाने लगा। इसी बीच किसी ने राजापुर प्रबंधन को इसकी सूचना दे दी। खबर पाते ही प्रबंधन ने सीआइएसएफ को सूचना दी। जिसके बाद सीआइंएसएफ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मालवाहक टेंपो को खदेड़कर भगतडीह के पास पकड़ लिया। जबकि दूसरा टेंपो फरार हो गया। बताते चलें कि राजापुर वर्कशॉप से लोहा चोरी रूकने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को भी भगतडीह के पास स्थानीय कुछ युवकों ने चोरी का लोहा लदे एक मालवाहक को पकड़ लिया था।इसके तुरंत बाद ही वहां बस्ताकोला के कई लोहा चोर पहुंच गए। सभी लोहा चोर युवकों से उलझ गए। लोहा चोरों को उग्र होता देख स्थानीय युवक चुप्पी साध लिए। इसके बाद तस्कर डंके की चोट पर लोहा लदे टेंपो लेकर झरिया की ओर चले गए। बताया जाता है कि चोरी का लोहा बनियाहीर के एक अवैध गोदाम में खपा दिया जाता है।

### मुराईडीह कॉलोनी में बंद आवास से लाखों का सामान चोरी, जांच में जुटी बरोरा पुलिस



कतरास (आजाद सिपाही)। बरोरा थाना क्षेत्र के मुराईडीह कॉलोनी निवासी बाबू लाल महतो के बंद आवास का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये के सामानों की चोरी कर ली। मुराईडीह कॉलोनी निवासी बाबू लाल महतो अपने पूरे परिवार के साथ करमा पर्व मनाने अपने पैतृक गांव तोपचांची के रामाकुंडा गये थे। इसी बीच मौके का फायदा उठाकर चोरों ने लाखों की संपति पर हाथ साफ कर लिया। भुक्तभोगी बाबूलाल ने बरोरा पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। बाबू लाल ने बताया की शुक्रवार को पड़ोसी ने फोन कर बताया कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है। सूचना पाकर जब अपने आवास पर पहुंचा तो देखा की दोनों गेट का ताला टूटा हुआ है और अलमारी भी खुला हुआ है। घर के सभी सामान इधर-उधर बिखरे पड़े है। वहीं, अलमारी में रखे हुए सोने-चांदी के आभूषण तीन सेट झुमका, सोने की दो जोड़ी कान की बाली, सोने का एक पिस चैन, एक मंगलसूत्र, करीब 500 ग्राम की चांदी की हंसली, एक जोड़ा चांदी का बाजू बंद, सोने का एक जोड़ा कंगन, एक पिस सोने का अंगूठी, तीन मोबाइल फोन और नगद पांच हजार रुपए गायब है। उधर, चोरी की घटना की सूचना मिलने पर बरोरा पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच व पूचताछ की। साथ ही आश्वस्त किया कि जल्दी ही मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा । पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### चिन्मय विद्यालय के छह शिक्षकों को मिला बेस्ट जोनल टीचर का अवॉर्ड



बोकारो (आजाद सिपाही)। चिन्मय विद्यालय के छह टीचर्स को साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन की ओर से बेस्ट जोनल टीचर अवार्ड 2021- 2022 से सम्मानित किया गया। शुक्रवार को प्रार्थना सभा में प्रार्थना के बाद विद्यालय सचिव महेश त्रिपाठी, प्राचार्य सूरज शर्मा ने सभी शिक्षकों को सम्मानित किया । संजीव मिश्रा, सोनाली गुप्ता, विकास परिधारिया, प्रणीता अंबष्टा, नेहा सिन्हा, दीप्ति पारिख को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट पहल करने एवं उनके विजन, नेतृत्व की क्षमता के लिए ट्रॉफी, प्रोत्साहन राशि, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक लगातार अपने विद्यार्थियों को उसकी प्रतिभा एवं क्षमता के अनुसार मार्गदर्शन करते है और उनकी योग्यता को निखारते है। ताकि वे भविष्य में अपने जीवन में कामयाबी की नई कहानी लिख सके। उन्होंने आशा व्यक्त की आने वाले समय में भी हमारे अनुभवी शिक्षक अपने जीवन का सबसे बड़ा वक़्त अपने बच्चों को देंगे, ताकि उनका भविष्य संवर सके।

## संयुक्त मोर्चा की सकारात्मक बैठक में हुआ फैसला, मजदूरों ने बांटी मिठाई

# सीकेडब्ल्यू साइडिंग के 246 ठेका मजदूरों के नियोजन पर सहमति, आंदोलन समाप्त

**बोर्रागढ़, गोलकडीह और कृषक व कोलड्रिंक में होगा समायोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



मजदूरों के साथ बैठक करते संयुक्त मोर्चा के नेतागण।

**झरिया/भगतडीह।** बीसीसीएल सीकेडब्ल्यू साइडिंग के 246 मजदूरों के नियोजन मामले को लेकर शुक्रवार को बस्ताकोला ऑफिसर्स क्लब में संयुक्त मोर्चा, बीसीसीएल प्रबंधन और संवेदक के साथ त्रिपक्षीय वार्ता हुई। जिसमें संयुक्त मोर्चा की ओर से जनता मजदूर संघ (जमसं) की संयुक्त महामंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह, बीसीकेयू के महामंत्री सह पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, वृंदा पासवान, राजेंद्र पासवान, शैलेंद्र सिंह, सुरेश गुप्ता, अभिषेक सिंह, जबकि प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक सौमेन चटर्जी, अपर महाप्रबंधक पीके सिन्हा, नागेंद्र यादव व संवेदक पक्ष से कुंभनाथ सिंह उपस्थित थे। इस दौरान विस्तृत चर्चा के बाद सभी ठेका श्रमिकों को समायोजित करने पर सहमति बनी। 246 ठेका श्रमिकों में से 62 ठेका मजदूरों को बोर्रागढ़ साइडिंग में पदस्थापित किया जाएगा। जबकि 40 से 50 ठेका श्रमिकों को कृषक एवं कोल्ड ड्रिंक में पद स्थापित किया जाएगा। बाकी बचे श्रमिकों को गोलकडीह छह नंबर साइडिंग में पदस्थापित किए जाने पर सहमति बनी। इसके बाद बोर्रागढ़ साइडिंग में आवश्यक कार्य पदस्थापना के लिए संवेदक एवं श्रम प्रतिनिधियों की आपस में चर्चा कर तय किया जाएगा। वार्ता में सभी को 10 सितंबर से काम पर जाने की सहमति बनी। इसके बाद रागिनी सिंह सीकेडब्ल्यू साइडिंग स्थित कुइयां लोडिंग पॉइंट पहुंचीं जहां मजदूरों ने उनका व अरूप चटर्जी का स्वागत किया। इस मौके पर संयुक्त मोर्चा के वक्ताओं ने मजदूरों की जीत पर बधाई देते हुए बैठक में लिए गए फैसले पर सहमति जताते हुए 246 मजदूरों के रोजगार की समस्या को समाप्त होने की बात कही। लगे हाथ आंदोलन को भी स्थगित करने की घोषणा की गई। वहीं रागिनी सिंह ने मजदूरों में मिठाई बांट कर खुशी का इजहार किया। महिला मजदूर सदस्यों ने रागिनी सिंह को भी मिठाई खिलाकर उनके इस सकारात्मक कार्य के लिए आभार प्रकट किया।

### पुलिसकर्मी ने अपने ही साथी पर लगाया खुद को मुंशी बता अवैध वसूली करने का आरोप, एसपी से कार्रवाई की मांग



बोकारो (आजाद सिपाही)। बोकारो सेक्टर-4 स्थित थाने से मंजय कुमार सिंह ने अपने ही टीम में काम कर रहे साथी श्रीभगवान चौधरी पर आरोप लगाते हुए एसपी (पुलिस अधीक्षक) को पत्र लिखा है। मंजय सिंह का आरोप है कि श्रीभगवान चौधरी करीब छह वर्षों से सेक्टर 04 थाना में कार्यरत हैं। वो खुद को मुंशी बता कर लोगों से अवैध वसुली करते हैं। उन्होंने लिखा कि गत दिनों उन्होंने थाना के पीछे झोपड़ी में किसी लड़की के साथ भी छेड़खानी जैसे कृत्य किए थे। लड़की के आवेदन के उपरांत मीडिया कर्मी थाने पहुंच गई थी । पर थाने में इस बात को दबा दिया गया था। यही नहीं, पुलिस के जवान और ऑफिसर के साथ बदसलूकी करते हैं। होली पर भी एक जवान एवं भगवान चौधरी झड़प हो गई थी जिसे शांत कराया गया। मंजय कुमार सिंह का कहना है कि अगर इसी तरह चलता रहा तो क्षेत्र में कोई बड़ी घटना भी हो सकती है। इसलिए उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर भगवान चौधरी को स्थानांतरित करने की मांग की है ।

### कार्य बहिष्कार कर कर्मियों ने किया प्रदर्शन

बोकारो (आजाद सिपाही)। कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग का राज्यस्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल पिछले छह दिनों से जारी है। आत्मा कर्मचारी काला बिल्ला लगाकर हड़ताल में शामिल हुए। विरोध प्रदर्शनसभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बबलू सिंह ने किया। कहा कि अपनी मांगों को लेकर संयुक्त जिला कृषि कार्यालय प्रांगण में काला बिल्ला लगाकर प्रदर्शन कर रहे हैं। कलमबंद हड़ताल करते हुए कर्मचारियों ने कार्य का बहिष्कार किया है। उन्होंने कहा कि मांग पूर्ति होने तक झारखंड के सभी आत्मा कर्मी हड़ताल पर रहेंगे।


## कार्यालय जिला अभियंता जिला परिषद, गुमला

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या 15/2022–23

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :–दिनांक 15/09/2022 से 16/09/2022(अपराहन 3.00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 19/09/2022. को (अपराहन 3.00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 19/09/2022 को अपराहन 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. कार्यालय जिला परिषद, गुमला। 2. सहायक अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, गुमला।
7. कार्य का विस्तृत विवरणी मदवार :– SCA/IAP/ACA मद

**कार्य की विवरणी**

| Group No | मद | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | SCA | Construction of Boundary Wall at-Indoor Stadium Campus, Gumla Block- Gumla District - Gumla | गुमला | 1919000.00 | 5000.00 | 38500.00 | 3 माह |
| 2 | IAP/ACA | Construction of Water Supply Platform 5000 liter P.V.C. Water Storage Tank and Corrugated G.S.Sheet Shed at- District Confidential offices Campus, Gumla, & Construction Of PCC Road (Part-II) at- District Confidential offices Campus, Gumla | गुमला | 1962400.00 | 50000.00 | 39500.00 | 3 माह |

1 भवन निर्माण विभाग झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेंगे।
2 निविदा की अन्य शर्तें कार्यालय जिला परिषद ,गुमला के सूचना पट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।
3 परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ **बैंक ड्राफ्ट** के रूप में **सचिव, जिला परिषद, गुमला** के पदनाम से होगा एवं अदायगी पर (जो लौटाया नहीं जायेगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। **बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से बैंक ड्राफ्ट ही बना हुआ ही मान्य होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैधता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।**
4. प्राक्कलन की राशि घट या बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि घट या बढ़ सकती है।
5. निविदा मे 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर प्राक्कलित राशि का अतिरिक्त अग्रधन राशि का डाकघर पासबुक या बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। जो निम्न है
(1) 10 से 20 प्रतिशत कम दर तक की राशि का 20% तथा
(2) 20 प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का देय होगा।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, गुमला।

PR 277372 (Rural Development) 22-23 (D)


## गुंजन ज्वेलर्स डकैती कांड में शामिल आसिफ के साथ सीसीटीवी में दिखा झरिया का शातिर, शुरू हुई तलाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनसार के गुंजन ज्वेल्स में डकैती की घटना का तार धनबाद के झरिया से जुड़ गया है। पुलिस इस कांड में लोकल लिंक की तलाश कर रही है। घटना के सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध का चेहरा पुलिस को दिखा है। उसकी पहचान झरिया निवासी के रूप में हुई है। पुलिस को शक है कि घटना में झरिया के उसी युवक ने शातिर अपराधियों को मौके पर बुलाने और भगाने में मदद की थी। घटना के दिन सीसीटीवी फुटेज में वह शातिर दुकान के बाहर मंडराते दिख रहा है। पिछले दो दिनों से पुलिस उसे ढूंढ़ रही है, पर वह हाथ नहीं लगा है। घटना के दिन उस शातिर के मोबाइल टावर लोकेशन से भी पुलिस को कई महत्वपूर्ण संकेत मिले हैं। इसी आधार पर पुलिस उसे ढूंढ़ रही है। पुलिस को शक है कि डकैती करने वाले अपराधी उसी शख्स की मदद से घटना को अंजाम देते है। झरिया का होने से उसे लोकल चीजों की जानकारी बेहतर है इसी कारण उसका इस्तेमाल हो रहा है। जिस वक्त गुंजन ज्वेल्स में घटना घटी थी। उस वक्त आसिफ व राघव तो थे ही। उनके साथ उन्हीं के जैसा दखिने वाला शख्स दुकान के बाहर घूमते हुए देखा गया था। कई बार वह दुकान से अलग-बगल फुटेज में दिखा है। घटना के वक्त थोड़ी देर के लिए दुकान की बिजली भी कट गई थी। तमाम पहलुओं पर पुलिस ने अनुसंधान शुरू की है। ऐसे तो गुंजन ज्वेल्स डकैती कांड में रम्मी सिंह, शंकर उर्फ रमेश ठाकुर, आसिफ राघव उर्फ राहुल की पहचान हो चुकी है। जबकि तीन अन्य अपराधियों की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

### महुदा में हुआ पहला इलेक्ट्रिक स्कूटी वाहन शोरूम का उद्घाटन



महुदा (आजाद सिपाही)। महुदा क्षेत्र के पुराने बीओआइ एटीएम के नजदीक शुक्रवार को शासी मोटर्स ई-बाइक का शोरूम खुला, जिसका उद्घाटन पदुगोड़ा पंचायत के मुखिया के बड़े भाई गोपाल पटवारी ने किया। महुदा वासियों के लिये यह एक सौगात है। वहीं, कंपनी के मालिक गौरव सहरिया ने बताया कि इलेक्ट्रिक वाहन पर्यावरण के लिए बेहतर विकल्प है।

### युवक ने दुकानदार को मारा चाकू

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** सरायढेला थाना क्षेत्र के कुसुम विहार पीपला बेड़ा के समीप शुक्रवार की सुबह दुकानदार अशोक मंडल को एक युवक ने चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को धनबाद के एसएनएमएमसीएच ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए बंगाल के दुगार्पुर के मिशन अस्पताल रेफर कर दिया। उधर, स्थानीय लोगों ने बताया कि कुसुम विहार का निवासी साधु धीवर सुबह 9.30 बजे दुकान में पहुंचा और किसी बात को लेकर दुकानदार अशोक मंडल से उलझ गया। विवाद बढ़ने पर उसने दुकान में घुसकर अशोक मंडल के पेट में चाकू से दनादन तीन वार कर फरार हो गया। घायल अशोक मंडल के पुत्र विश्वजीत मंडल ने सरायढेला थाने में लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया कि भागीरथ धीवर के बेटे साधु धीवर ने दुकान में घुसकर गल्ले से रुपए लूट लिए और पिता से गली-गलौज कर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस आरोपी युवक की तलाश में जुट गई है. फिलहाल वह फरार है।


## कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़

### खुला डाक द्वारा बन्दोबस्ती सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि विभागीय परिपत्र संख्या 114, दिनांक 18.01.1992 के आलोक में माण्डू, चितरपुर एवं गोला अंचल अवस्थित निम्नांकित सूची के राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती दिनांक 16.09.2022 एवं 24.09.2022 को जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ में 11:00 बजे पूर्वाहन में की जाएगी।

1. अल्पकालीन बन्दोवस्ती तीन वर्षों तक के लिए 2022 – 23 से 2024–25 तक के लिए होगी।
2. निर्धारित वार्शिक सुरक्षित जमा राशि से कम राशि पर बन्दोवस्ती नहीं की जाएगी।
3. डाक में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति को जमानत राशि के रूप में वार्शिक सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत राशि जमा करना होगा।
4. उच्चतम डाक वक्ता की जमानत राशि को राजस्व राशि में समायोजित की जाएगी तथा अन्य डाक वक्ता की जमानत राशि वापस कर दी जाएगी।
5. डाक की राशि जमा नहीं करने पर जमानत की राशि जब्त कर ली जाएगी।
6. उच्चतम डाक वक्ता को विभाग से मत्स्य बीज लेना अनिवार्य है।
7. बन्दोबस्तदार को राजस्व राशि जमा करने के एक माह के अंदर एकरारनामा करना होगा। एकरारनामा के समय एक पासपोर्ट आकार का फोटो जमा करना होगा। सम्पादित एकरारनामा का निबंधन बन्दोवस्तदार को स्वयं के खर्च पर करना होगा।
8. एकरारनामा नहीं करने की स्थिति में बन्दोवस्ती की स्वीकृति नहीं दी जाएगी तथा पुनः बन्दोबस्ती करने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।
9. किसी भी डाक / बन्दोबस्ती को रद्द करने या स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित है।
10. डाक वक्ता को पहचान के रूप में आवश्यक कागजात प्रस्तुत करना होगा।
11. उक्त तिथि तक अगर समिति बन्दोवस्ती लेने के लिए तैयार हो जाती है, तो बन्दोबस्ती समिति के साथ की जायेगी।
12. जलकरों की सूची –

**वर्ष 2022–23 में बन्दोबस्ती हेतु जलकरों की सूची।**

अंचलः– माण्डू — अल्पकालीन बन्दोवस्ती अवधि 2022–23 से 2024–25तक।

| क्र0 सं0 | जलकर का नाम | ग्राम | खाता नं0 | प्लोट नं0 | जलक्षेत्र (एकड़) में | सुरक्षित राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सुगिया आहर | सुगिया | | 522 | 1.75 | 1920 | |
| 2 | तोयरा टैंक तोयरा | तोयरा | | 408 | 1.25 | 1680 | |
| 3 | करमा तालाब – 03 | करमा | | 2248 | 2.25 | 1760 | |
| 4 | कुन्दरी आहार | कुजू | 02 | 1798,1799 | 1.84 | 1190 | |
| 5 | टुटकी नया आहार | टुटकी | 123 | 1181 | 0.41 | 525 | |
| 6 | सिरका आहर – 02 | सिरका | 113 | 194 | 0.60 | 1050 | |
| 7 | सिरका नया आहार | सिरका | 113 | 310 | 0.12 | 1015 | |
| 8 | बेंगाहारा | बोंगाहारा | 45 | 1248 | 1.50 | 2450 | |
| 9 | अदलू आहर – 01 | अदलू | | 281 | 0.39 | 840 | |
| 10 | करमा आहार – 02 | करमा | 392 | 1929 | 2.50 | 1260 | |
| 11 | अदलू आहार – 02 | अदलू | | 80 | 0.62 | 1085 | |

अंचलः– चितरपुर

| क्र0 सं0 | जलकर का नाम | ग्राम | खाता नं0 | प्लोट नं0 | जलक्षेत्र (एकड़) में | सुरक्षित राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | पंडा पोखर | चितरपुर,लारी कला | 227 | 830, 831 | 0.80 | 3600 | |

अंचलः– गोला

| क्र0 सं0 | जलकर का नाम | ग्राम | खाता नं0 | प्लोट नं0 | जलक्षेत्र (एकड़) में | सुरक्षित राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हेसापोड़ा आहार | हेसापोड़ा | 95 | 375 | 0.72 | 1260 | |
| 2 | खोखा आहर | खोखा | 35 | 773 | 1.00 | 490 | |
| 3 | जुलबी बाँध | बन्दा | 09 | 487 | 1.10 | 1280 | |
| 4 | टोनागातु | टोनागातु | 37 | 356,357,358 | 1.40 | 1280 | |

विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्यावधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
रामगढ़

PR 277348 Fish(22-23)#D


### नियोजन की मांग को लेकर ठेका मजदूरों ने मैथन में दिया धरना

धनबाद (आजाद सिपाही)। नियोजन की मांग को लेकर मैथन ठेका मजदूरों ने शुक्रवार की सुबह डीवीसी की जलापूर्ति केंद्र के समक्ष प्रदर्शन कर चार घंटे तक धरना दिया। जिससे आवासीय परिसर में सुबह जलापूर्ति नहीं हो सका। आम लोगों को परेशानी भी हुई। बाद में डीवीसी के अधिकारियों के प्रयास से दोपहर बाद पानी सप्लाई शुरू हुआ। कर्मियों ने कहा कि 2007 से डीवीसी के जलापूर्ति केंद्र में दो दर्जन ठेका मजदूर के रूप में वे कार्यरत हैं। नये ठेकेदार के आने के बाद उन्हें काम पर नहीं रखा जा रहा है। जिसके कारण उनके सामने रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। मांग की कि पहले की तरह उन्हें कार्य पर रखा जाए जबकि नये ठेकेदार का कहना है कि उनके पास पहले से ही मजदूर हैं। इसलिए उन्हें अन्य लोगों को रखने में कठिनाई हो रही है। डीवीसी अधिकारी उमेर अली ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता आवासीय कॉलोनी में जलापूर्ति बहाल करना है।

## निजी क्षेत्र में स्थानीय को 75 फीसदी आरक्षण देने के नियम को दिखाया जा रहा ठेंगा

# नियमों की अनदेखी कर लोगों के अधिकारों का हो रहा हनन :सचिन

आजाद सिपाही संवाददाता



डीसी को ज्ञापन सौंपते आजसू के जिलाध्यक्ष सचिन महतो व अन्य।

**बोकारो।** झारखंड के निजी क्षेत्रों में स्थानीय युवाओं के लिए 75 फीसदी आरक्षण का प्रावधान 29 जुलाई से ही लागू है। श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन नियमावली 2022 की गजट अधिसूचना जारी कर दी गयी है। बावजूद इशके बोकारो जिले के नियोक्ताओं ने अभी तक स्थानीय बेरोजगारों के प्रति कोई रूचि नहीं दिखाई है। यह सरकार की विफलता को दर्शाता है। उक्त बाते आजसू के जिलाध्यक्ष सचिन महतो ने शुक्रवार को बोकारो डीसी कार्यालय में एक दिवसीय धरना के दौरान अपने संबोधन में कही। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सचिन महतो एवं संचालन प्रधान सचिव तपन सिंह चौधरी ने की। सचिन ने कहा कि हर नियोक्ता नियमावली लागू होने के 30 दिनों के अंदर निबंधन कराना होगा। फिर तीन माह के भीतर निर्धारित पोर्टल पर 40 हजार रुपये या इससे अधिक वेतन या मजदूरी प्राप्त करनेवाले कर्मियों का अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराना होगा। पूर्व के अधिनियम की अधिसूचना के अनुसार, 40 हजार या इससे अधिक के मासिक वेतन पर होनेवाली नियुक्ति में 75 फीसदी स्थानीय उम्मीदवारों को नियोजन का प्रावधान है। लेकिन पूरे जिले के किसी भी निजी क्षेत्र में झारखंड सरकार का गजट का अनुपालन नहीं के बराबर किया है। इससे सरकार की मंशा साफ जाहिर होती है कि स्थानीय के प्रति सरकार कितनी गंभीर है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार को स्थानीयों के प्रति कोई सरोकार नहीं है। इसी परिप्रेक्ष्य में विगत दिनों आजसू पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल बोकारो डीसी एवं श्रम अधीक्षक से मिलकर ज्ञापन सौंपा था। हमारी मांगों पर विचार नहीं हुआ तो आंदोलन के लिए बाध्य होगें। इस मौके पर केंद्रीय सचिव अश्विनी महतो, नवीन महतो, अशोक महतो, प्रकाश शर्मा, बुच्चू सिंह आदि मौजूद थे।

## भारत जोड़ो यात्रा में राहुल की टीशर्ट की चर्चा

# भाजपा बोली- भारत देखो, 41 हजार की टीशर्ट कांग्रेस का जवाब- 10 लाख के सूट पर बात करो

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में शुक्रवार को राहुल गांधी तामिलनाडु में हैं। वहां उनके कार्यक्रम से ज्यादा उनकी टीशर्ट चर्चा में है। राहुल गांधी ने बरबेरी कंपनी की सफेद रंग की टीशर्ट पहनी है। भाजपा ने उनकी फोटो ट्वीट करके लिखा- भारत देखो 41 हजार की टीशर्ट। भाजपा ने अपने ट्वीट में कंपनी की ऑनलाइन सेल का प्राइस टैग भी दिखाया है।

भाजपा के ट्वीट के जवाब में कांग्रेस ने लिखा- अरे... घबरा गए क्या? भारत जोड़ो यात्रा में उमड़े जनसैलाब को देखकर। मुद्दे की बात करो... बेरोजगारी और महंगाई पर बोलो। बाकी कपड़ों पर चर्चा करनी है तो मोदी जी के 10 लाख के सूट और 1.5 लाख के चश्मे तक बात जाएगी। बताओ करनी है?




**हम देश के लोगों को जोड़ने के लिए निकले हैं:** राहुल ने कहा- भारत जोड़ो यात्रा कांग्रेस पार्टी निकाल रही है और मैं पार्टी का मेंबर हूं। उन्होंने कहा- यात्रा का मकसद साफ है, हम देश के लोगों को जोड़ने के लिए निकले हैं। राहुल ने कहा- भारत जोड़ो यात्रा से मुझे इस देश और अपने बारे में समझ आ जायेगी। मैं 2-3 महीने में समझदार हो जाऊंगा।

**बघेल ने किया पलटवार :** छत्तीसगढ़ सीएम भूपेश बघेल ने ट्वीट कर कहा कि ऐसे तो तरस आता है... कन्याकुमारी-कश्मीर, अब तक की सबसे बड़ी भारत जोड़ो यात्रा का जवाब, केंद्र की सत्ताधारी पार्टी के पास एक 'टी-शर्ट' ही है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में जब एक दल देश को एकजुट कर रहा है, तो बांटने वाला दल टी-शर्ट और खाकी निक्कर में लटका है। डर अच्छा लगा।

### कांग्रेस अध्यक्ष बनने के प्रस्ताव पर राहुल बोले : मैंने फैसला कर लिया है

कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को बड़ा बयान दिया। उन्होंने पार्टी की अध्यक्षता स्वीकार करने को लेकर किए गए सवाल पर पहली बार अपना पक्ष रखा। राहुल ने कहा कि उन्होंने फैसला कर लिया है कि उन्हें कांग्रेस अध्यक्ष बनना है या नहीं और वे अपना जवाब चुनाव के दौरान ही देंगे। राहुल ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि मैंने अपना मन बना लिया है और मैं काफी स्पष्ट हूं। मैं अध्यक्ष बनूंगा या नहीं यह उस दिन सामने आ जायेगा, जब पार्टी के चुनाव होंगे। कृपया उस दिन तक इंतजार करें।

# राज्यपाल गणेशी लाल ने जिंदगी फाउंडेशन के सफल छात्रों से मुलाकात की, उनकी उपलब्धि की सराहना की

## नीट में दिहाड़ी मजदूरों, भूमिहीन किसानों, गरीब बुनकरों और होटल वेटरों के बच्चे भी मेरिट लिस्ट में जगह बनाते हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के राज्यपाल गणेशी लाल ने जिंदगी फाउंडेशन के सफल छात्रों से मुलाकात की, जिन्होंने एनइइटी 2022 में जबरदस्त सफलता हासिल की है। अत्यधिक गरीब परिवारों से आने वाले इन छात्रों ने सफलता हासिल करने के लिए कई वित्तीय और सामाजिक बाधाओं को पार किया।

छात्रों से मिलने पर राज्यपाल ने प्रसन्नता और उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने छात्रों से अपने तरीके से सोचने और सफलता की अनूठी राह पर चलने का आग्रह किया। उन्होंने छात्रों की कठिनाई को जानते हुए कहा कि पैसे के अभाव में कोई भी छात्र पढ़ाई में पीछे न रहे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि जब भी किसी मदद की जरूरत होगी, वह इन मेधावी छात्रों को परेशानी मुक्त शिक्षा सुनिश्चित करने की पूरी कोशिश करेंगे। जिंदगी फाउंडेशन के संस्थापक



अजय बहादुर सिंह के साथ बातचीत करते हुए राज्यपाल ने 5 साल की यात्रा की सराहना की, जिसने 90 बेहद गरीब छात्रों को एनइइटी के लिए अर्हता प्राप्त करने में मदद की है। जिंदगी फाउंडेशन की कल्पना शिक्षाविद् अजय बहादुर सिंह ने की थी, जिन्हें छात्रों के बीच अजय सर के नाम से जाना जाता है। अजय खुद डॉक्टर बनना चाहता था और मेडिकल एंट्रेंस की तैयारी कर रहा था, लेकिन पिता की बीमारी के कारण अजय को पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ी और वह अपने पिता के इलाज के लिए चाय और शरबत बेचकर पैसे कमाने लगा। अपनी मेहनत और लगन से जब अजय सर एक शिक्षाविद् के रूप में जीवन में सफल हुए तो उन्होंने मेधावी और गरीब बच्चों को अपने जैसा डॉक्टर बनाने का संकल्प लिया और जिंदगी फाउंडेशन की स्थापना की।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में स्थानीय समुदाय के लोगों को सशक्त बना रहा है वेदांता एल्युमीनियम

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** झारसुगुडा भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम उत्पाद निर्माता कंपनी वेदांता एल्युमीनियम है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने के लिए अपने साक्षरता प्रयासों को जारी रखा है। इस उद्देश्य के लिए कंपनी पिछले दो वर्षों में कोविड महामारी के कारण पढ़ाई व्यवधान को दूर करने के लिए प्री-स्कूल शिक्षा से शुरू होने वाले ई-लर्निंग कार्यक्रमों जैसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

इस कार्यक्रम ने झारसुगुडा जिले में औसत साक्षरता स्तर को 70.55% (2001) से बढ़ा कर 78.86% (2011) करने में एक प्रमुख भूमिका निभायी है, जिससे लगभग 6400 बच्चे लाभान्वित हुए हैं।



शिक्षण की इस महान पद्धति को अपनाकर वेदांत एल्युमिनियम ने जिला शिक्षा अधिकारी पुष्पा मिंज और अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रदिप्त सा वेदांत को इस क्षेत्र में साक्षरता और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए झारसुगुडा सरकारी स्कूल के शिक्षकों के उल्लेखनीय योगदान के लिए बधाई दी। इस क्षेत्र में साक्षरता और शिक्षा में सुधार के लिए कंपनी के प्रयासों पर टिप्पणी करते हुए सुनील गुप्ता सीइओ वेदांत ली झारसुगुडा ने कहा कि हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के लिए प्रतिबद्ध हैं, क्योंकि हमारा मानना है कि यह एक मौलिक अधिकार है हमारे समुदायों और विकास प्राथमिकता। झारसुगुडा क्षेत्र में शिक्षा का विस्तार हुआ है, जो इस बार मैट्रिक पास दर में परिलक्षित हुआ है। वी श्रीकांत सीइओ माइनिंग बिजनेस वेदांत लिमिटेड ने कहा कि हमारी विकास पहल जरूरतों के अनुरूप है। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर, हमारा स्थानीय समुदाय साक्षरता की खाई को पाटने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम समूह के सुधार के लिए अनुशंसा करते हैं।

# 'सम' में ओड़िशा के पहले रोगी पुनर्वसन केंद्र का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा की रिहैबिलिटेशन पहली इनपेशेंट रिहैबिलिटेशन यूनिट का उद्घाटन विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर यहां सम अल्टीमेट मेडिकेयर में किया गया। उन्नत इनपेशेंट रिहैबिलिटेशन यूनिट न्यूरोलॉजिकल और ऑर्थोपेडिक रिहैबिलिटेशन और पोस्ट-ऑपरेटिव और पैलिएटिव केयर की



आवश्यकता वाले रोगियों को उच्चतम गुणवत्ता देखभाल प्रदान करती है। यूनिट का उद्घाटन मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ श्वेतपद्मा दास ने किया। चिकित्सा सेवा के प्रमुख ब्रिगेडियर (डॉ) बिराज मोहन मिश्र इस अवसर पर उपस्थित थे।

समारोह में फिजियोथैरेपी विभागाध्यक्ष डॉ पी बालाकिशोर, फिजियोथैरेपी टीम, विभागाध्यक्ष व अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे। रिहैबिलिटेशन केंद्र को उन लोगों में आशा जगाने के लिए तैयार किया गया है जो गंभीर चोटों या बीमारियों से उबर चुके हैं और फिटनेस हासिल करने के लिए फिजियोथेरेपी और व्यक्तिगत देखभाल की जरूरत है।

# बहुभाषी लैब दूसरों के अनुकरण के लिए आदर्श बन गयी है 'किस'

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कलिंग सामाजिक विज्ञान संस्थान (किस) भुवनेश्वर ने अंतरराष्ट्रीय जूरी की सिफारिशों के आधार पर अपने उत्कृष्ट साक्षरता कार्यक्रम के लिए प्रतिष्ठित यूनेस्को किंग सेजोंग साक्षरता पुरस्कार 2022 जीता है। यूनेस्को किंग सेजोंग साक्षरता पुरस्कार कोरिया गणराज्य की सरकार द्वारा प्रायोजित है और मातृ भाषा आधारित साक्षरता विकास में योगदान को मान्यता देता है। किस को 'मातृभाषा आधारित बहुभाषी शिक्षा' कार्यक्रम की श्रेणी में यह पुरस्कार दिया गया है।

पुरस्कार में 20,000 अमेरिकी डॉलर, एक पदक और एक डिप्लोमा प्रदान किया गया , जैसा कि भुवनेश्वर में एक प्रेस गेट-टु गेदर में डॉ अच्युत सामंत संस्थापक किट और किस ने बताया कि यह पुरस्कार देश और राज्य के




गौरवान्वित किया है। डॉ सामंत ने कहा कि मैं शिक्षा, साक्षरता और स्वदेशी सशक्तिकरण के क्षेत्र में हमारे प्रयासों और सामाजिक नवाचारों को मान्यता देने के लिए यूनेस्को को धन्यवाद देता हूं। बचपन में, मैंने उचित शिक्षा प्राप्त करने के लिए संघर्ष किया और अब मैंने अपना पूरा जीवन लाखों लोगों को समग्र शिक्षा प्रदान करने के लिए लगा दिया क्योंकि मैंने महसूस किया है कि शिक्षा केवल एक बच्चे को जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए पूर्ण बना सकती है।

मनविज्ञानी किस के कुलपति प्रोफेसर दीपक कुमार बेहेरा ने कहा कि बहुभाषी प्रयोगशाला राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों में से एक थी, लेकिन इसे हमारे संस्थान में बहुत पहले लागू कर चुका है। सीखने की प्रक्रिया के दौरान भाषा गत चुनौतियों का प्रबंधन करने के लिए स्वदेशी बच्चों और उनके शिक्षकों की मदद करने के लिए हमने एक सचित्र शब्दकोश भी प्रकाशित किया है।

किस के सीइओ और रजिस्ट्रार डॉ प्रशांत कुमार राउतराय ने कहा कि किस हमेशा बहुभाषी लैब के माध्यम से घर की भाषा और स्कूल की भाषा के बीच तालमेल सुनिश्चित करता है और छात्र-केंद्रित पाठ्यक्रम रखता है और स्वदेशी बच्चे के लिए घरेलू माहौल का आराम देता है। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाने के लिए 8 और 9 सितंबर 2022 को कोटे डी आइवर में यूनेस्को द्वारा आयोजित एक वैश्विक पुरस्कार समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। हर साल, यूनेस्को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता पुरस्कार एक विशिष्ट विषय पर केंद्रित होते हैं। इस साल ट्रांसफॉर्मिंग लिटरेसी लर्निंग स्पेसेस पर स्पॉटलाइट था। किस भारत का पांचवां संस्थान है। यह अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने वाला ओडिशा का पहला संस्थान है। यह गैर-लाभकारी गैर सरकारी संगठनों में तीसरा और इस पुरस्कार से सम्मानित होने वाला पहला स्वदेशी आधारित संगठन भी है।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**